

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -71, पृष्ठ -14+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 7 अप्रैल 2024



**आज का मौसम** 37.0° अधिकतम तापमान | 20.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 53 सूर्यास्त 18 : 29

अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज... 2

# महिला को अर्धनग्न कर घुमाया, चार गिरफ्तार

तरन तारन, एजेंसी

- वायरल वीडियों पर पुलिस ने कहा- घटना 31 मार्च की शाम की
- पंजाब के तरन तारन की 55 वर्षीया महिला से हुई घटना

पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे अर्धनग्न करके घुमाया। पीड़िता के बेटे ने युवती से उसके परिजनों की इच्छा के खिलाफ शादी की थी। पुलिस ने मामले में महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी अश्वनी कपूर ने शनिवार को बताया कि वोल्टोहा गांव में महिला से मारपीट और उसे अर्धनग्न कर घुमाने के आरोप में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में वल्टोहा के जीवन नगर के कुलविंदर कौर, गुरचरण सिंह और शरणजीत सिंह उर्फ सनी और तरनतारन के गांव आबादी अमरकोट अमीरके के सनी है। यह घटना 31 मार्च की शाम को हुई थी। एक महीना पहले पीड़िता का पुत्र एक लड़की संग भाग गया था और शादी कर ली। उन्होंने कहा कि घटना का वीडियो, जिसमें महिला को परेड कराते देखा गया था, आरोपियों ने वायरल किया था।

## सिसोदिया को 18 तक जेल से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने शनिवार को ईडी के एक मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री को पिछले साल 26 फरवरी को सीबीआई ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत के जमानत से इनकार के खिलाफ समीक्षा याचिका भी रद कर दी थी। उनकी क्यूरेटिव याचिकाएं भी रद हो चुकी हैं।

**प्रधानमंत्री ने सहारनपुर की चुनावी रैली में विपक्ष पर जमकर साधा निशाना**

# कमीशन के लिए चुनाव लड़ रहा इंडिया गठबंधन : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वापंथी हावी
- भगवा वाहन पर सवार मोदी का गाजियाबाद में पहला रोड शो

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन कमीशन के लिए है जबकि एनडीए व मोदी सरकार मिशन के लिए है। शक्ति के अपमान को नवरात्र से जोड़ते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी हैं। आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले खत्म हो चुकी है। गाजियाबाद में भगवा वाहन से रोड-शो करके मतदाताओं को लुभाते मोदी दिखे।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को सहारनपुर की चुनावी रैली में भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल और कैराना से प्रदीप चौधरी के लिए जनता से वोट करने की अपील कर रहे थे। मोदी ने कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं मगर विरोधी सत्ता पाने के लिए तड़प रहे हैं। ये देश का पहला चुनाव है जहां विपक्ष जीत का दावा नहीं कर रहा। बल्कि विपक्ष सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ रहा है कि भाजपा की 370 से कम व एनडीए की 400 से कम सीटें की जा सकें। सपा को तो यहां हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं वहीं, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उम्मीदवार उतारने की हिम्मत नहीं हो रही।



गाजियाबाद में रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### योगी ने भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मांगा वोट

मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष की तमाम नाकामियां गिनाते हुए कहा कि हमें जाति-संप्रदाय, तुष्टिकरण या किसी वाद के आधार पर नहीं, बल्कि विकसित भारत की संकल्पना व भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट दें। जिससे हम सभी पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते हुए देख सकें। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, ब्रजेश सिंह, जसवंत सैनी, सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा, सांसद व कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार **लोक दर्पण**

इस बार के रविवारीय संस्करण में स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन।





सुल्ताना डाकू ने रामनगर और पीलीभीत के जंगलों में डाला था डेरा।

पढ़ें विशेष...

## एक नजर

### यौन उत्पीड़न में शिक्षक के निलंबन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दिल्ली सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक को निलंबित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। पिछले महीने 22 वर्षीय एमबीबीएस की छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था। निलंबन आदेश में सक्सेना ने कहा कि उन्होंने सहायक प्रोफेसर को निलंबित करने और उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार किया है। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न की घटना मेडिकल कॉलेज में हुई थी, इसलिए मेडिकल कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति की सिफारिश के अनुसार आरोपी का केवल स्थानांतरण, छात्रों को भयभीत करने वाले माहौल को कम नहीं करेगा।

### उप्र, बिहार में कई स्थानों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने भाकपा (माओवादी) के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश और बिहार में कई स्थान पर शनिवार को छापे मारे। एनआईए ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों की तलाशी ली। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिम व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित नक्सली संगठन के पर्चों जैसे दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने पिछले साल 10 नवंबर को बलिया में भाकपा (माओवादी) के हथियारों और गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज, साहित्य और किताबों की बरामदगी के बाद पांच लोगों की गिरफ्तारी से संबंधित मामले की जांच अपने हाथ में ली थी।

# बंगाल में एनआईए टीम पर हमला

## वर्ष 2022 विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करके ले जा रही थी जांच एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को हुए विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले जा रही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। जांच एजेंसी के प्रवक्ता के मुताबिक हमले में एक अधिकारी घायल और एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। लगभग 50 से 60 महिलाओं की भीड़ ने सुबह 6.20 बजे एनआईए अधिकारियों के वाहन पर हमला कर जमकर तोड़फोड़ की। स्थानीय पुलिस थाने में एनआईए ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है। शनिवार की इस घटना ने पांच जनवरी की घटना की याद दिला दी, जब उत्तरी 24 परगना के संदेशखालि में राशन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला हुआ था।

एनआईए के प्रवक्ता ने कहा, पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर विस्फोट मामले में बड़ी सफलता मिली। एनआईए ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भीड़ के कड़े प्रतिरोध के बीच दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। दिसंबर 2022 के विस्फोट में तीन लोगों की मौत हुई थी। दोनों आरोपी बलाई चरण मेइती और मनोब्रत जाना को पांच स्थानों की तलाशी के बाद पकड़ा गया। जाना के घर की तलाशी के दौरान लोगों ने एनआईए के काम में बाधा डालने की कोशिश की। भीड़ ने टीम को भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की। एनआईए ने स्थानीय पुलिस थाने में इसकी शिकायत की है।



- हमले में एक अधिकारी घायल, तोड़फोड़ में एनआईए टीम का एक वाहन क्षतिग्रस्त

### जाना और मेइती पर आतंक फैलाने की शाजिश का आरोप

एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि जाना और मेइती पर आतंक फैलाने के लिए देसी बम बनाने और विस्फोट की साजिश का आरोप है। भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को कच्चे मकान में हुए विस्फोट में राजकुमार मन्ना, बिस्वजीत और बुद्धदेब मन्ना घायल हुए थे और बाद में तीनों की मौत हो गई थी। राज्य पुलिस ने मारे गए तीनों लोगों के खिलाफ तीन दिसंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराएं नहीं लगाई थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दायर करके मामले की जांच एनआईए को सौंपने का अनुरोध किया गया था। एनआईए ने हाईकोर्ट के 21 मार्च 2023 के आदेश पर चार जून को जांच का जिम्मा लिया और फिर से मामला दर्ज किया। जांच के दौरान एनआईए ने कई अन्य आरोपियों की भूमिका को उजागर किया था, जिनमें नरूबिला गांव का मनोब्रत जाना और निनारुया अनलबेरिया का बलाई चरण मेइती शामिल है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोलकाता में एनआईए की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### हमले को गंभीरता से लिया जाए : राज्यपाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एनआईए पर हुए हमले पर कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जांच एजेंसियों को परेशान करने की कोशिश से किसी को फायदा नहीं होगा। यह बहुत गंभीर स्थिति है और मामले से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए।

### एनआईए ने ग्रामीणों पर हमला किया : ममता

**बालुरघाट।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर के ग्रामीणों ने एनआईए के अधिकारियों पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की प्रतिक्रिया को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया। एजेंसी के अधिकारी जांच के लिए तड़के ग्रामीणों के घरों में घुसे थे।

### चुनाव में माहौल खराब करने की थी तैयारी

**लखनऊ।** नेपाल से भारत में प्रवेश करते पकड़े गए तीनों आतंकी रामनवमी और लोकसभा चुनाव में माहौल खराब करने की तैयारी में थे। एटीएस और एनआईए उनसे पूछताछ कर रही हैं। एटीएस तीनों को नेपाल और कश्मीर ले जाएगी। पूछताछ में पता चला कि जम्मू-कश्मीर के अल्ताफ एवं उसके मामा गजनफर 10 वर्ष से पाकिस्तान में रह रहे थे। दोनों आईएसआई एजेंट सलीम की मदद से भारत आए थे। पाकिस्तान से ही दोनों आईएसआई और हिजबुल मुजाहिद्दीन के संपर्क में आए थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस से एटीएस ने इनका ब्योरा मांगा है। अल्ताफ ने अपने बचाव में कहा कि वह सलीम की मदद से घर वापसी कर रहे थे तभी पकड़े गए। एटीएस इनके पास से बरामद मोबाइल डाटा की जांच कर रही है। क्योंकि एटीएस को भनक है कि तीनों आतंकी किसी बड़ी घटना कराने की फिराक में थे।

# बच्चा तस्करी गैंग का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर सीबीआई ने की छापेमारी
- एजेंसी ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को किया बरामद

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से निःसंतान दंपतियों को बच्चे बेचने वाले सात लोगों को गिरफ्तार करके बाल तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और अभियान के दौरान दो शिशुओं को बचाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने शुक्रवार शाम को दिल्ली और हरियाणा में सात स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी के अधिकारियों ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को बरामद किया, जिन्हें गिरोह बेचने की योजना बना रहा था।

सीबीआई ने गिरोह के सात सदस्यों को पकड़ा, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में सोनीपत का नीरज और दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर का असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु शामिल हैं। गिरोह फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के जरिए बच्चे गोद लेने के इच्छुक निःसंतान दंपतियों से संपर्क करता था। सीबीआई प्रवक्ता ने अभियान के बारे में बताया कि गिरोह के लोग वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सरोगेट माताओं से भी बच्चे खरीदते थे और उसके बाद शिशुओं को चार से छह लाख रुपये प्रति बच्चे की कीमत पर बेचते थे।

ये आरोपी गोद लेने से संबंधित दस्तावेज में फर्जीवाड़ा करके कई निःसंतान दंपतियों से लाखों रुपये की ठगी करने में भी शामिल थे। तलाशी के दौरान, सीबीआई ने 5.5 लाख रुपये नकद और अन्य दस्तावेज जब्त किए। सीबीआई ने गिरफ्तार आरोपियों सहित 10 लोगों पर आईपीसी के प्रावधानों और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप है कि शिशु तस्करों का एक नेटवर्क गोद लेने के उद्देश्य के साथ-साथ अन्य अवैध उद्देश्यों के लिए भी भारत भर में शिशुओं की खरीद और बिक्री में शामिल है।

# हादसा : नहाते समय नदी में चार बच्चों सहित 5 डूबे, तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बाराबंकी के टिकैतनगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव की में हुई घटना
- दो लापता बच्चों की तलाश में जुटी एनडीआरएफ की टीम

**अमृत विचार :** टिकैतनगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव के पास सरयू नदी में शनिवार को नहाते समय चार बच्चे व एक युवक डूब गया। डूबने वालों में दो सगे भाई भी थे। युवक चारों बच्चों को बचाने के लिए नदी में कूदा था और डूब गया। पुलिस ने नदी से तीन शव बरामद कर लिए हैं। वहीं दो लापता बच्चों की तलाश में गोताखोर व एनडीआरएफ की टीम जुटी हुई है। जानकारी पर डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश सिंह भी मौके पर पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, चिर्रा गांव निवासी मोहम्मद शकील के दो पुत्र अहमद रजा (15) और अनफासुल रजा उर्फ हमजा (12) के साथ परिवार के महमूद आलम का पुत्र शाफ अहमद (12) और उसका मौसेरा भाई अयोध्या के रुदौली क्षेत्र के एथर गांव निवासी अयान (10) पुत्र अफसान शनिवार दोपहर गांव से कुछ दूर स्थित सरयू नदी में नहाने गए हुए थे। इस दौरान सभी बच्चे गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे। नदी से कुछ दूर नूर आलम (26) पुत्र अब्दुल हेई गेहूं की मड़ाई कर रहा था। डूबते बच्चों की चीख सुनकर नूर आलम बच्चों को बचाने के लिए नदी में कूद गया और वह भी नदी की धारा में समा गया। आस पास मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और एनडीआरएफ की टीम और गोताखोरों को रेस्क्यू में लगाया। करीब एक घंटे बाद शाफ अहमद और उसके मौसेरे भाई अयान का शव नदी से बरामद कर लिया गया। कुछ देर बार अनफासुल रजा उर्फ हमजा का भी शव नदी से निकाल लिया गया। गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम दो अन्य की तलाश में देर रात तक जुटी रहीं।

## आतिशी ने ईडी से भाजपा पर कार्रवाई की मांग की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने निर्वाचन आयोग का नोटिस मिलने के एक दिन बाद शनिवार को ईडी से कथित धनशोधन के लिए भाजपा के नेताओं पर कार्रवाई की मांग की। आप नेता ने संवाददाता सम्मेलन में निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। आतिशी ने दावा किया था कि भाजपा ने उसे पार्टी में शामिल होने अथवा एक माह के भीतर ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा है, इसके बाद आयोग ने आतिशी को नोटिस जारी किया। मंत्री ने कहा, महज शक के आधार पर ईडी ने आप नेता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ धन के लेन-देन का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा, ईडी ने भाजपा नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जहां एजेंसी धन के लेन-देन को साबित करने में सक्षम है।



**गगन शक्ति अभ्यास**



उन्नाव जिले में गगन शक्ति 2024 अभ्यास के दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर आपातकालीन लैंडिंग और टेक-ऑफ करता भारतीय वायु सेना का विमान।

# मुख्य अभियुक्त के साथी की तलाश में एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**पेपर लीक मामला**

- डा. शरद सिंह से 25 लाख रुपये के बदले हुई थी प्रश्नपत्र की डील

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल व अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाने के आरोपी डा. शरद सिंह की तलाश एसटीएफ ने शुरू कर दी है। शरद ने मोटी रकम देकर पेपर खरीदा था, अभ्यर्थियों को पढ़वाया था। इसी मामले में आरोपी अमित सिंह की गिरफ्तारी के बाद शरद का नाम सामने आया था।

एसटीएफ मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा, अमित सिंह के अलावा दो अन्य को कौशांबी से गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे पूछताछ में शरद का नाम सामने आया था। आरोपियों ने बताया था कि शरद से प्रश्नपत्र के बदले 25 लाख रुपये की डील हुई थी। शरद अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। वह कहां है? क्या कर रहा है? इसकी जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। एसटीएफ ने शरद की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी है। विभागीय अफसरों का कहना है कि शरद को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## तिहाड़ में पूछताछ की याचिका के विरोध में कोर्ट पहुंचीं कविता

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता ने शनिवार को अदालत में सीबीआई की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें कथित घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ करने की अनुमति मांगी गई थी।

राष्ट्रीय राजधानी की अदालत ने कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की सीबीआई को शुक्रवार को अनुमति दे दी थी। कविता को ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

**वृद्धावस्था पेंशन** | वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या व बरेली में वृद्धावस्था लाभार्थियों की संख्या सर्वाधिक

# लंबी हुई कतार, एक वर्ष में बढ़ गए नौ लाख पेंशनर्स

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**46,55,818** लाभार्थी थे वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अप्रैल से जून तक

**55,68,590** हो गई जनवरी से मार्च 2024 के अंतिम तिमाही में संख्या

"विभाग का प्रयास होता है कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अधिक से अधिक पात्रों को लाभ दिया गया है।
– **कुमार प्रशांत**, निदेशक, समाज कल्याण

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने वालों की संख्या में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एक वर्ष में वृद्धावस्था पेंशन लेने वालों की संख्या नौ लाख से अधिक बढ़ गई है। विभाग की ओर से योजना के तहत वृद्धों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन दी जाती है। इसकी धनराशि हर तिमाही लाभार्थी के बैंक खाते में जाती है। पेंशन के लिए न्यूनतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 और शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये प्रति वर्ष से अधिक आय नहीं होनी चाहिए।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जून तक तिमाही में पेंशन किस्त भेजने के समय प्रदेश में लाभार्थियों की संख्या 46,55,818 थी। यह जुलाई से सितंबर तक दूसरी तिमाही में बढ़कर 46,66,083 पहुंच गई। अक्टूबर से दिसंबर तक पेंशन लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 52,79,288 हो गई थी। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से मार्च में भुगतान किया गया तो पात्रों की संख्या 55,68,590 हो गई। पेंशन का लाभ लेने वालों की बुजुर्गों की संख्या प्रतिमाह औसतन 76,064 बढ़ी है।

**पेंशन लाभार्थियों की वृद्धि का आंकड़ा**

| जिला | जून 2023 | मार्च 2024 |
|---|---|---|
| आगरा | 50,649 | 63,477 |
| अलीगढ़ | 51,604 | 60,792 |
| अंबेडरकरनगर | 113,198 | 129793 |
| आजमगढ़ | 142459 | 172464 |
| अयोध्या | 77343 | 91030 |
| बहराइच | 92849 | 119916 |
| बलिया | 104278 | 125049 |
| बरेली | 67358 | 78469 |
| बस्ती | 94042 | 109073 |
| बाराबंकी | 91011 | 110880 |

| जिला | जून 2023 | मार्च 2024 |
|---|---|---|
| गोरखपुर | 128423 | 157073 |
| हरदोई | 102526 | 125678 |
| जौनपुर | 156827 | 177855 |
| कानपुर देहात | 66479 | 74613 |
| कानपुर नगर | 60803 | 78234 |
| रामपुर | 39336 | 46666 |
| शाहजहांपुर | 74,775 | 89390 |
| उन्नाव | 103034 | 120206 |
| लखनऊ | 55759 | 65931 |
| वाराणसी | 83603 | 102801 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |
| संजू सैमसन (आरआर) | 04 | 178 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

## सेलेक्टर होने पर शिवम को टी20 विश्वकप के लिए जरूर लेता

मुंबई, एजेंसी

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और टीवी कमेंटेटर इरफान पठान ने उभरते सितारे शिवम दुबे की वकालत करते हुये कहा कि अगर वह चयनकर्ता की भूमिका में होते तो वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिये न सिर्फ भारतीय टीम में उसका चयन करते बल्कि उनके प्रदर्शन पर भी पैनी निगाह बनाकर रखते।



स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव शो पर इरफान ने कहा " मैं निश्चित रूप से टी20 विश्वकप के लिये उसका चयन करूंगा। मैं चयनकर्ता होता, तो मैं उस पर कड़ी नजर रखता। मैं वास्तव में उसे टी20 विश्व कप टीम में लूंगा क्योंकि उनमें स्पिन खेलने की अद्भुत क्षमता है। सही मायनों में कहा जाये तो वह स्पिनरों की धज्जियां उड़ा रहा है। उसे क्रीज पर जाकर स्पिनरों के खिलाफ सेट होने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है।" उन्होंने कहा " हमने इसे इस आईपीएल और पिछले सीज़न में भी देखा है, हमने उन्हें गुणवत्ता वाले कलाई के स्पिनरों के खिलाफ, फिंगर स्पिनरों के खिलाफ देखा है। और जब आपके पास ऐसा बल्लेबाज है तो आप उसका फायदा क्यों नहीं उठाना चाहते।

## पूरी तरह फिट और शानदार फॉर्म में हैं ऋषभ पंत



- टी20 विश्व कप में चयन की संभावना पर बोले गांगुली
- रविवार को मुंबई इंडियंस से होगा दिल्ली का सामना

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत पूरी तरह से फिट हैं लेकिन वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में चयन के लिये खुद को तैयार करने में उन्हें कुछ और समय दिया जाना चाहिये। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आईपीएल के मौजूदा सत्र के जरिये वापसी की है। यह पूछने पर कि क्या पंत भारतीय टीम में चयन के लिये तैयार हैं, दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक गांगुली ने टीम के अभ्यास सत्र के बाद कहा,'' कुछ मैच हो जाने दीजिये। वह अच्छा खेल रहा है। विकेटकीपिंग, बल्लेबाजी सब कुछ अच्छा किया है ।'' उन्होंने कहा,'' उसका फॉर्म शानदार है। एक हफ्ता और बीत जाने दीजिये, फिर आपके सवाल का जवाब दे सकूंगा। यह भी देखना होगा कि चयनकर्ता उसे लेना चाहते हैं या नहीं। वह फिट है, पूरी तरह से फिट।''

# बटलर के जोश के आगे बेंगलुरु पस्त राजस्थान ने 6 विकेट से दी शिकस्त

## विराट कोहली का नाबाद शतक नहीं आया काम, आरसीबी की 5 मैचों में चौथी हार




विराट कोहली

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन (69) और जोस बटलर ( 100 नाबाद) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में दूसरे विकेट लिये 148 रन की तेज भागीदारी कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाने के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज कर दिया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 184 रन बनाये, जिसके जवाब में राजस्थान ने विजय लक्ष्य पांच गेंद शेष रहते चार विकेट पर 189 रन बनाकर हासिल कर लिया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम पर विराट कोहली (113 नाबाद) ने अपने आईपीएल करियर का सर्वाधिक स्कोर बनाया। लेकिन संजू सैमसन और जोस बटलर ने आरसीबी के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुये विजय लक्ष्य को बौना कर दिया। आरसीबी की तरह राजस्थान के भी तीन विकेट जल्दी जल्दी आउट हुये मगर बटलर और शिमरान हेटमायर (11 नाबाद) ने टीम को लगातार चौथी जीत दिलाकर ही सांस ली। बटलर ने अपना शतक और जीत के लक्ष्य को छक्के के साथ पूरा किया। इससे पहले विराट और फाफ डुप्लेसी (44) के साथ 125 रन की शतकीय भागीदारी की मदद से राजस्थान ने तीन विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की सलामी जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत की। दोनो बल्लेबाजों ने पहले 14 ओवर में 125 रन ठोक कर बड़े स्कोर का संकेत दे दिया था। डुप्लेसी केओवर की पहली गेंद पर फिरकी गेंदबाज यजुवेंद्र चहल का शिकार बने जिसके बाद आखिरी के छह ओवर के खेल में विराट ने अपनी रफ्तार बढायी और मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बौछार कर दी। उन्होने अपनी शतकीय परी में 72 गेंद खेल कर 12 चौके और चार ऊंचे छक्के लगाये। उन्होने पारी के आखिरी गेंद पर भी गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचा हालांकि डुप्लेसी के बाद दूसरे छोर पर उन्हे अपेक्षित मदद नहीं मिली वरना आरसीबी का स्कोर 200 के करीब पहुंच सकता था।




जोस बटलर

### मयंक के खिलाफ शॉट लगाओ या ओवर को निपटा लो : मिलर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से इस सत्र में बल्लेबाजों को इतना परेशान कर दिया है कि गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शनिवार को अपने साथी खिलाड़ियों को सुझाव दे डाला कि जब वे आईपीएल मैच में इस युवा गेंदबाज का सामना करें तो उन पर शॉट लगाएं या फिर सावधानी से खेलकर उनके ओवर निपटा दें। यादव की सटीक और दनदनाती गेंदों ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम मौजूदा सत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों से ज्यादा मजबूती दिलायी है और वह 2024 आईपीएल सत्र में सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक बन गये हैं। 21 वर्षीय यादव ने दो मैच में छह विकेट झटके हैं, जिसमें उनका औसत 6.83 का रहा है। मिलर चोट के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ नहीं खेल पाये थे।

**बेंगलुरु 183/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 113 | 72 | 12/4 |
| फाफ डु प्लेसी का बटलर बो चहल | 44 | 33 | 2/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो बर्गर | 01 | 03 | 0/0 |
| सौरव चौहान का जायसवाल बो चहल | 09 | 06 | 0/1 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 05 | 06 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 3-0-30-0, बर्गर 4-0-33-1, अश्विन 4-0-28-0, आवेश 4-0-46-0, चहल 4-0-34-2, पराग 1-0-10-0

**राजस्थान 189/4** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का मैक्सवेल बो टॉपली | 00 | 02 | 0/0 |
| जोस बटलर नाबाद | 100 | 58 | 9/4 |
| संजू सैमसन का दयाल बो सिराज | 69 | 42 | 8/2 |
| रियान पराग का कोहली बो दयाल | 04 | 04 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल का कार्तिक बो टॉपली | 02 | 03 | 0/0 |
| शिमरोन हेटमायेर नाबाद | 11 | 06 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** टॉपली 4-0-27-2, दयाल 4-0-37-1, सिराज 4-0-35-1, डागर 2-0-34-0, ग्रीन 1-0-27-0, शर्मा 2-0-29-0

## खेल डायरी

### स्टार गोल्फर भुल्लर ने चंडीगढ़ ओपन ट्राफी जीती

**चंडीगढ़।** भारत के स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शनिवार को अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर चंडीगढ़ ओपन खिताब जीत लिया और चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में जीत का सबसे कम कुल स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया। भुल्लर (67-67-65-68) का कुल स्कोर 21 अंडर 267 का रहा जो चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में खिताब जीतने वाला सबसे कम स्कोर है। 12 बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता भुल्लर का यह 25वां करियर खिताब और पीजीटीआई पर 13वीं ट्राफी है।

### टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कोबोली को हराया

**मोंटे कार्लो (फ्रांस)।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत से शुरुआत करते हुए शनिवार को क्वालीफायर में दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी इटली के फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में शिकस्त दी। गैर वरीय और 95वीं रैंकिंग पर काबिज भारतीय ने आठवीं वरीयता प्राप्त कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। नागल अब अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों फाकुंडो डियाज अकोस्टा और डिएगो श्वार्टजमैन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

### विदित ने नाकामुरा और गुकेश ने प्रगानानंदा को हराया

**टोरंटो।** विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के हिकारू नाकामुरा की सभी रणनीतियों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की जबकि आर प्रगानानंदा को हमवतन डी गुकेश से हार झेलनी पड़ी। पहले दौर में चार ड्रा के बाद शनिवार को दूसरे दौर की सभी चार बाजियों में नतीजे निकले। शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने अजरबैजान के निजात अबासोव को मात दी और रूस के इयान नेपोमनियाच्ची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की झोंग्यी टैन से हार मिली जबकि रूस की एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को पराजित किया। कोनेरू हम्पी ने रूस की कैटरीना लैग्नो से बाजी ड्रा करायी और नुरग्यूल सालिमोवा ने चीन की टिन्जी लेई से अंक बांटे।

### सेंथिल कुमार जर्मन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर

**नयी दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 59वें नंबर के खिलाड़ी और 2023 के एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल कुमार इस 50000 डॉलर इनामी पीएसए विश्व टूर प्रतियोगिता में शुक्रवार को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी से 7-11, 6-11, 4-11 से हारकर बाहर हो गए। योव एनजी ने पीएसए वेबसाइट से कहा,''यह हमेशा की तरह हमारे बीच करीबी मुकाबला रहा। वह हमेशा कुछ उलटफेर करने के बाद मेरा सामना करता है।'' दोनों खिलाड़ियों ने पीएसए की प्रतियोगिताओं में अभी तक तीन बार एक दूसरे का सामना किया है।

### भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी सेमीफाइनल से बाहर

**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हारकर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7, 6-3, 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे। भांबरी और ओलिवेटी ने तीसरी वरीयता निकोलस बैरिएंटोस और राफेल माटोस को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

# डिकॉक, पूरन और मयंक के भरोसे हैट्रिक लगाने उतरेंगे जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के मध्य मुकाबला आज रात 7:30 बजे से**

**अमृत विचारः** एक बार फिर वही मैदान जहां आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने जीत का अभियान शुरू किया। इस अभियान में एलएसजी के क्विंटन डिकॉक और निकोलस पूरन ने जहां रनों की बारिश की, वहीं रफ्तार के नये बादशाह मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से विरोधी टीम को उखाड़ फेंका। तीन मैचों में एलएसजी ने दो मैच जीते हैं, जिनमें जीत के हीरो यह तिकड़ी रही। एलएसजी के सामने अब जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में एलएसजी के सामने गुजरात टाइटंस की टीम होगी।

पिछले दो मैच में एलएसजी की जीत में दिल्ली स्पीड स्टार मयंक यादव का विशेष योगदान रहा। पंजाब और बेंगलुरु के खिलाफ वह मैन ऑफ द मैच रहे। टीम प्रबंधन को एक बार फिर होम ग्राउंड पर उनसे उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है, जैसा उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ किया था।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा। **गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जॉश लिटिल, अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, सुशांत मिश्रा, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, राशिद खान, ऋद्धिमान साहा, साई किशोर, साई सुदर्शन, संदीप वारियर, शाहरुख खान, विजय शंकर, बीआर शरत, मोहित शर्मा, मानव, राहुल तेवतिया, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, जयंत यादव, उमेश यादव।

लखनऊ के लिए उपकप्तान पूरन और सलामी बल्लेबाज क्विवंटन डिकॉक बेहतरीन फार्म में चल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की थी। इकाना स्टेडियम में पंजाब और लखनऊ के मुकाबले में खूब रन बरसे थे। रविवार को होने वाले मुकाबले में भी एक बार मुकाबला हाईस्कोरिंग होगा। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें रविवार को होने वाले मुकाबले में इस तिकड़ी पर ही होंगी। केएल राहुल, पडिक्कल और स्टोइनिस अभी तक तीनों मैचों में कुछ विशेष नहीं कर सके हैं। इन खिलाड़ियों को अपनी खोई फार्म वापस पानी होगी। गुजरात के खिलाफ आयुष बडोनी की जगह दीपक हुड्डा खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

**जीत का अजेय क्रम बरकरार रखने उतरेंगे जायंट्स :** कप्तान शुभमन गिल और बल्लेबाज साई सुदर्शन को छोड़कर टीम के अन्य खिलाड़ी विशेष प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। एलएसजी के अजेय क्रम को बरकरार रखने के लिए शुभमन को टीम के साथ दमदार प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव को इकोनॉमी रेट में सुधार करने की जरूरत होगी। अनुभवी स्पिनर राशिद खान को भी फार्म में आना होगा। खास बात यह है कि राशिद खान लखनऊ की पिच से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं।



## बॉलीवुड हलचल

### आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक के साथ अपना गाना 'अख दा तारा' रिलीज किया



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता-गायक आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ अपना पहला गाना 'अख दा तारा' रिलीज कर दिया है। आयुष्मान खुराना ने पना नवीनतम सिंगल, ''अख दा तारा'' रिलीज किया है, जो वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ उनका पहला सहयोग है। गाना 'अख दा तारा' में आयुष्मान खुराना एक लवर के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो ब्रेकअप के बाद की स्थिति को दिखा रहा है। वे एक लवर के मनोभावों जैसे उपेक्षा, गुस्सा, निराशा, सौदेबाजी और स्वीकृति को जाहिर कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने बताया, मुझे लगता है कि मैंने ''अख दा तारा'' के साथ अपनी संगीत यात्रा में खुद को फिर से स्थापित किया है। यह ट्रैक मेरे द्वारा पहले गाए गए किसी भी ट्रैक से अलग है, इसमें पॉप संगीत के साथ दिल टूटने की भावना को इस तरह से मिश्रित किया गया है कि दोनों गहराई से महसूस होते हैं। गहरे धुनों और छंदों से भरा यह गाना ग्लोबल अपील रखता है, जो विश्व स्तर पर हमारी दस्तक का प्रतीक है। हम और अधिक गाने रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। मैं निश्चित रूप से रचना में शामिल रहूंगा और उनमें से कुछ लिखूंगा।

### अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के साथ गाना 'डिफेंडर' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और पंजाबी रॉक स्टार मनकीरत औलख की जोड़ी ने अपने नए गाने 'डिफेंडर' से धमाल मचा दिया है। गाने में मनकीरत औलख अपने चिर परिचित स्वैग वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। डिफेंडर एक हरियाणवी पॉप ट्रैक है, जिसे मनकीरत औलख के साथ हरियाणा की फीमेल सिंगर रेणुका पंवार ने आवाज दी है। इस गाने में अक्षरा सिंह ने अभिनय किया है। म्यूजिक सेवी, लिरिक्स रईस का है। निर्देशक शेरा हैं। अक्षरा सिंह ने अपने इस गाने को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि यह नए स्टाइल का गाना है जो ट्रेंड सेट करता है। मैं खुश हूं कि देश के दिग्गज कलाकारों के साथ इस गाने को किया है और उम्मीद करती हूं कि सबों को यह पसंद आयेगा।



### ओटीटी पर 'कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन होगा रिलीज!

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज किया जायेगा। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी की अहम भूमिका है। सिनेमाघरों में रिलीज के पहले ओटीटी पर प्रभास की फिल्म '''कल्कि 2898 एडी'' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज होगा, जिसके लिये प्रभास ने डबिंग की है। चर्चा है कि नाग अश्विन ने 'कल्कि' से जुड़ा एक एनिमेटेड वर्जन बनाया है, जो फिल्म के बैकड्रॉप पर सेट है। बताया जा रहा है कि मेकर्स फिल्म को थिएटर में रिलीज करने से पहले उस एनिमेटेड वर्जन को ओटीटी पर रिलीज करेंगे। कहा जा रहा है कि उस एनिमेटेड वर्जन के जरिए मेकर्स ऑडियंस को 'कल्कि' की दुनिया से रुबरू करायेंगे। वैजयंती मूवीज निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 09 मई 2024 को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# जमीन से आसमान तक फाइटर जेट की गर्जना



- शनिवार को वायु सेना के लड़ाकू विमानों की गर्जना से गुंजायमान हो गया जिला
- लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित हवाई पट्टी पर फाइटर जेटों ने किया टच डाउन
- एयर स्ट्रिप पर आसमान से उतरे मिराज, सुखोई व साउंड लेस एन-32 एयर क्राफ्ट

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को देशवासियों के साथ पूरी दुनिया ने उस समय भारतीय वायु सेना का दम देखा जब 15 लड़ाकू विमान तेज गर्जना के साथ उन्नाव स्थित लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी के ऊपर से गुजरे और आसमान में चले गए। सभी फाइटर जेट एक्सप्रेस-वे की एयर स्ट्रिप की लोकेशन ट्रेस कर बक्शी तालाब लखनऊ एयर फोर्स स्टेशन भेजे गए। देश की ताकत देखने को वहां वायुसेना के अफसरों के अलावा पुलिस-प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारी व हजारों की संख्या में लोग भी मौजूद थे। शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे बारी-बारी से छह सुखोई-30 लड़ाकू विमान तेज गर्जना के साथ हवाई पट्टी के रनवे से करीब 10 से 15 फिट ऊपर से गुजरे और आगे जाकर लखनऊ की ओर मुड़ गए। इसके बाद चार मिराज लड़ाकू विमान गरजते हुए एयर स्ट्रिप के ऊपर से निकले और लौट कर बारी-बारी से हवाई पट्टी से करीब 50 फीट ऊपर से गुजरते हुए निकल गए। अंत में पांच साउंड लेस एन-32 एयर क्राफ्ट हवाई पट्टी के 10 फीट ऊपर से निकले। जिन्हें दर्शक कौतूहल भरी निगाहों से देखते रहे। यह विमान धुआं छोड़ते हुए चल रहे थे और इनकी गर्जना अन्य से काफी कम थी। बाबा की कुटिया के सामने लगे अफसरों के पंडाल से उद्घोषक द्वारा दर्शकों को सभी विमानों की किस्म की जानकारी लाउडस्पीकर के जरिए दी जाती रही। विमानों के बारे में जानकारी पाकर लोग प्रफुल्लित होते रहे। लोगों को एक समय तो ऐसा लगा कि जैसे यह सभी फाइटर जेट किसी देश पर हमला करने को जा रहे हों।



बाबा कुटी के सामने वायु सेना के अफसरों का लगा पांडाल। अमृत विचार



पुलिस को निर्देश देतीं एसडीएम नम्रता सिंह।



### मिराज, सुखोई व साउंड लेस एन-32 ने दिखाया दम

बांगरमऊ। शनिवार को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित एयर स्ट्रिप पर एन-32 एयर क्राफ्ट, मिराज फाइटर जेट, सुखोई-30 लड़ाकू विमान व साउंड लेस एन-32 एयर क्राफ्ट ने अभ्यास किया। सभी लड़ाकू विमानों को देखकर वहां मौजूद लोग दंग रह गए।

### आज आएगा सी-हरक्युलिस व चिनूक हेलीकॉप्टर

बांगरमऊ। शनिवार को एयरफोर्स का महत्वपूर्ण मालवाहक जहाज सी-हरक्युलिस नहीं उतरा और अधिकारी भी चिनूक हेलीकॉप्टर से हवाई पट्टी पर नहीं उतरे। वायु सेना के अफसरों के अनुसार रविवार को होने वाले रिहर्सल में अन्य सभी किस्म के लड़ाकू विमान शामिल होंगे। साथ ही रविवार को सभी एयर क्राफ्ट एयर स्ट्रिप को टच डाउन करते हुए निकलेंगे।



**10** फीट ऊपर से निकले एक्सप्रेस वे की हवाई पट्टी से

**15** लड़ाकू विमानों ने किया अभ्यास

**दर्शकों से अधिक रही सुरक्षा कर्मियों की संख्या**

बांगरमऊ। लड़ाकू विमानों के अभ्यास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीओ अरविंद सिंह फोर्स के साथ लोगों को सर्विस रोड से हटाते रहे। जबकि एसडीएम नम्रता सिंह पांडाल व सर्विस रोड पर घूम-घूमकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती रहीं। हवाई पट्टी के दोनों ओर दर्शकों से अधिक सुरक्षा कर्मी नजर आए।

**रिहर्सल के दौरान यूके लिप्टस के बाग में लगी आग**

बांगरमऊ। लड़ाकू विमानों के रिहर्सल के दौरान एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड से पड़ोसी गांव कबीरपुर संपर्क मार्ग किनारे स्थित यूकेलिप्टस के बाग में अचानक आग लग गई। इसी संपर्क मार्ग पर रिहर्सल की सुरक्षा हेतु खड़े दमकल वाहनों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के अनुसार किसी दर्शक द्वारा जलती हुई बीड़ी फेंकने से बाग में आग लग गई। हालांकि, इसमें कोई खास नुकसान नहीं हुआ है।

# आधी रात को घर में घुस कर उड़ाई नकदी व जेवर

- पीछा करने पर गृह स्वामी को चाकू दिखा कर मौके से भाग निकले चोर
- पुलिस ने तहरीर के बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी, जांच की बात कहकर लौटाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत अकरमपुर मोहल्ला में बीती रात एक घर में घुसे चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। आवाज सुन जागे गृह स्वामी ने एक चोर को पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन हाथापाई के बाद चोर ने चाकू निकाल लिया। गृह स्वामी के पीछे हटने पर चोर साथियों सहित भाग निकला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच कर लौट आई।

सदरक्षेत्र की मगरवारा चौकी अंतर्गत अकरमपुर मोहल्ला निवासी विवेक पुत्र रतिभान सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती रात वह परिवार के साथ अपने कमरे में सो रहा था।

देररात करीब दो बजे आवाज सुनकर उसकी नींद खुली तो उसे घर में एक व्यक्ति नजर आया। उसने आवाज देते हुए उसे पकड़ने का प्रयास किया इस पर वह भागने लगा। नीचे उसके साथी खड़े थे भी उसके साथ भागने लगे। बताया कि पीछा कर उनमें से एक को उसने पकड़ भी लिया था। जिससे उसकी हाथापाई भी हुई। तभी उसने चाकू निकाल ली और उस पर हमला करने का प्रयास किया। बचाव में उसकी पकड़ ढीली पड़ गई और चोर वहां से भाग निकला। गृह स्वामी के मुताबिक घर में अलमारी व बक्से खुले मिले। चोर उनमें रखे सोने के झुमके मंगलसूत्र, दो चेन, अंगूठी सहित चांदी के बर्तन, 40 हजार की नकदी व मोबाइल उठा ले गए। सूचना पर मगरवारा चौकी पुलिस पहुंची और जांच कर लौट गई। पुलिस ने शीघ्र खुलासे की बात कही है।



चोरों द्वारा फैलाया गया सामान।

## एक नजर

### क्रिटिकल बूथों का किया निरीक्षण

**पुरवा।** आगामी लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए पुलिस व प्रशासन ने कमर कस ली है। इसके चलते कोतवाली क्षेत्र में 2 बर्नेबुल व 6 क्रिटिकल बूथों में कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। 6 क्रिटिकल बूथों में कटहर, भाटमऊ, सकरन, त्रिपुरारपुर, मंगतखेड़ा, मझखोरिया व दो बर्नेबुल बूथों चमियानी व नाथीखेड़ा में भी व्यवस्थाएं जांची।

### पिकेट पुलिस रही गायब जाम से जूझे लोग

**पुरवा।** शनिवार को कस्बा स्थित बस स्टेशन के पास अचलगंज तिराहा पर एक डंपर में मोड़ते समय अचानक कुछ खराबी आ गई। इसके चलते मार्ग में दोनों ओर एक किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस पिकेट होने के बावजूद भी किसी के न होने से राहगीरों ने डंपर को किनारे कराया। इसके बाद जाम खुला।



शिविर में मरीजों की जांच करतीं चिकित्सक। अमृत विचार

# चिकित्सा सेवा शिविर में 113 मरीजों का किया गया परीक्षण

संवाददाता सफीपुर

**अमृत विचार।** बीते वर्षों की भांति सामाजिक संस्था सफीपुर जन विकास संघ द्वारा निरंतर सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं। इसी क्रम में संस्था द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क नेत्र रोगों की जांच कर परामर्श दिया गया। हिन्दी कार्यालय पर नेत्र शिविर में 113 मरीजों की आखों की जांच व निःशुल्क दवा का वितरण हुआ। जिसमें जरूरतमंद लोगों को चश्मा भी उपलब्ध कराया गया।

संघ के अध्यक्ष हैदर राजा ने बताया कि नगर के लोगों की सेवा के साथ ग्रामीण व क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों की भी सेवा की जाती है। उन्होंने बताया कि उनके पास आने वाले लोगों में पानी, बिजली, राजस्व व पुलिस विभाग सहित सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाता है। इसके चलते ही हर शनिवार संघ के कार्यालय में काफी भीड़ रहती है। जहां सैकड़ों लोग समस्याएं लेकर पहुंचते हैं।

# धोखाधड़ी कर जमीन बेचने वाले को पुलिस ने दबोचा

**नवाबगंज उन्नाव।** दिवंगत ब्लाक प्रमुख की जमीन को कूटरचित दस्तावेजों के सहारे दोबारा बेचने के आरोपी को अजगैन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

गौरा कठरेवा गांव निवासी दिवंगत ब्लाक प्रमुख धीरेंद्र प्रताप सिंह की पत्नी अल्पना सिंह ने कोतवाली में बीती 17 नवंबर को दी तहरीर में बताया था कि उसकी जमीन को मदन सिंह व दो अन्य व्यक्तियों ने कूटरचित दस्तावेज बना कर बेच दिया था। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच की। जिसमें आरोप सही पाए गए। आरोपी के पिता ने जमीन दिवंगत ब्लाक प्रमुख को बेची थी। उनके निधन के बाद बेटे ने फर्जी कागजात से दोबारा वही जमीन बेच दी। शनिवार को दरोगा धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने मदन सिंह निवासी पछियांव अजगैन को पकड़ लिया।

# छात्र-छात्राएं मतदान के लिए करें जागरूक





एसेंट खालसा कालेज में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते डीईओ गौरांग राठी।



मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता नवाबगंज

**अमृत विचार।** नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत एसेंट खालसा महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। डीईओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) व डीएम गौरांग राठी ने कहा कि मतदान दिवस को लोकतंत्र पर्व के रूप में मनाते हुए युवाओं को न सिर्फ खुद मतदान करना है बल्कि, परिजनों व अन्य लोगों को भी प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने अमीर-गरीब व बड़े छोटे सभी के वोट को बना रखा है। इसलिए भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सभी को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। पहली बार वोटर बनने वाले युवाओं (छात्र-छात्राओं) को निश्चित तौर पर मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं से संवाद करते हुए शिक्षा सहित सामान्य ज्ञान संबंधी जानकारी ली। इस दौरान सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने युवाओं को न सिर्फ खुद बल्कि परिजनों व अन्य लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की। कालेज के चेयरपर्सन सरदार गुरुशरण सिंह व उप चेयर पर्सन सुरजीत कौर ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राम मोहन मीणा, एसडीएम हसनगंज हिमांशु गुप्ता, तहसीलदार विकास करवरिया व लेखपाल वाईपी दीक्षित आदि मौजूद रहे। विद्यार्थियों से बातचीत के बीच एक छात्रा के सवाल का जवाब देते हुए डीईओ ने कहा कि देश की जनता स्वयं के लिए स्वयं की सरकार चुन सके, इसलिए निर्वाचन कराने की संवैधानिक व्यवस्था पर अमल किया जाता है।

# खेत में लगी भीषण आग से छह बीघा गेहूं की फसल हुई राख

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानांतर्गत जैतीपुर गांव के मजरा गणेश खेड़ा में खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। लपटें देख किसान दौड़े और लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास तेज किया। जब तक आग पर काबू गया तब तक छह बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आरोप है कि सूचना के बाद भी दमकल कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे।

गणेश खेड़ा में शनिवार दोपहर अचानक खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। लपटें देख ग्रामीण खेतों की ओर दौड़े और हरे पौधों की टहनियों व अन्य साधनों से आग पर काबू करने का प्रयास करने लगे। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई।

आरोप है कि ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाए जाने तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंच सकीं। आग से कल्लू पुत्र मन्ना, नन्हके पुत्र मन्ना, मनोज पुत्र राम सजीवन, विनय पुत्र चंद्रशेखर, वीरेंद्र पुत्र बैजनाथ, फूलचंद्र पुत्र छोटा व राजू पुत्र छोटा की करीब 6 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। लेखपाल कृष्ण यादव ने मौके पर पहुंचकर फसल के नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट बनाकर मुआवजा के लिए जल्द उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है।



आग से जली गेहूं की फसल देखते ग्रामीण। अमृत विचार

### कटरी के जंगल में लगी आग से हड़कंप

**उन्नाव।** अचलगंज थानांतर्गत सिकंदरपुर कर्ण क्षेत्र के कोलूहा गाढ़ा के मझरा गांव के सामने गंगा रेती में खड़े पतावर व बबूल के जंगल में अचानक आग लग गई। धीरे-धीरे फैलती हुई आग की लपटों ने दोपहर तक दो किमी के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। इससे रेती में खड़ी गेंहू की फसल भी जल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। लेकिन मझरा गांव के आगे गंगा रेती होने से वे मौके पर नहीं जा सकीं। शाम चार बजे तक दमकल कर्मी रास्ता तलाशने में जुटे रहे।

# शराब ठेके में चोरी करने वाले तीन आरोपी पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के हुसैन नगर गांव स्थित देशी शराब के ठेके से तीन पेटी शराब व छह हजार रुपए गोलक तोड़कर चोरी हुए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों को पकड़ कर उनकी निशानदेही पर चोरी का माल बरामद किया है। पकड़े गए तीनों युवक शातिर अपराधी हैं और इनका अपराधिक इतिहास भी है।

संजय जायसवाल हरदोई सदर क्षेत्र के हुसैन नगर देशी शराब ठेके पर सेल्समैन है। शनिवार सुबह उसने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोरों ने ठेके से देशी शराब की 3 पेटी व गोलक तोड़कर गोलक मे 6 हजार रुपये पार कर दिये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की।

**ईद-उल-फितर** | गैर राज्यों से आने वाली विभिन्न ट्रेनों से उतरने वालों की संख्या में हुई वृद्धि

# ईद मनाने अपनों के पास पहुंचने लगे प्रवासी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जमात-उल-विदा (अलविदा की नमाज) के बाद अब रोजेदारों सहित अन्य मुस्लिम भाईयों ने ईद की तैयारियां तेज कर दी हैं। गैर राज्यों व शहरों में काम करने वाले प्रवासी अपने गांव व घर के लोगों के साथ त्योहार मनाने आने लगे हैं। प्रवासियों की घर वापसी से परिवारों में त्योहारों की खुशियां अभी से दिखाई देने लगी है।

आपसी भाईचारे का त्योहार ईद-उल-जुहा का त्योहार चांद दिखने पर बुधवार या गुरुवार को मनाया जाना है। इस तरह ईद मनाने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इसी के साथ रोजी-रोजगार के लिए दूसरे राज्यों व शहरों में रहने वाले प्रवासी अपनों के बीच त्योहार मनाने के लिए वापसी करने लगे हैं। ईद के बाकी बचे दिनों में मुम्बई, दिल्ली, हैदराबाद, व जयपुर सहित अन्य स्थानों से प्रवासियों की वापसी का सिलसिला बढ़ता रहेगा। प्रवासी जहां परिवारों व साथियों के समूह के साथ वापसी कर रहे हैं।

यहां पहुंचाने वाली सीधी ट्रेन में बर्थ (आरक्षित टिकट) न बनवा पाने वाले कानपुर व लखनऊ उतर कर दूसरी यात्री गाड़ियों से यहां पहुंच रहे हैं। ईद पर प्रवासियों की वापसी शुरू होने के साथ रेलवे स्टेशन पर लगातार चहल-पहल बनी रहती है, क्योंकि रात के समय स्टेशन पर उतरने वाले सुबह ही आगे अपने गांव को जा पाते हैं। उन्हें रात में वहीं रुकना पड़ता है। वहीं यात्रियों का सामान ढोने वाले कुलियों की भी बन आई है। सुबह से शाम और रात तक यहां पहुंचने वालों का सामान ढोकर होने वाली आमदनी से काफी खुश दिखाई दे रहे हैं।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर बाहर जाते लोग। अमृत विचार

# खेत में मवेशी घुसने को लेकर हुए विवाद में चली लाठी

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़वा खेड़ा गांव में पालतू मवेशी के छूट कर खेत में घुसने के बाद दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इस मारपीट में आधा दर्जन लोग हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

टेढ़वा खेड़ा निवासी केसन दुलारी पत्नी देव कली यादव ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि शनिवार की दोपहर उसके पड़ोसी दीपक निषाद व उसके भाई राजोल, भाभी सुमन सीमा व जितेंद्र मवेशी के खेत में घुसने से अक्रोशित होकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने लाठी-डंडों से हमला कर उसके पति, बेटे जितेंद्र व नरेंद्र, बेटी कोमल को घायल कर दिया। दूसरे पक्ष ने भी तहरीर देकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मारपीट में दोनों पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मिशन कर्म योगी कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों की दी जानकारी

- भारतीय जगदेव सिंह ठाकुर संस्कृति हाल में आयोजन
- जन सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण विषय पर की गई चर्चा

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** जनसार स्थित भारतीय जगदेव सिंह ठाकुर संस्कृति केंद्र में हाल ही में 'मिशन कर्म योगी' नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना था। केंद्र के प्रबंधक कैप्टन प्रफुल ठाकुर ने कार्यक्रम की व्यवस्था की। जिसमें बच्चों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के सहयोग से कौशल कुमार मालिक, रामबहादुर पाल, कान्सटेबल अजय विक्रम, विकास सोनी, सुनील कुमार, महिला कान्सटेबल सरोज राठौर, गौरव कांति सिंह, अग्रीनर, आकाश गुप्ता, आंशिक, कराटे कोच अंकित कुमार, एन्टी करप्शन डिप्टी चीफ राजेंद्र विमल रहे। पुलिस विभाग ने शनिवार दोपहर तीन बजे अपने केंद्र में पुलिस कर्मियों को जन सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई। जिसमें महिला सुरक्षा, कम्प्यूटर धोखाधड़ी, पुलिस परिचय, निराशा और भीड़ नियंत्रण जैसे मुद्दे शामिल थे। इसका मुख्य उद्देश्य था कि लोग इन मुद्दों के प्रति जागरूक हों और अपने परिजनों व पड़ोसियों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में विकास, अंकित राजपूत, नागेंद्र सिंह, संदीप कुमार, अवधेश, सर्वेश, गुरु नारायण ने सभी से शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# ई-रिक्शा में उतरे करंट से दंपति की हुई मौत

## चार्जिंग हटाने के दौरान हुआ हादसा, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, गांव में सन्नाटा पसरा रहा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- गंगा घाट कोतवाली के श्रीनगर मोहल्ले की घटना
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत श्रीनगर मोहल्ले में शनिवार सुबह ई-रिक्शा की चार्जिंग लीड हटाते समय एक अधेड़ करंट की चपेट में आ गया। पति को करंट की चपेट में आया देख पत्नी ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान वह भी करंट की चपेट में आ गयी। इसमें दंपति की मौके पर मौत हो गयी। दंपति की मौत की सूचना पर आसपास के तमाम लोगों की भीड़ एकत्र हो गयी। एक साथ दो मौतें होने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

श्रीनगर निवासी महेन्द्र सिंह (55) खुद का ई-रिक्शा चलाता था। शनिवार को रोज की तरह सुबह करीब चार बजे उठा और घर के बगल में बने दुर्गा मंदिर की सफाई की और पानी भरकर नहाने जा रहा था। इसी दौरान घर के बाहर चार्जिंग पर लगे ई-रिक्शा को चार्जिंग से हटाने लगा। तभी ई-रिक्शे में करंट दौड़ गया। जिससे वह करंट की चपेट में आकर सड़क पर गिर गया। यह देख पत्नी गुड्डी (48) उसे बचाने पहुंची और वह भी करंट की चपेट में आ गयी। जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। सुबह-सुबह मोहल्ले में दो मौतें होने पर क्षेत्र में मातम फैल गया। मौत की सूचना पर हर कोई उसके घर पहुंच गया। जिससे घर के बाहर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली प्रभारी को दी गई।

सूचना पर पहुंचे कोतवाल रामफल प्रजापति पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों से पूछताछ की। जिसके बाद जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भर पीएम के लिये भेजा है।

**पापा! अम्मा-बाबा को क्या हुआ:** शिवम की छह वर्ष की बेटी काव्या (6) और नित्या (4) पिता के पास पहुंची और बार-बार यही पूछती रही कि पापा अम्मा और बाबा को क्या हो गया। जिस पर शिवम फफक कर रो पड़ा।



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



निकली पड़ी चार्जिंग की लीड।



महेंद्र व गुड्डी। अमृत विचार

### मंदिर का कराया था निर्माण

महेंद्र धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता था, उसी को लेकर उसने मोहल्लेवालों के सहयोग से घर के बगल में दुर्गा मंदिर बनवाया था और उसकी साफ सफाई करने के साथ ही पूजा पाठ करता था।

### खराब थी चार्जिंग की लीड

ई-रिक्शा चार्जिंग की लीड कटी हुई थी। उसी के कारण ई-रिक्शे में करंट दौड़ गया। महेंद्र नंगे पांव लीड हटा रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे महेंद्र व गुड्डी की मौत हो गई।

### एक साथ जली महेंद्र व गुड्डी की चिता

शुक्लागंज। श्री नगर मोहल्ले में रहने वाले लोगों ने बताया कि महेन्द्र और गुड्डी में बहुत प्रेम था, दोनों एक दूसरे के बिना कहीं नहीं जाते थे। शनिवार सुबह करंट लगने से दोनों ने एक साथ दुनिया छोड़ दी। शनिवार दोपहर महेंद्र व गुड्डी के शवों का पोस्टमार्टम हुआ। जिसके बाद दोनों के शव श्रीनगर लाया गया। शव देखते ही बेटा शिवम और तीन बेटियां प्रीति, दीक्षा और पूनम तीनों बेटियां माता पिता के शवों से लिपट कर रोने लगे। तभी मोहल्ले की सैकड़ों की भीड़ लग गई। शाम के समय मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट पर दोनों के शव का अंतिम संस्कार कराया गया। जहां बेटे शिवम ने मुखाग्नि दी। वहीं एक साथ दो चिताएं जलने पर अंतेष्टि में शामिल होने गये लोगों की आंखे भर आई। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे के अलावा नगर के अन्य गणमान्य लोगों ने पहुंच कर परिवार ढांढस बंधवाया।

**पड़ोसी की बात मानती तो बच जाती गुड्डी:** जिस समय महेंद्र को करंट लगा था उस समय पड़ोस में रहने वाली संध्या की मां चिल्लाती रही कि पास में मत जाओ। गुड्डी ने उसकी नहीं सुनी और उसकी भी करंट लगने से मौत हो गई।

# एंटी लार्वा के प्रयोग का तरीका सीखा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को नगर पालिका गंगाघाट में सेंवदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां जिला मलेरिया अधिकारी और जैव विशेषज्ञ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पालिका के सफाई कर्मी और सफाई नायकों से एंटी लार्वा छिड़काव के बारे में जानकारी हासिल की। जिसके बाद छिड़काव का तरीका और प्रयोग किये जाने वाले रसायन की मात्रा की जानकारी दी।

एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण एव दस्तक अभियान पालिका प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान वार्डों में साफ सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रही है। उसी को लेकर शनिवार दोपहर पालिका कार्यालय में संवेदीकरण कार्याशाला का आयोजन किया गया। जहां जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चन्द्र यादव, बायोलाजिस्ट जैव विशेषज्ञ केके गुप्ता पहुंचे। इस दौरान मौजूद एसवीएम प्रभारी, सफाई नायक और सफाई कर्मियों से एंटी लार्वा के छिड़काव के बारे में जानकारी की। जिसके बाद उन्होंने बताया कि फागिंग में 19 लीटर डीजल में 1 लीटर मैलाथीयान रसायन का अनुपात होना चाहिए। इससे मच्छरों को खत्म करने में सहायक होता है।`इसी तरह एंटी लार्वा दवा बनाने के लिए 10 लीटर पानी में 2.5 एमएल टेलीफास डालकर नालियों में छिड़काव करे। इसके साथ ही सात दिनों के भीतर दोबारा छिड़काव करें।



सफाई नायकों को फॉगिंग के तरीके बताए। अमृत विचार

### गांधी नगर में हुई साफ- सफाई

शनिवार को पालिका प्रशासन के निर्देश पर सफाई कर्मियों की फौज गांधी नगर मोहल्ले में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ सफाई कराई गई। वहीं शाम को फागिंग भी हुई। शनिवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की देखरेख में सफाई कर्मियों ने वार्ड नंबर 6 गांधी नगर में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। वहीं मच्छरों की भरमार को देखते हुये सभी गलियों में फागिंग कराई गई।

### आशा, एएनएम घर-घर कर रहीं जागरूक

कूलर व आसपास पानी ठहरने के कारण संक्रामक बीमारियां फैल रहीं हैं। जिसे देखते हुये स्वास्थ्य विभाग ने आशाबहू और एएनएम की टीमें लगाई हैं। जो घर-घर जाकर कूलर का पानी बदलने के साथ ही लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं। शासन के निर्देश पर घरों में लगे कूलर, वॉटर पॉट, गमला आदि वस्तुओं में ठहराव वाले पानी को सप्ताह भीतर बदलने के लिए लोगों को जागरूक किया जाना है। उसी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने नगर में आशाबहू और एएनएम की ड्यूटी लगाई हैं।

# भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस, झंडा फहराया



भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण करते जिलाध्यक्ष व अन्य।

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। जिला कार्यालय सहित मंडल व बूथ स्तर तक आयोजित कार्यक्रमों में जहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। वहीं पार्टी का झंडा भी फहराया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने आवासों पर झंडा फहराकर लोगों के बीच सरकारों की उपलब्धियों वाली प्रचार सामग्री भी बांटी।

जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, जनप्रतिनिधियों व अन्य नेताओं की मौजूदगी में जिला भाजपा कार्यालय पर ध्वज फहराया। सभी ने अपने दिवंगत नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए उनके आदर्शों पर अमल करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा संस्थापकों ने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने पर जोर दिया था। वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकारें इसी पर अमल कर रही हैं। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने बाइक रैलियां भी निकालीं। का आयोजन हुआ जिनको विधायकों और भाजपा पदाधिकारियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा पुरवा विधायक अनिल सिंह ने क्षेत्र के कंचनपुर गांव स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं सहित स्थापना दिवस मनाया। बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार विधानसभा क्षेत्र स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय पर कार्यक्रम किया।

### सांसद का किया स्वागत

**शहर स्थित विशाल कांटीनेंटल में जिला भाजपा की सामाजिक प्रतिनिधि परिचर्चा में शामिल होने पहुंचे पार्टी के राज्यसभा सदस्य अमर पाल मौर्या का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज ने की। इस मौके पर सदर विधायक पंकज गुप्ता, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, ब्रजेश मौर्य, प्रवीण मिश्रा (भानु) आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।**

# पलटा ऑटो, स्वास्थ्यकर्मी हुए घायल, भर्ती कराया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत उन्नाव-पुरवा मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से ऑटो पलट गया। इसमें बैठी स्वास्थ्य विभाग की टीकाकरण टीम के सदस्य घायल हो गए। जिन्हें भर्ती कराया गया।

शनिवार को बिछिया ब्लाक क्षेत्र के मऊ सुल्तानपुर में टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग टीम एक ऑटो से गई थी। उन्नाव-पुरवा मार्ग पर दही थानाक्षेत्र के दरोगा खेड़ा चौकी अंतर्गत गौरा पुल के पास किसी वाहन की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इसमें स्वास्थ्य टीम की सुलेखा, संध्यारानी, अर्चना, कमलेश कुमारी व चालक मोनू घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर दरोगा खेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकलवाकर एंबुलेंस से बिछिया सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से सुलेखा, कमलेश कुमारी व चालक मोनू को नाजुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। सीएचसी अधीक्षक डा. संजीव कुमार ने बताया कि टीम मऊ सुल्तानपुर गांव जा रही थी।



पलटा ऑटो। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल हुए शख्स ने तोड़ा दम

**बांगरमऊ उन्नाव।** दो साथियों के साथ हरदोई से दुधारू मवेशी खरीदने गया अधेड़ सड़क हादसे में गंभीर घायल हुआ था। शनिवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं दिवंगत अधेड़ के बेटे ने पति के साथ रहे दो लोगों पर हादसे के बाद 50 हजार रुपए गायब करने का आरोप लगाया है। बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के सिरधरपुर गैर एहतमाली गांव निवासी पप्पू (50) पुत्र अलीदाद गांव के ही एक निजी विद्यालय में चपरासी था। वह बीती 29 मार्च को हरदोई जिले के बगदाद गांव भैंस खरीदने के लिए बाइक से निकला था। उसके साथ गांव निवासी बल्ले व उसका बहनोई भी था। दोपहर उन्होंने फोन कर जानकारी दी कि पप्पू का एक्सीडेंट हो गया है। उन्होंने हरदोई जिला के एक अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बीती देरशाम उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना से पत्नी सहरुन कुरैसा व बच्चों आसिफ अली, अभिषेक, बिलकिस, शिवा, खुशनुमा रो-रोकर बेहाल हैं। बड़े बेटे आसिफ अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में पिता के साथ गए बल्ले व उसके बहनोई पर पिता के पास रखे 50 हजार रुपए पार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### जयंती पर याद आए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**बांगरमऊ।** नगर के नानामऊ मार्ग तिराहा स्थित ब्लॉक प्रमुख सुनीता दिवाकर के आवास पर शनिवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इसमें भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन लाल दिवाकर ने कहा कि डा. मुखर्जी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के शिल्पी थे। उनका जन्म 6 जुलाई-1901 को कोलकाता में हुआ था। वह आजीवन भारत की एकता व अखंडता के लिए संघर्ष करते रहे। कहा कि डा. मुखर्जी का मानना था कि जन भागीदारी के बिना कोई देश प्रगति नहीं कर सकता। समारोह में विजयपाल कुशवाहा प्रधान, विजय निषाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पप्पू त्रिवेदी, विवेक शर्मा, अमित दिवाकर व मनीष त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोगों ने डा. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### राजेश रावत बने बारीवाल संघर्ष के जिलाध्यक्ष

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली के सामने अखिल भारतीय बारीवाल संघर्ष समिति की बैठक हुई। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजेश रावत को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। जिस पर मौजूद समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया। अखिल भारतीय बारीवाल संघर्ष समिति के तत्वावधान में शनिवार को गंगाघाट कोतवाली के सामने एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां समाज के उत्थन को लेकर पदाधिकारियों ने चर्चा की। जिसके बाद पोनी रोड निवासी राजेश रावत को उन्नाव जिले का जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिस पर समाज के पुत्तीलाल वर्मा, गणेश वर्मा, मुन्ना सोनी, रवि गुप्ता, जयपाल साहू, सरवन वर्मा, पिंकू वर्मा, राम प्यारे, रंजन, राजेश, मेवालाल ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**शुक्लागंज उन्नाव।** भाजपा के स्थापना दिवस शनिवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। जहां पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। गोपीनाथपुरम स्थित पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व संदेश फाउंडेशन के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान संदीप पांडे ने कार्यकर्ताओं के साथ पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इसके साथ ही नि:स्वार्थ सेवा एवं समर्पण के भाव से भाजपा को विराट एवं विशाल वटवृक्ष बनाने वाले सभी महान विभूतियो को याद किया।

# लोस चुनाव :हिस्ट्रीशीटर समेत 300को पाबंद किया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिये गंगाघाट पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। चुनाव के दौरान कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अपराधी किस्म के लोगों पर डीएम और एसपी के निर्देश पर गंगाघाट पुलिस ने लगभग तीन सौ ऐसे लोगों को पाबंद कर कार्यवाही की है। वहीं असलहे भी जमा कराये गये हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अपराधी किस्म के लोगों की सूची डीएम और एसपी के निर्देश पर तैयार की है। चुनाव के दौरान यह लोग कोई दख्लअंदाजी न करे, इसके लिये पुलिस ने उन पर नकेस कस रही हैं। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 255 लोगों को शांतिभंग की आशंका में पाबंद किया गया है। इसके अलावा 15 पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई है।

# ससुरालियों पर लगाया ठगी का आरोप

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एक बुजुर्ग महिला ने अपनी बेटी व दामाद के अलावा अन्य ससुरालियों पर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाते हुए हसनगंज कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई किये जाने की बात कही है।



रानी देवी।

मोहान नगर पंचायत अंतर्गत खुर्द जागीर मोहल्ला निवासी रानी देवी (65) पत्नी स्व. शिव नारायण सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मोहान-हरौनी मार्ग स्थित मोहद्दीनपुर गांव के पास रोड किनारे उसकी 12 बिसुवा जमीन थी। जिसे उसने लखनऊ निवासी सलीम को 78 लाख में बेच दी थी। खरीददार ने उसे 14 लाख रुपए बयाना के तौर पर स्टेट बैंक के खाते में डलवा दिए थे। शेष 64 लाख रुपए 6 फरवरी-2024 को देकर जमीन की रजिस्ट्री करवा ली। उसकी बेटी सुकांति व उसके पति दीपू उर्फ आलोक सिंह, ससुर जमुना सिंह, चाचा लालता सिंह निवासी कादिलपुर थाना आसीवन ने उसको हसनगंज कस्बे में बैंक आफ इंडिया में रुपए जमा करवाने के लिए साथ लेकर गए। लेकिन बेटी व अन्य ससुरालियों ने उससे 64 लाख रुपए ने लिये और उसे कादिलपुर अपने घर लेकर चले गए। जब उसने बैंक में रुपए जमा करवाने को कहा तो बेटी सुकांती ने लखनऊ में प्लाट लेने का झांसा देकर रुपए हड़प लिए। पीड़िता ने कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया कि आठ लाख रुपए बेटी ने पहले ही खाते से निकलवाकर ले लिए थे और अब 64 लाख रुपए लेने का आरोप बेटी, दामाद, बेटी के ससुर व चाचा पर बहला फुसलाकर लेने का लगाते हुए प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि वृद्ध महिला ने प्रार्थना पत्र दिया है। जांच की जा रही है।

# युवती का मोबाइल छीना कर भागा

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार सुबह पोनी रोड पर मॉर्निंग वॉक पर जा रही एक युवती को पीछे से आये बाइक सवार युवक ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। युवती ने शोर मचाया लेकिन सन्नाटे का फायदा उठाकर बाइक सवार युवक भाग निकला।

पोनी रोड जियो टॉवर वाली गली निवासी राजकुमार की बेटी प्रियंका सिंह ने बताया कि वह सुबह लगभग साढ़े चार बजे मॉर्निंग वॉक के लिये जा रही थी, तभी अवस्थी फार्म हाउस गेट के पास पीछे से आये बाइक सवार युवक ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीन लिया।

समारोह — बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को अपलक निहारने को मजबूर रहे दर्शक

# होली उत्सव में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** संत पूरनदास नगर स्थित एसवीएम इंटर कालेज में शिक्षक होली उत्सव मिलन व सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज ने शिक्षकों को संस्कृति का संवाहक बताया। वहीं छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सभी अपलक निहारने का मजबूर रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत की संस्कृति मानवीय गुणों के उच्चादर्शों पर विराजमान है, जिसमें सद्कर्म, सद्गुणों व सदविचारों का समावेश है। शिक्षक समाज का दर्पण होता। इसलिए शिक्षकों को संस्कृति के संवाहक के तौर पर भावी पीढ़ी को शिक्षा सहित संस्कार की सीख भी देनी चाहिए। शिक्षक नेता वेणुरंजन भदौरिया ने शिक्षकों को समाज सहित राष्ट्र की धरोहर बताया।

इसलिए शिक्षकों को किताबी ज्ञान के साथ विद्यार्थियों को चरित्रवान, संकल्पवान व ऊर्जावान बनने को प्रेरित करना चाहिए। इससे विद्यार्थी देश के अच्छे नागरिक के तौर पर अधिक बेहतर परिणाम दे सकेंगे। वहीं सेवानिवृत्त होने वाले कमलेंद्र बहादुर सिंह, मधुबाला शुक्ला, हरिदत्त शुक्ला, मधू श्रीवास्तव, बजरंग लाल, रमेश चंद्र यादव, भूपेंद्र शुक्ला, महेंद्र सिंह, रतिभान, साहबलाल यादव सहित चयनित दो दर्जन शिक्षक-शिक्षिकाओं को सांसद व शिक्षक नेता ने विद्यालय के प्रधानाचार्य रामवीर सिंह के सहयोग से अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।




नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# महंगाई के लिए भाजपा सरकार दोषी: अन्नू टंडन

**उन्नाव।** लोकसभा चुनाव की सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रचार अभियान जारी रखा। उन्होंने जहां घर-घर जाकर संपर्क करते हुए मतदाताओं से समर्थन मांगा। वहीं नुक्कड़ सभाओं में तमाम समस्याओं के लिए सत्तारूढ़ दल भाजपा को दोषी ठहराया। कहा कि महंगाई व बेराजगारी सहित बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए मतदाताओं को सपा का समर्थन करना चाहिए।

पूर्व सांसद ने सुब्बाखेड़ा, महोलिया, तिरवा, रानीपुरग्रंट, नेवलापुर, मुस्तफाबाद, चकपीर नगर, गोसा प्रयागपुर, गोसा कुतुब, असायश व मटुकरी आदि गांवों सहित बांगरमऊ नगर क्षेत्र में भी जनसंपर्क किया। सुरेश पाल, मुन्ना अल्वी, डा. रामपाल, संजू त्रिवेदी, राधेलाल निषाद, अल्वी मिश्रा, रमेश रावत, कमलेश यादव,रहे।

# ट्रांसफार्मर में खराबी से गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह मरहला चौराहा और स्टेडियम पुलिया के पास रखा ट्रांसफार्मर खराब होने से क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया।

शनिवार सुबह सात बजे मरहला चौराहा पुलिस चौकी के पास रखे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने के कारण क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। इस दौरान दोपहर तीन बजे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं स्टेडियम पुलिया के पास लगा 25 केवीए ट्रांसफार्मर का एक फेस उड़ गया। जिससे कई घरों की बिजली गुल रही। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। जिसके बाद आपूर्ति सुचारू हो सकी।

**भूमिगत केबिल को बदलने का काम शुरू:** सरैयां स्थित शुक्लागंज विद्युत सब स्टेशन से शक्तिनगर फीडर को जाने वाली भूमिगत पड़ी एचटी लाइन काफी जगह से जर्जर हो गई हैं। जिसे देखते हुये विभाग ने उसे बदलने का काम शुरू कराया है। फोरलेन के किनारे पड़ी भूमिगत हाईटेंशन लाइन में सब स्टेशन से लेकर आजाद नगर के बीच में कई बार फाल्ट हो चुके हैं। जिससे केबिल पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। ऐसे में गर्मी के दिनों में शक्ति नगर फीडर की आपूर्ति प्रभावित हो सकती हैं। जिसे देखते हुये शनिवार को स्टेडियम पुलिया से मशीन द्वारा भूमिगत एचटी केबिल डालने का काम कार्यदायी संस्था ने शुरू कराया है। नई केबिल पड़ने से गर्मी में बिजली की समस्या से निजात मिल सकती है। जेई विष्णु शुक्ला ने बताया कि नई केबिल पड़ने से आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं आयेगी।



ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112





**27 वां रोजा**

शिया
सहरी : 4.16 बजे
इफ्तार : 6.36 बजे

सुन्नी
सहरी : 4.21 बजे
इफ्तार : 6.27 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनावी तैयारी पर की चर्चा

**सरेनी, रायबरेली :** ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश बहादुर सिंह ने कहा कि रायबरेली से लोकसभा चुनाव गांधी परिवार का ही कोई सदस्य लड़ेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। आप लोग हर बूथ पर संपर्क करना शुरू कर दीजिए। इस मौके पर नीरज शुक्ला, बजरंग सिंह, पीर गुलाम, राजकुमार सिंह, सुशील अवस्थी, रामकुमार पासवान, वंश बहादुर सिंह, राकेश शुक्ला, सुरेश सिंह, मयंक यादव, हरिश्चंद्र लोधी, कृष्ण वर्मा, राम पासवान, कल्लू पांडे, अमरेंद्र सिंह, विवेक तिवारी, रमेश तिवारी, सुरेश सिंह, दिनेश आदि थे।

### पहरेमऊ में अब तक 250 क्विंटल खरीदा गया गेहूं

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** भारतीय खाद्य निगम द्वारा संचालित पहरेमऊ गेहूं क्रय केंद्र पर खरीद शुरू हो गयी है। केंद्र प्रभारी अहसान खान ने बताया कि अब तक केंद्र पर 250 क्विंटल गेहूं की खरीद भी कर ली गई है।

### प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आज

**परशदेपुर, रायबरेली :** छतोह ब्लॉक के गोपालीपुर के एचएल पब्लिक स्कूल में रविवार को राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य सामाजिक प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह जानकारी ओम प्रकाश मौर्य ने दी।

# रंजिश में अधेड़ को लाठी-डंडों से पीटा, अस्पताल में तोड़ा दम

## साथी के साथ यज्ञ में शामिल होने जा रहा था, विपक्षियों ने रास्ते में रोककर किया हमला

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार :** यज्ञ में शामिल होने जा रहे एक व्यक्ति की शुक्रवार की रात रंजिशन दबंगों ने लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट से घायल की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। घटना से कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ देर रात संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



फाइल फोटो।

थाना क्षेत्र के निसगर गांव के रहने वाले श्याम विलास त्रिवेदी गांव के ही राम शुक्ला के साथ बाइक से शुक्रवार की रात हरिपुर गांव स्थित श्री कामेश्वर बाबा मंदिर में चल रहे यज्ञ में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही बाइक तिवारीपुरखुर्द गांव के पहले पहुंची तो दो बाइकों में पीछे से निसगर गांव के शिवानंद, आशुतोष शुक्ला, शशांक त्रिवेदी व रंजीत सिंह लाठी-डंडों से लैस होकर आ गए और बाइक में पीछे बैठे श्याम विलास त्रिवेदी को गालियां देते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सीएचसी ले गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि शनिवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पत्नी सुमन देवी की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हैं। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि धाराएं बढ़ा दी जाएंगी।

**▶▶ पत्नी की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज**



गमगीन परिवारवाले। अमृत विचार

# दुर्घटनाओं में दो बुजुर्ग महिलाओं की मौत

अटौरा, रायबरेली

**अमृत विचार :** शुक्रवार की देर शाम रायबरेली-कानपुर राजमार्ग पर घटी दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो बुजुर्ग महिलाओं की मौत हो गई।

पहली घटना रायबरेली-कानपुर राजमार्ग पर अटौरा मोड़ के समीप घटी जब शिव प्यारी पत्नी रघुनन्दन निवासिनी पूरे भवानीबक्स मजरे सुल्तानपुर खेड़ा रायबरेली से अपना इलाज कराकर ई-रिक्शा से घर लौट रही थी। अटौरा मोड़ के समीप ई-रिक्शा से उतरते समय अचानक लड़खड़ाकर गिर गई, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस के माध्यम से वृद्ध महिला को जतुआ टप्पा सीएचसी इलाज हेतु भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार की ही देर शाम दूसरी घटना रायबरेली-कानपुर राजमार्ग पर स्थित राजपूत ढाबा के समीप घटी। सरजूदेई पत्नी राम सहांय पूरे सरदार पोस्ट कुंडवल देर शाम अपनी बेटी के घर पूरे दुनियापत से वापस अपने घर आ रही थी। अंधेरा होने की वजह से पैदल चल रही सरजूदेई को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। इस घटना में बुजुर्ग महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर घायल महिला को इलाज के लिए जतुआ टप्पा सीएचसी भेजा, जहां स्थिति नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान शनिवार को सूरजदेई की सांसें भी थम गईं।

### सड़क हादसे में दो लोग घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली :** बहन के घर से वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सलोन थाना क्षेत्र के पूरे चंदी सिंह निवासी उदयराज गांव के ही पुत्तन के साथ बाइक शनिवार को बहन के घर सरेनी गया हुआ था, जहां से वापस घर लौटते समय पूरे अयोध्या मजरे अरखा गांव के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों युवक घायल हो गये। जिन्हें राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोह लिया सभी का मन

**रायबरेली, अमृत विचार :** डलमऊ क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सेंदुरामऊ में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूल चलो अभियान पर नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुशील कुमार एआरपी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक व जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह द्वारा शैक्षिक सत्र में अधिकतम उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर विदाई दी गई। संचालन जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री सियाराम सोनकर व अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष राकेश चंद्र ने की। प्राथमिक शिक्षक संघ के शिव प्रकाश कुलदीप, उदय सिंह, विनोद कुमार, राघवेन्द्र आदि थे।

# लोगों को मतदान के लिए जागरूक कर रहा प्रशासन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन इस बार पूरी कोशिश कर है। पिछले लोकसभा चुनाव में जिले का मतदान प्रतिशत 53.60 ही था। लेकिन इस बार जिला प्रशासन पूरी तरीके से मतदान प्रतिशत में बढोत्तरी करने के लिए अनेक तरीको से काम कर रहा है। स्वीप कार्यक्रम के साथ ही जन सहयोग भी लिया जा रहा है। कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता चौपाल आयोजित कर लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है। एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी का कहना है कि इस बार 65 से 70 प्रतिशत मतदान कराने की पूरी कोशिश हो रही है। जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम चल रहे हैं। दिव्यांगों व महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। बाहर रहकर नौकरी करने वालों को त्योहारों में घर आने के बाद उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

ईद का पर्व मनाने लोग घर आएंगे। जिन्हें मतदान करने के बाद ही वापस जाने की अपील की जाएगी। इसके लिए ग्राम प्रधान व कोटेदार को उनके घरवालों को समझाने का प्रयास करेंगे।

# पुस्तकें ही इंसान की सच्ची मित्र : राना

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार :** चिन्मय विद्यालय ऊंचाहार की ओर से आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर के कक्षा एक से कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए प्रति क्लास 10 बच्चे कुल 80 बच्चों को पुस्तकें वितरित की गयीं। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना रहे। उन्होंने कहा कि चिन्मय विद्यालय का प्रयास ग्रामीण अंचलों के बच्चों के ज्ञान के विस्तार में सहायक होगा। पुस्तकें ही इन्सान की सच्ची मित्र हैं और पुस्तकों के जरिए ही हम श्रेष्ठ ज्ञान अर्जित करके समाज व देश के लिए काम कर सकते हैं। चिन्मय विद्यालय के लाइब्रेरियन संजय सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय का प्रयास है कि ग्रामीण अंचल के मेधावी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं।



छात्रा को पुस्तकों का सेट देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

प्रधानाचार्य विजय करन सिंह ने कहा कि चिन्मय विद्यालय के सहयोग से पुस्तकें वितरित की गई हैं। आगे भी इसी तरह के प्रयास करके बच्चों के ज्ञानवर्धन खेलकूद किट के लिए प्रयास किए जाएंगे। प्रबंधक अजीत सिंह ने चिन्मय विद्यालय ऊंचाहार का आभार जताया और सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश, जिया लाल शर्मा, शिव प्रकाश तिवारी, विजय सिंह, हरिश्चंद्र यादव, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### चार वर्षीय अली इदरीशी ने रखा रोजा



अली

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** कजियाना निवासी समाजसेवी इरफान इदरीशी के बेटे चार वर्षीय अली इदरीशी रमजान के पाक मौके पर जीवन का पहला रोजा रखकर इबादत की अनुकरणीय मिसाल पेश की है। रमजान मुबारक पर पहला रोजा रखने वाले अली ने कहा कि उसने स्वप्रेरणा से रोजा रखा है। रोजा हर मुसलमान पर फर्ज हैं। ऊंचाहार तहसील के ग्राम पंचायत कजियाना निवासी हाजी मोहम्मद इदरीश के पोते एवं इदरीसी ब्रदर्स के संचालक इरफान इदरीसी के पुत्र अली इदरीसी रोजा रखने के साथ मस्जिद में पांच वक्त की नमाज अदा कर रहे है।

### सीओ ने मिल-जुलकर त्योहार मनाने का किया आह्वान



चौकी में शांति कमेटी की बैठक करतीं सीओ। अमृत विचार

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों के मद्देनजर डीह थाने की पुलिस चौकी परशदेपुर में शनिवार को शांति कमेटी की बैठक की गई। बैठक में सीओ सलोन वंदना सिंह ने कहा कि सभी लोग मिल जुलकर त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि ईदगाह में ही नमाज पढ़ी जाए। किसी भी दशा में सड़क पर नमाज ना पढ़ी जाए। उन्होंने रामनवमी पर शोभायात्रा को लेकर रूट की चर्चा करते हुए कहा कि शोभायात्रा की अनुमति जरूर ले ली जाए। बैठक में मोहम्मद आजम ने बैंक ऑफ बड़ौदा के पास तालाब के बगल गंदगी की शिकायत की। जिस पर चेयरमैन विनोद कौशल ने सफाई करवाने का आश्वासन दिया। बैठक में डीह थानाध्यक्ष अरविंद सिंह, चेयरमैन विनोद कौशल, पूर्व चेयरमैन जमाल अख्तर, मौलाना मोहम्मद इस्लाम नदवी, महेश विश्वकर्मा, गोपाल श्रीवास्तव, श्रीकांत त्रिवेदी, भोलानाथ तिवारी, देशराज यादव, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएम ने बृजेश तिवारी को दिलाई भाजपा की सदस्यता



भाजपा प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने के बाद समर्थकों के साथ मौजूद प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष बृजेश तिवारी। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को उप्र प्रधानाचार्य परिषद लखनऊ मंडल के अध्यक्ष बृजेश तिवारी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। नर्मदेश्वर इंटर कालेज रामबाग में प्रधानाचार्य पद पर तैनात बृजेश तिवारी पूर्व प्रत्याशी लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन भी रह चुके हैं।



महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं

**बछरावां, रायबरेली :** समाधानेश्वर मंदिर में महिला सशक्तिकरण संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एके मौर्य, जिला अध्यक्ष आशा मिश्रा, उपाध्यक्ष रजनी मिश्रा, सरिता अवस्थी, उषा यादव, जिला प्रभारी अजय मिश्रा, मीडिया प्रभारी ऋषि मिश्रा व जिला मीडिया प्रभारी अमित आदि मौजूद रहे।

# जिला क्षयरोग केंद्र के सामने फैली गंदगी से मरीज परेशान

**रायबरेली, अमृत विचार:** जिला क्षयरोग विभाग के सामने बजबजाती नाली व फैली गंदगी से आने वाले मरीज परेशान हैं। जिला पुरुष चिकित्सालय परिसर स्थित जिला क्षयरोग विभाग के मुख्य गेट के सामने से जिला अस्पताल के मुख्य गेट की तरफ स्थित कोरोना जांच केंद्र तक बनी नाली पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। मिट्टी से नाली पटी होने के कारण गंदा पानी सड़क पर भरा हुआ है। जिससे इलाज कराने आए मरीज और तीमारदारों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इमरजेंसी जाने वाले रास्ते पर जिला क्षयरोग केंद्र के सामने भरे गंदे पानी पर स्वास्थ्य महकमे की नजर नहीं है।



जिला क्षयरोग केंद्र के सामने सड़क पर हुआ जलभराव। अमृत विचार

# घर और गुमटी में आग से हजारों का नुकसान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग स्थानों पर शनिवार को घर व गुमटी में आग लगने से हजारों का सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

पहली घटना सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत काल्हीगांव में हुई। शनिवार की दोपहर कृपा शंकर शुक्ला की पत्नी छप्पर के नीचे चूल्हे में खाना बना रही थी। तभी चूल्हे से निकली चिंगारी छप्पर में जा पहुंची और आग लग गई। छप्पर को जलता व धुआं उठता देख ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े और बाल्टी से पानी भर-भरकर व डंडों से पीटकर आग को समय रहते बुझा दिया। गनीमत रही कि इस बाबत किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई।



आग बुझने के बाद सामान समेटती महिला। अमृत विचार



गुमटी में लगी आग को बुझाता दमकलकर्मी। अमृत विचार

वहीं दूसरी घटना महराजगंज के बछरावां रोड स्थित वर्मा मिल के सामने की है, जहां रखी एक गुमटी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। गुमटी से उठती आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा जब तक आग बुझाई जाती तब तक गुमटी में रखा फर्नीचर व किराने का सामान आग से जलकर राख हो गया। पूरे रानी गांव निवासी दुकानदार राम विलास ने बताया कि वह गुमटी में किराना की दुकान चलाता था। शनिवार सुबह उनको जानकारी हुई कि उनकी दुकान में रखा लगभग 50 हजार का सामान जलकर राख हो गया है।

**आयोजन** जिला कार्यालय अटल भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम, जिलेभर में निकाली गयी बाइक रैली,

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** भाजपा ज़िला कार्यालय अटल भवन में धूमधाम से 44वां पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जिले भर में बाइक रैली और पदयात्रा निकाली गयी।

भाजपा ज़िलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी और राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने पार्टी का ध्वज फहराया। ज़िलाध्यक्ष ने बूथ संख्या 342 में लाभार्थियों से संपर्क किया। राज्यमंत्री ने बूथ संख्या 89 में विशेष संपर्क, वीरेंद्र तिवारी ने बूथ संख्या 254, ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने बूथ संख्या 344 में जनसंपर्क किया। विनय शुक्ला ने बताया कि स्थापना दिवस पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल व कार्यक्रम संयोजक शिवेंद्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजलि मौर्या, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव, पूर्व ज़िलाध्यक्ष आरबी सिंह, ज़िला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, ज़िला मंत्री विजय सिंह, विवेक शुक्ला, युवा मोचा अनुज मौर्य, मुकेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, पंकज सिंह, सुनील मौर्य, संदीप जैन, परमजीत सिंह, आशुतोष पांडेय, सुमित पांडेय आदि मौजूद रहे। सदर विधानसभा नगर मंडल ( पूर्वी ) बूथ संख्या 205 में बूथ अध्यक्ष दिनेश सिंह के आवास पर बैठक हुई। इस मौके पर अभिषेक वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक सं जय सिंह आदि थे।



खुशी जताते जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी व अन्य पदाधिकारी।



बैठक करते नगर मंडल अध्यक्ष पूर्वी अभिषेक वर्मा ।

### भाजपा की जड़ हैं पन्ना प्रमुख व बूथ अध्यक्ष : राज्यमंत्री

**परशदेपुर, रायबरेली :** बेढौना गांव में भाजपा के स्थापना दिवस पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व सलोन विधायक अशोक कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। राज्यमंत्री ने कहा कि पन्ना प्रमुख व बूथ अध्यक्ष भाजपा की जड़ है। भाजपा विधायक अशोक कुमार, नसीराबाद चेयरमैन मोहम्मद अली, बहादुरपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह आदि थे।

### नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा बनी सशक्त पार्टी

**लालगंज रायबरेली :** भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हो गया है, उसी तरह भाजपा भी विश्व की सबसे बड़ी सदस्य संख्या वाली पार्टी बन गयी है। उक्त बातें लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने सरेनी के लालगंज में धन्नीपुर शक्ति केन्द्र के मलपुरा में भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर कही। सुशील शुक्ला ने स्थापना दिवस कार्यक्रमों में भाग लिया। लालगंज नगर में पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे की अध्यक्षता में संतोष कुमार बाजपेई ने कार्यक्रम आयोजित किया। दीप प्रकाश शुक्ला ने भी कार्यक्रम आयोजित किया।

## एक नजर

### कल सलोन आएंगी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी



परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आठ अप्रैल को सलोन विधानसभा क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय मंत्री सलोन के सूची के जगदीश भवन, पारी आएंगी। इसके बाद के गड़वा ग्राम में आरए मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम को संबोधित कर छतोह के पूर्व ब्लॉक प्रमुख मोनू सिंह के आवास पर शिष्टाचार भेंट करेंगी। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

### मधुमक्खियों के हमले से बुजुर्ग की मौत, कई घायल

डीह, रायबरेली, अमृत विचार : सीतापुर गांव स्थित मंदिर में भंडारे के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इससे भगदड़ मच गई। इस दौरान मधुमक्खियों के हमले से कई लोग घायल हो गए। वहीं इलाज के दौरान एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

शनिवार को थाना डीह के अंतर्गत सीतापुर गांव स्थित मंदिर में भंडारा चल रहा था। मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ थी। मंदिर के निकट ही पीपल का पेड़ में मधुमखी का छत्ता लगा था। अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इससे भगदड़ मच गयी। कई लोगों को मधुमक्खियो ने डंक मार कर घायल कर दिया। इसमें रतिपाल (65) की हालत गंभीर हो गयी। लोगो ने उन्हें सीएचसी डीह पहुंचाया। डॉ. मलय श्रीवास्तव ने रतिपाल को जिला अस्पताल या रेफर कर दिया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### रिपोर्ट कार्ड पाकर चहक उठे छात्र-छात्राएं

जायस, अमेठी, अमृत विचार : यूनिक पब्लिक स्कूल ने शनिवार को बच्चों को रिपोर्ट कार्ड बांटे गए। रिपोर्ट कार्ड पाकर छात्र-छात्राएं चहक उठे। प्रबंधक राम किशोर मौर्य ने बताया कि एलकेजी में दक्ष मौर्य प्रथम, दिशा मौर्य द्वितीय व तृतीय मो. सैफ, यूकेजी में नैना प्रथम, रवी द्वितीय व अर्नव ने तृतीय स्थान हासिल किया है। कक्षा एक में दीक्षांत तिवारी प्रथम, इकरा फातिमा द्वितीय व इशानी ने तृतीय स्थान हासिल किया है। कक्षा दो में श्रद्धा मौर्या प्रथम, सिद्धार्थ सेन द्वितीय व दिव्यांश तृतीय रहे।

### कल मनाया जाएगा विद्यालय का वार्षिकोत्सव

अमेठी, अमृत विचार : गुरुकुल ज्ञान अकैडमी स्कूल में 8 अप्रैल को विद्यालय का वार्षिकोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी विद्यालय के प्रबंधक ओपी सिंह ने दी है।

# लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी जरूरी

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अमेठी

अमृत विचार : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से 20 मई को स्वयं तथा अपने आसपास के सभी लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए जरूरी है कि हम सभी 20 मई को अपने बूथों पर मतदान करें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का नाम अभी तक मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हुआ है, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा लें, ताकि मतदान के दिन समस्या न हो। उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र में जो लोग बाहर रह रहे हों उनसे फोन के माध्यम से बात करके 20 मई को मतदान करने के लिए आने की अपील करें। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त जनपद वासियों से आह्वान किया कि 20 मई को मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर अवश्य पहुंचें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, अमित सिंह, प्रतीक्षा पांडे सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

# एम्स में पहली बार की गयी मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी

**कामयाबी**

- छह घंटे तक चली सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में किया गया शिफ्ट

राही, रायबरेली

अमृत विचार : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में पहली बार शहर के ही एक बुजुर्ग की सफल ओपन हार्ट सर्जरी की गई। शल्य चिकित्सा (सीटीवीएस) विभाग के प्रो. डा. संकल्प ने 73 वर्षीय मरीज की ओपन हार्ट बाईपास सर्जरी कर उसे नया जीवन प्रदान किया।

परिजनों ने बताया कि मरीज को सीने दर्द बना रहता था। पहली बार कार्डियोलॉजी में डा. आशीष जैन को दिखाया। सभी जांच कराने पर पता चला कि तीन नसें पूरी तरह से बंद है। जिसके बाद मरीज को सीटीवीएस विभाग भेजा गया। वहां पर सभी जांचे देखने के बाद ओपन हार्ट सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। सीटीवीएस विभाग के प्रो. डा. संकल्प ने बताया कि डॉ. सुरेंदर जांगिड़ कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, डॉ विष्णु सिद्धार्थ, नर्सिंग अफसर आंचल कटोच व अंजू यादव के सहयोग से सर्जरी की गई। लगभग छह घंटे तक चली सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। इसके बाद मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ है। उप निदेशक एसके सिंह ने पूरी टीम को बधाई दी।

# सौहार्द के साथ मनायें ईद का त्योहार

शुकुल बाजार, अमेठी

अमृत विचार : थाना परिसर में शनिवार को ईद उल फितर पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें शांति और सौहार्द से ईद मनाने की अपील की गयी। अध्यक्षता एसडीएम मुसाफिरखाना व सीओ ने की। उप जिलाधिकारी अनुभव कन्नौजिया ने कहा कि ईद उल फितर का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है।

पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी लोगों की है। सभी समुदाय के लोग मुस्लिम समुदाय की इस महत्वपूर्ण पर्व को मनाने में अपना सराहनीय सहयोग करें। सीओ अतुल कुमार सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार का ऐसी कोई हरकत न हो जिससे शांति व्यवस्था में खलल पैदा हो। थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने कहा कि पर्व को लेकर ईदगाह मस्जिद सहित अन्य स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। ईद की विशेष नमाज के दौरान खासकर पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहेगा। सभी ईदगाह स्थलों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सतीश मिश्रा, ग्राम प्रधान भाई लाल, ग्राम प्रधान मुन्ने बाबू, प्रधान प्रतिनिधि जगदीश पाल सहित क्षेत्र के अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे।



शुकुल बाजार थाने पर पीस कमेटी की बैठक में शामिल एसडीएम व सीओ।

## सार-संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा की हुई शुरुआत



स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी में भागवत कथा सुनते श्रद्धालु।

अमेठी, अमृत विचार : स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी में शनिवार से श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत हुई। कथा व्यास ने भक्ति और भक्त के विभेद बताए। टीकरमाफी स्थित स्वामी परमहंस आश्रम परिसर में स्थापित हनुमानगढ़ी मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में डा. श्याम सुंदर पाराशय महराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा व 16 अप्रैल से चित्रकूट धाम कामतानाथ प्रमुख द्वार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज द्वारा श्रीराम कथा का वर्णन किया जाएगा। कथा के दौरान, विद्या शंकर, संतोष शास्त्री, स्वामी प्रसाद त्रिपाठी, सत्य प्रकाश पाण्डेय, हरि प्रसाद, प्रमोद कुमार, राम कुमार, धर्मेंद्र आचार्य आदि थे।



पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों के साथ मौजूद बीईओ और शिक्षक।

### बेहतर प्रदर्शन पर मेधावियों को किया पुरस्कृत

रायबरेली, अमृत विचार : पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरे प्रान सिंह में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ डलमऊ नंदलाल रजक ने कहा कि विद्यालय का वातावरण एवं अनुशासन कार्यरत अध्यापकों की मेहनत और लगन को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज पाण्डेय एवं स्टाफ की प्रशंसा की। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी। बीईओ ने स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। संचालन ब्लॉक के महामंत्री कीर्ति मनोहर शुक्ला ने किया।

### अनुमति के लिए 48 घंटे पूर्व करना होगा ऑनलाइन आवेदन

अमेठी, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी सभी अनुमतियों के लिए सुविधा पोर्टल, मोबाइल एप विकसित किया है। अनुमति के लिए उन्हें सुविधा एप पोर्टल पर 48 घंटे पूर्व निर्धारित प्रारूप पर संलग्नकों सहित ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# दो युवकों व वाहनों को टक्कर मारकर ठेले में घुसी कार

अमावां, रायबरेली

अमृत विचार : मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर अनियंत्रित कार ने सड़क के किनारे दो युवकों को टक्कर मारने के बाद सड़क के किनारे खड़ी पांच बाइकों व दो कारों में टकराते हुए एक ठेले में घुस गई। यातायात पुलिस ने घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। कार समेत कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। शनिवार को सुल्तानपुर रोड पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा मलिक मऊ के पास जायस निवासी इशरत हुसैन कार से जायस की ओर जा रहा था। तभी कार अनियंत्रित हो गई। कार सड़क के किनारे खड़े महराजगंज थाना क्षेत्र के गया प्रसाद व एक अन्य युवक को टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे खड़ी तीन कारों और पांच बाइकों ठोकर मारते हुए सड़क के किनारे एक ठेले में जाकर घुस गई। पुलिस ने चालक इशरत हुसैन को हिरासत में लेकर कार को कब्जे में ले लिया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि चालक को झपकी आने के कारण दुर्घटना हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।



बेकाबू कार की टक्कर से क्षतिग्रस्त बाइकें और ठेला। अमृत विचार

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# भाजपा में सभी धर्मों का सम्मान

अमेठी

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू ने कहा कि देश में बिना किसी भेदभाव के सब को एक साथ लेकर चलने का नाम भाजपा है, जहां सभी धर्म जाति के लोगों का सम्मान है।

पिंटू ने अमेठी विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ सहित कई स्थानों पर लोगों को मिठाई बांटकर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया। पिंटू ने रायपुर फुलवारी बूथ पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें भाजपा के अमेठी प्रभारी शंकर गिरी ने हिस्सा लिया। रायपुर में शंकर गिरी, अमरेंद्र सिंह पिंटू, सुधांशु शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, मंडल महामंत्री भूपेंद्र मिश्र, अशोक श्रीवास्तव, रायपुर फुलवारी शक्ति केंद्र संयोजक ओमजी सभी बूथ अध्यक्ष बूथ समिति सभी पन्ना प्रमुख आदि मौजूद रहे। अमरेंद्र सिंह ने कहा कि अमेठी में स्मृति ईरानी हम सबकी सांसद हैं जो अमेठी को परिवार मानती हैं। भाजपा नेता ने कहा कि स्मृति ईरानी के प्रति अमेठी का जो प्रेम है, उसी का परिणाम है कि विपक्ष को अमेठी में उम्मीदवार नहीं मिल रहा है। जिला पंचायत राजेश अग्रहरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आगे बढ़ रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आप सब देख रहे हैं कि निःशुल्क राशन योजना में जाति धर्म की बात नहीं होती। यह नहीं देखा जाता है कि वह किस धर्म जाति का है। सभी को योजना का लाभ मिल रहा है।



भाजपा के स्थापना दिवस पर बाइक रैली निकालते भाजयुमो कार्यकर्ता।

### कुपोषित बच्चों को एनआरसी पहुंचाएं आशाएं : सीएमओ

जायस, अमेठी, अमृत विचार : सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह शनिवार को बहादुरपुर ब्लाक के तेंदुआ आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह सैम बच्चे को देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कुपोषित बच्चों को एनआरसी सेंटर पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होने चिकित्सकों को समय से आकर रोगियों के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए इलाज करने को कहा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

### तेज हवा के चलते दोपहर में नहीं मिलेगी बिजली

सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार : शॉर्ट सर्किट के चलते खेत में खड़ी फसल जलकर खाक हो रही हैं। ऐसे में बिजली विभाग ने एहतियात बरतने का फैसला लिया है। अब हवा चलने पर दोपहर के वक्त बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। अधिशासी अभियंता सत्येंद्र पाण्डेय ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। जेई सरोज राजभर ने कहा है कि गेहूं की फसल पककर तैयार है। शार्ट सर्किट से आगजनी का सिलसिला शुरू हो चुका है। बीरेन्द्र राजभर, टीजीटू और टीजीटू दिनेश यादव ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा दोपहर के वक्त बिजली की कटौती की जाएगी। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद तेज हवा चलने पर बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाएगी और जिस दिन हवा नहीं चलेगी उस दिन रोस्टर के मुताबिक बिजली मिलेगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम परमेश्वर से बदलकर परमेश्वर कुमार गुप्ता रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **परमेश्वर कुमार गुप्ता पुत्र बेचू प्रसाद ग्राम व पोस्ट डुमरैला, थाना झंगहा, जिला गोरखपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अजय कुमार से बदलकर अजय चौधरी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–अजय चौधरी पुत्र ज्ञान दास, निवासी– ग्राम– रेगी, पोस्ट– सल्टौआ, गोपालपुर, जिला बस्ती**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राविंग लाइसेंस यूपी 7619880000115 में धर्मेंद्र कटियार पुत्र एसके कटियार अंकित है। आधार कार्ड में मेरा नाम धर्मेंद्र कुमार कटियार पिता का नाम श्री कृष्ण कटियार है। हमें दोनों नामो से पुकारा जाता है। **– धर्मेंद्र कुमार पुत्र श्री कृष्ण कटियार, निवासी– बधौआ, मसेनी, फर्रूखाबाद**

**सूचना**

सर्वसाधारण लोगों को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वास्तव में **राजेन्द्र प्रसाद पुत्र विश्वनाथ, निवासी– धनौरा काशी प्रसाद, जनपद सिद्धार्थनगर** है। कही कही कागज मे मेरा नाम राजेन्द्र यादव हो गया है। अब आज से मेरे वास्तविक नाम राजेन्द्र प्रसाद के नाम से जाना व पहचाना जाय।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता–इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता–इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइसेंज
यूजी डिप्लोमा – डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा – डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइसेंज
डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइसेंज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in



**27वां रोजा**

सहरी : 04 .33 बजे, सोमवार

इफ्तार : 06 .29 बजे, रविवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# आयोग के ऐप डाउनलोड करें मतदान कार्मिक

## सी विजिल और वोटर हेल्पलाइन ऐप का अधिक से अधिक हो प्रचार-प्रसार : डीएम

हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सभी सीडीपीओ व खण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। सभी अधिकारी व उनके अधीनस्थ सभी कर्मचारी स्वयं सी विजिल ऐप व वोटर हेल्पलाइन ऐप को डाउननलोड करें। अधिकारी व कर्मचारी स्वयं इन ऐप के बारे में सीखें व दूसरों को भी इनको डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को इन ऐप के बारे में विस्तार से बताया।

कहा कि चुनाव में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी समय से फॉर्म 12 या 12 ए भरकर जमा करें। यदि किसी कर्मचारी की अपनी लोकसभा में ड्यूटी लगी है तो वह फॉर्म 12 भरकर ईडीसी के लिए आवेदन कर सकते हैं और जिस बूथ पर ड्यूटी लगी है वहीं वोट कर सकते हैं। फॉर्म 12 ए पोस्टल बैलट के लिए है। यह संसदीय क्षेत्र से बाहर ड्यूटी करने वाले कार्मिकों के लिए है। घर पर वोट की सुविधा के इच्छुक दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए फॉर्म 12 डी जारी किया जाता है। उन्होंने नारी शक्ति, दिव्यांगों व युवाओं को समर्पित बूथ प्रत्येक विधानसभा में बनाये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त सभी बूथों को आदर्श बूथ बनाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों के मध्य इन सुविधाओं का प्रचार-प्रसार किया जाये। सभी ग्रामों में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी जाये। इस अवसर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड करें फॉर्म 12 डी

हरदोई। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि बीएलओ के माध्यम से दिव्यांगों व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को फॉर्म 12 डी का वितरण ससमय करा लिया जायेगा। ऐसे मतदाताओं को घर पर मतदान की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने कहा है कि यह फॉर्म निर्वाचन आयोग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है तथा समस्त विवरण भरकर ईआरओ के पास जमा कराया जा सकता है।

### डीएम ने की इपिक वितरण की समीक्षा

**हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में इपिक वितरण के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि इपिक वितरण की नियमित समीक्षा की जाये। डाक को इपिक देते समय पावती प्राप्त की जाये। डाक विभाग के साथ बैठक की जाये। डाकियों से भी इस सम्बन्ध में संवाद किया जाये। जिलाधिकारी ने अब तक वितरित इपिक का सम्बंधित अधिकारियों से ब्यौरा लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




## ई-रिक्शा चालकों ने निकाली रैली, डीएम ने दिखाई हरी झण्डी

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस लाइन से शनिवार को ई-रिक्शा चालकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में बड़ी संख्या में शहर के ई-रिक्शा चालकों ने भाग लिया। रैली को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली रवाना होने से पूर्व कपिल गुप्ता नाम के ई-रिक्शा चालक द्वारा अन्य साथी ई-रिक्शा चालकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ई-रिक्शा चालक स्वयं 13 मई को मतदान के लिए अवश्य जाएं तथा सवारियों व पास पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें। हमारा वोट ही सशक्त लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं के पास मतदान से पूर्व मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इनफार्मेशन स्लिप) पहुंच जाएगी। जिसमें मतदाता सूची में मतदाता का क्रमांक मिल जायेगा। इसके आलावा प्रत्येक परिवार को वोटर इनफार्मेशन गाइड दी जाएगी जिसमे मतदान केन्द्र व बूथ का स्पष्ट उल्लेख होगा। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि ई-रिक्शा चालक मतदाता जागरूकता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि सभी लोग अपने वोट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने ई-रिक्शा चालकों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी क्यू आर कोड व ऐप के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से हम मतदाता सूची में अपना नाम व बूथ का नाम देख सकते हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु के जिन लोगों के नाम अभी भी मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं वे लोग 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। सी विजिल ऐप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते हैं। स्वीप प्रभारी उपनिदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर ने कहा कि 13 मई को सभी मतदाता वोट डालने अवश्य जाएं। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, एआरटीओ दयाशंकर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, अधिशाषी अधिकारी विनोद सोलंकी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर-घर पहुंचाई जाएगी मतदाता सूचना पर्ची

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इनफार्मेशन स्लिप) का वितरण कराया जायेगा। यह पर्ची मतदान के 5 दिन पूर्व तक सभी मतदाताओं तक पहुंचा दी जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक परिवार तक वोटर इनफार्मेशन गाइड भी पहुँचायी जाएगी। वोटर इनफार्मेशन गाइड परिवार के अनुसार वितरित की जाएगी। अर्थात प्रत्येक परिवार के पास एक वोटर इनफार्मेशन गाइड उपलब्ध होगी। इस पर मतदान केन्द्र व बूथ के नाम का उल्लेख होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप प्रत्येक मतदाता के लिए होगी। इस पर मतदाता क्रमांक उल्लिखित होगा। उन्होंने निर्देश दिया है कि इनका वितरण ससमय सुनिश्चित कर लिया जाये। सम्बंधित ईआरओ वोटर इनफार्मेशन गाइड व वोटर इनफार्मेशन स्लिप के वितरण की नियमित समीक्षा करते रहे।

## पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव को लेकर सीआरपीएफ के जवानों के साथ कोतवाल निर्भय सिंह ने कस्बे सहित ग्रामीणों क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। ऐसे में चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों को सख्त चेतावनी दी। शनिवार को कोतवाल निर्भय सिंह ने सीआरपीएफ के जवानों के साथ कस्बे के चौराहा, सुभाष पार्क, गंगारामपुर, बंदीपुर, बाजीगंज, गोवर्धनपुर, भगवन्तनगर राघौपुर, बिराइचमऊ, तेरवकुल्ली करवा सहित अन्य गांवों में फ्लेग मार्च किया। मतदाताओं को निडर होकर मतदान करने को लेकर अपील की। कोतवाल ने बताया कि अगर किसी के द्वारा चुनाव में किसी भी प्रकार का प्रलोभन या धमकी देकर मतदान के लिए दवाब बनाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## ग्राम पंचायत में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। ब्लॉक के ग्राम पंचायत हूसेपुर लुकमान में लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई। खंड विकास अधिकारी सुश्री काजल के नेतृत्व में यह रैली ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान शांति देवी और ग्राम विकास अधिकारी राजीव सिंह की देखरेख में निकाली गई। रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। खंड विकास अधिकारी सुश्री काजल ने कहा कि सभी लोग आने वाली 13 मई को अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदान अवश्य करें, तथा लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता रैलियां निकालकर जागरूकता संदेश दे रहा है।

## एक नजर

### युवक को उठा ले गई पुलिस मुख्यमंत्री से की शिकायत

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** थाना कासिमपुर के ग्राम चांदा बैजा निवासी रामरानी पत्नी रामदयाल ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है कि शुक्रवार को उसके पुत्र मिथलेश को कासिमपुर पुलिस घर से उठा कर ले गयी है। अभी तक कोई मुकदमा नहीं है। उसने बताया कि दीवान कमल नरायण व दरोगा आरपी राव कह रहे थे कि तुम्हारी नोटिस आयी है उसे विश्वास है कि उसके पुत्र पर फर्जी मुकदमा लिखकर जेल भेज सकते हैं।

### तीन बच्चों की मां ने घरेलू विवाद में की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** किसी घरेलू बात पर खफा हुई तीन बच्चों की मां ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार करीब 12 साल पहले पिहानी कोतवाली के सतरवां गांव निवासी सुरेश ने अपनी पुत्री रीता की शादी मझिला थाने के चिंता पुरवा निवासी राजेश के साथ की थी। रीता और राजेश के तीन बच्चे हैं। जैसा कि बताते है कि शुक्रवार की रात में किसी घरेलू बात पर कुछ कहासुनी है गई। उसी बात से रीता ने नाराज होकर कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।



समिति में गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते एफसीआई के निदेशक।

# आठ न्यायाधीशों का गैर जनपद स्थानांतरण, 17 नए आएंगे

हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद में कार्यरत आठ न्यायाधीशों का गैर जिलों को स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर विभिन्न जनपदों से स्थानांतरित होकर यहां 17 न्यायाधीश आ रहे हैं। इनमें 10 न्यायाधीश अपर जिला जज कैडर से हैं, जबकि छह सिविल सीनियर सीनियर रैंक के है एक अन्य जूनियर डिवीजन रैंक अधिकारी है।

हाईकोर्ट ने जारी लिस्ट के अनुसार जनपद में कार्य कर रहे अपर जिला जज कुलदीप सिंह व सिविल जज सीनियर डिवीजन तूलिका बंधु को जनपद बनारस को भेजा गया है। इसी प्रकार अपर जिला जज निरुपमा विक्रम को जनपद अयोध्या, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे को मेरठ, अपर जिला जज सुनील कुमार सिंह को फिरोजाबाद भेजा गया है, जबकि अपर सीजे एम अंशुमलि पांडे को अयोध्या, राम गोपाल यादव को झांसी, रश्मि चंद्र को आजमगढ़ स्थानांतरित किया गया है।इसके अलावा यहां गैर जनपदों से स्थानांतरित होकर 10 अपर जिला जज केडर के न्यायाधीश यहां आ रहे हैं।इनमें जनपद बिजनौर से मनमोहन सिंह, जनपद सहारनपुर से भूपेंद्र प्रताप ,जनपद मथुरा से ज्योति, जनपद बलिया से श्रद्धा तिवारी, जनपद औरैया से सुनील कुमार सिंह, जनपद अयोध्या से यशपाल, जनपद बदायूं से मोहम्मद नसीम ,जनपद लखनऊ से प्रदीप कुमार, जनपद अमरोहा से कुसुम लता व जनपद मथुरा से संजय चौधरी यहां आ रहे हैं।सिविल जज सीनियर डिवीजन कैडर के छह न्यायाधीशों में जनपद अयोध्या से स्थानांतरित होकर रिचा वर्मा, जनपद गाजियाबाद से मृत्युंजय कुमार ,जनपद मुरादाबाद से स्मिता गोस्वामी ,जनपद आजमगढ़ से अनीता व देवेंद्र प्रताप सिंह व जनपद अलीगढ़ से अंजलि रानी यहां आ रही है। वहीं सिविल जज जूनियर डिवीजन कैडर के अधिकारियों में जनपद चंदौली से अमृतांशु राज यहां आ रहे हैं। यह स्थानांतरित हुए सभी न्यायाधीश 15 अप्रैल को दोपहर बाद यहां कार्यभार छोड़ देंगे।

# अधिक से अधिक हो गेहूं की खरीद

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर की नवीन मंडी समिति में खोले गए गेंहू क्रय केंद्रों का खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम ने केंद्रों की व्यवस्थाओं सहित अन्य बड़े व्यापारियों से भी वार्ता कर क्रय केंद्रों पर अधिक से अधिक खरीद करने के निर्देश दिए। नवीन मंडी समिति में बनाए गए गेंहू क्रय केंद्रों का शनिवार को भारतीय खाद्य विभाग के कार्यकारी निदेशक ए एस अरुणाचलम ने मंडल प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम तरुण कुमार,सहायक महाप्रबंधक गुणवत्ता भारतीय खाद्य निगम आशीष कुमार और जिला खाद्य विपणन अधिकारी निहारिका सिंह के साथ औचक निरीक्षण किया।क्रय केंद्रों पर किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण टीम ने मंडी व्यापारियों से भी वार्ता कर गेहूं खरीद की सत्यता का हाल जाना। क्रय केंद्रों के प्रभारियों को अधिक से अधिक खरीद करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा केंद्रों पर गेहूं लेकर आने वाले किसी भी किसान को असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर मंडी सचिव अमित कुमार के अलावा मंडी कर्मचारी और व्यापारी उपस्थित रहे।

### होटल मालिक ने तोड़ा प्राचीन मंदिर, स्थानीय लोगों में रोष

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** जनता धर्म कांटा वार्ड नं. 9 बाबा हजारा बाग कस्बा सण्डीला के वार्डवासियों ने मुख्यमंत्री से कृष्णा होटल मालिक के विरुद्ध मंदिर तोड़वाने के बाद पुन: निर्माण न कराए जाने से मुकरने पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। सण्डीला में मुख्य मार्ग रोड की सड़क सीमा छोड़कर करीब 50 वर्ष पुराना शिवजी का मन्दिर स्थित था। जिसे लखनऊ निवासी पप्पू ने तोड़वा दिया है। यह कहकर कि मन्दिर को दोबारा बनवाएंगे, जिसको लेकर आसपास के लोगों ने विरोध किया था, जिसके विषय में थाना सण्डीला में समझौते में कृष्णा होटल के मालिक ने मन्दिर को पुन: बनवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब होटल मालिक मंदिर बनवाने में बहानेबाजी कर रहा है।

# महिलरा गांव की सड़क बनी नाला

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार

ब्लाक के करीमनगर न्याय पंचायत के मजरा महिलरा की सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है। जिससे सड़क नाला जैसी प्रतीत होने लगी है। मवैया, ऐठा खेड़ा भुजई पुरवा, तिलक पुरवा आदि दर्जनों गांव के सैकड़ों ग्रामीणों को दूषित पानी से होकर रास्ता गुजरना पड़ता है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी गली में भरा हुआ है। कई दिनों से गंदा पानी गली में जमा होने के कारण इसमें से बदबू भी आने लगी है और मच्छर भी पनपने लगे हैं। इससे ग्रामीणों में बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

मुख्य मार्ग पर नाली का पानी बह रहा है, जिससे यहां से होकर आने जाने वालों और पास में रहने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा सता रहा है। लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन अभी तक इस ओर किसी भी अधिकारी के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। जिसकी वजह से समस्या जस की तस बनी हुई है। इस मामले में करीमनगर प्रधान मेहंदी हसन का कहना है कि उनके विरोधियों ने गन्दा पानी का निकास बंद करके रखा है।उन्होंने पुलिस व ब्लाक के अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों को सूचना दी है,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रधान का कहना हैं कि उनकी चलती ही नहीं है। जहां कहीं भी जाओ कोई सुनवाई ही नहीं होती है।



VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्डों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग** - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

# दो सांसदों से शुरू हुआ सफर होने जा रहा 400 के पार : नितिन

## भाजपा के स्थापना दिवस में बोले आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल

हरदोई

**अमृत विचार।** भाजपा जिला मुख्यालय पर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने 45वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय ने किया।

मुख्य अतिथि प्रदेश आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पार्टी का दो सांसदों से शुरू हुआ सफर जनता के आशीर्वाद से 400 के पार होने जा रहा है। यह पार्टी और कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल है। देश और जनता की सेवा का मनोरथ जो पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई ने लिया था, उसे धरातल पर उतारने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कहा कि पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी। भारत को विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था का तमगा मिला। विश्व बिरादरी ने नए भारत की आर्थिक प्रगति और सनातन संस्कृति का लोहा माना। कहा कि मोदी का नेतृत्व भारत का सुनहरा युग है। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने ग्रामीण मंडल में पार्टी की स्थापना दिवस कार्यक्रम को मनाया। इस मौके पर पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामौतार शुक्ला, राजीव रंजन मिश्र, राम बहादुर सिंह, रामकिशोर गुप्ता गुड्डू, वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रेश नाथ गुप्ता, वीरेंद्र बाजपेई, प्रेमपाल लोहिया, सुमन सिंह, अरविंद सिंह भालोद, उमेश अग्रवाल, सुशील अवस्थी मंच पर उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले के सभी सांसद व विधायक गण अपनी विधानसभा के मंडलों के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद रहे।


पार्टी के स्थापना दिवस पर बाइक रैली को झंडी दिखाते जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन।

### बेनीगंज में मनाया गया स्थापना दिवस

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विश्व की सबसे बड़ी पार्टियों में से एक भारतीय जनता पार्टी का शनिवार को 45 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। बालामऊ विधानसभा के सह संयोजक रोहित वैश्य ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने सिद्धांतों पर चलते हुए सभी वर्गों के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहती है, केन्द्र हो या राज्य भारतीय जनता पार्टी ने सुशासन को नए सिरे से परिभाषित किया है, पार्टी द्वारा संचालित योजनाओं और नीतियों ने देश के लोगों को एक नई ताकत दी है, भाजपा देश को भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है।



### जिला पंचायत अध्यक्ष ने सांडी नगर में किया भ्रमण

**हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा के स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती, पीके वर्मा ने सांडी नगर में आयोजित कार्यक्रम में पं. दीनदयाल उपाध्याय, डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्रों पर श्रद्धा सुमन समर्पित किए। सांडी नगर का पद भ्रमण कर, क्षेत्रवासियों को भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष सांडी नगर श्यामजी शर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश गुप्ता तथा मंडल महामंत्री रामकिशोर मस्ताना सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर में घुसे चोर को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरघटा में घर में घुसे चोर को मकान मालिक ने पकड़ कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। ग्रामीण बाबूराम ने बताया कि शुक्रवार की रात आवाज होने पर वह जाग गया। देखा कि कोई व्यक्ति चोरी के इरादे से छत के रास्ते घर में घुस आया है। उसने चुपके से उसे दबोच लिया और चोरी किया हुआ सामान छीन लिया। आरोपी की पहचान गांव के ही राम किशोर उर्फ गल्ली के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया चोर को घर के अंदर से पकड़ कर मकान मालिक ने पुलिस के सुपुर्द किया है। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

### तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाहाबाद, हरदोई।** क्षेत्र के जमुरा रोड से एक युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने युवक को जेल भेज दिया है। कस्बे के आझी चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया वह हमराही आरक्षी तेजपाल और रिजवान के साथ रेलवे स्टेशन के समीप गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जमुरा रोड के दौलतपुर गंगादास मोड़ पर संदिग्ध युवक को खड़ा पाया। पूछने पर युवक ने अपना नाम रंजित तेली निवासी फतेहपुर गयंद बताया। युवक की तलाशी में उसके पास से 12 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

### खेलते समय छज्जे से गिरा बालक, मौत

**शाहाबाद, हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम कैमी में खेलते समय एक 10 वर्षीय बालक छत का छज्जा टूटने से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम कैमी निवासी गोलू 10 वर्ष पुत्र गुड्डू खेलते खेलते छत के छज्जे पर पहुंच गया। अचानक छज्जा टूटा और छज्जे के साथ गोलू नीचे गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घर में चीख पुकार मच गई। एंबुलेंस से घायल गोलू को तत्काल सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस की मुस्तैदी से पिहानी का माहौल बिगड़ने से बचा

पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** शुक्रवार की शाम पुलिस की मुस्तैदी के चलते कस्बे का माहौल बिगड़ते- बिगड़ते बचा। कस्बे के मोहल्ला कोट कला में एक धार्मिक कार्यक्रम में एक विशेष समुदाय के तीन युवक टोका टाकी व टिप्पणी करने पहुंच गए। तीनों युवकों ने धार्मिक कार्यक्रम में जमकर बवाल काटा, जिस पर आयोजक व मोहल्ले वालों ने आपत्ति जताई। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई और स्थिति नियंत्रण में की। तीनों युवकों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया।

उधर कस्बे के दोनों पक्षों के अमन पसंद लोगों ने भी सराहनीय भूमिका निभाई। कस्बा इंचार्ज रजनीश त्रिपाठी व कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ ने दोनों पक्षों के लोगों के सुलह समझौते के प्रस्ताव को स्वीकार करके मामला शांत कर दिया। कस्बे की घटना पुलिस उच्च अधिकारियों के संज्ञान में भी हो गई। उच्चाधिकारियों ने कस्बे के लोगों से यह अपील भी की है कि वह आगामी चुनाव और त्योहारों को देखते हुए संयम से काम लें और सौहार्द का वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों एवं धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप धीमी ही रखने की सलाह दी।

# चुनावों में नुक्कड़ सभाएं बहुत उपयोगी : इं. अवनीश

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय पर आयोजित नुक्कड़ सभा कार्यशाला मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश सह संयोजक नुक्कड़ सभा इंजीनियर अवनीश सिंह और क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता, कार्यालय मंत्री विमल सिंह की उपस्थित में संपन्न हुई।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश सिंह ने कहा कि चुनावों में नुक्कड़ सभाओं की एक बड़ी उपयोगिता है। स्थानीय जनता इसके माध्यम से देश और प्रदेश के मुद्दों से लेकर स्थानीय मुद्दों पर नेता और पार्टी के विचारों को सुनती समझती है और राय बनाती है। लगभग दो प्रतिशत जनता ऐसी होती है जिसकी राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं होती है, पर वह जब इन नुक्कड़ सभाओं को सुनती है तो इससे पार्टी के प्रति अपनी राय बनाती है।



कार्यशाला में बोलते मुख्य अतिथि एमएलसी इं. अवनीश सिंह। अमृत विचार

कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन और संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री ने की। कार्यशाला में वक्ताओं को विपक्ष के वार को बेअसर और पार्टी की नीति और योजनाओं को जनता के सामने मुखर रूप से रखने के टिप्स जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने दिए। उन्होंने वक्ताओं से कहा कि संगठन के संस्कार और कार्यकर्ताओं की ईमानदारी सबसे बड़ी और अनोखी विशेषता है, जिस कारण जनता ने अपना अटूट आशीर्वाद और प्यार भाजपा की झोली में डाला। वक्ताओं को अपने सौम्य व्यवहार और सरकार के कल्याणकारी कार्यों के माध्यम से पार्टी का पक्ष रखते हुए जनता का दिल जीतना है। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता और अवध प्रांत के कार्यालय मंत्री विमल सिंह ने भी वक्ताओं को जरूरी सुझाव दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, नगरपालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा पीके वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह, लोकसभा संयोजक प्रीतेश दिक्सित आदि उपस्थित रहे।

संडीला संवाददाता के अनुसार नगर मण्डल में लोक सभा केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। मिश्रिख लोक सभा के सांसद अशोक रावत ने कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाया। सण्डीला विधायकअलका अर्कवंशी ने भी पुष्प अर्पित किये। उसके उपरान्त मण्डल अध्यक्ष रमन नितीश जायसवाल के नेतृत्व में मुख्य अतिथि के रूप में सण्डीला विधायक अर्कवंशी के संरक्षण में पद यात्रा सण्डीला नगर में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में लोकसभा सह सयोंजक अतुल तिवारी, जिला उपाधयक्ष सिद्ध प्रताप मौर्या, डाक्यूमेंट्री विभाग क्षेत्रीय सह संयोजक राजेश अस्थाना आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हादसे में दूल्हे के भाई की मौत, दूसरा घायल

हरदोई

**अमृत विचार।** दूल्हे का भाई अपने चचेरे भाई के साथ चौथी विदा कराने बाइक से जा रहा था, उसी बीच सीतापुर रोड पर बेनीगंज कोतवाली के पौथीपुरवा पुलिया पर कार ने टक्कर मार दी, जिसमें चचेरे भाई की मौत हो गई, जबकि दूल्हे का सगा भाई घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को बेहटा गोकुल थाने के बलेहरा निवासी चन्द्रपाल के पुत्र अनूप की शादी हुई थी। शुक्रवार की शाम को दूल्हा अनूप और उसके घर वाले चौथी विदा कराने के लिए बेनीगंज कोतवाली के भगवंतपुर जा रहे थे। चन्द्रपाल का 23 वर्षीय छोटा पुत्र नवनीत 24 वर्षीय अपने चचेरे भाई अवनीश के साथ बाइक से जा रहा था। उसी बीच सीतापुर रोड पर प्रतापनगर चौराहा के पास पौथीपुरवा पुलिया पर कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। उन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां से अवनीश को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। अवनीश पढ़ाई के साथ-साथ इलेक्ट्रिशियन का काम भी करता था।

### पिकअप से टकरा कर महिला की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से खेत पर जाने के लिए हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पार कर रही महिला सड़क हादसे का शिकार हो गई। सड़क पार कर रही महिला को तेज़ रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली देहात के ठगपुरवा मजरा खुमारीपुर निवासी अजयपाल की पत्नी आशा देवी (50) शनिवार की सुबह खेत पर जाने के लिए अपने घर से निकल कर हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पार कर रही थी, उसी बीच तेज़ रफ्तार पिकअप ने



उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर पिकअप ले कर भाग निकला। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की और शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे में आशा देवी की मौत होने की खबर सुनते ही उसके घर-परिवार में कोहराम मच गया। परिवार में उसके इकलौता पुत्र कालू और एक पुत्री है, पुत्री की शादी हो चुकी है।

# बाइक स्टैंड संचालक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

हरदोई

**अमृत विचार।** विकास भवन के बाइक/साइकिल स्टैंड का संचालन करने वाले अधेड़ ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार कर्ज और बेटियों की शादी की चिंता में अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दे दी।

कोतवाली शहर के न्यू सिविल लाइन निवासी 50 वर्षीय रविंद्र वर्मा पुत्र श्रीपाल दोहरे अपने परिवार की गुज़र-बसर के लिए विकास भवन में बाइक/साइकिल स्टैंड का संचालन करता था। पिछले वित्तीय वर्ष में घाटा होने से रविंद्र के ऊपर कर्ज़ा हो गया था। उधर बड़ी हो चुकी बेटी की शादी की सोंच ने उसे डिप्रेशन में पहुंचा दिया। शुक्रवार की शाम को रविंद्र घर से चला गया, काफी देर बाद भी वह घर नहीं लौटा, जिस पर उसका पुत्र शुभम कैनाल रोड पर टाकीज़ के पीछे मकान पर देखने पहुंचा, वहां रविंद्र का शव रस्सी से बंधा फांसी पर लटक रहा था। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। रविंद्र के परिवार में एक बेटा शुभम और तीन बेटियां है।

## सार-संक्षेप

### पांच दुकानों के टूटे शटर, नकदी व सामान चोरी

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** पिछले कुछ समय से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। एक बार फिर पुलिस को चुनौती देते हुए पिकेट के पास ही पांच दुकानों के शटर तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। शुक्रवार रात मिश्राखेड़ा में पुलिस चौकी व 112 पिकेट के सामने से चोरों ने पांच दुकानों शटर तोड़कर दो लाख की नकदी पार कर दी । थाना क्षेत्र अतरौली के मिश्रा खेड़ा में पुलिस चौकी के सामने रवि गुप्ता के कपड़े की दुकान का शटर तोड़कर 57 हजार नकदी , वीरेंद्र दीक्षित की हार्डवेयर की दुकान का शटर तोड़ 42 हजार नकदी, अखिलेश की परचून की दुकान का शटर तोड़ 40 हजार, संजय दीक्षित की चोकर की दुकान से 33 हजार, कुलदीप की किराना की दुकान का शटर तोड़ 35 हजार की नकदी चोर उठा ले गए । शनिवार सुबह पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की । खास बात है कि पुलिस के सुरक्षा घेरे में भी व्यापारी सुरक्षित नही हैं। अतरौली पुलिस सो रही है। पांच-पांच शटर टूट गए और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। प्रभारी निरीक्षक दिलेश सिंह ने बताया कि इलाके में पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है ।

### लोकसभा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ का गठन

**हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा लोकसभा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ की घोषणा प्रदेश संयोजक डा. दिवाकर मिश्रा द्वारा की गई। नवगठित कार्यकारिणी नए मतदाता बने विद्यार्थियों से संपर्क करने के लिए एक अभियान चलाएगी। इसी क्रम में कार्यकारिणी का गठन किया गया है। हरदोई लोकसभा क्षेत्र में आने वाली समस्त विधानसभाओं के संयोजक डॉ कमलकांत बाजपेई व सह सयोंजकों में विधान सभा क्षेत्र 154 सवायजपुर मे करुणेश कुमार व शिवानंद बाजपेई व 155 शाहाबाद में प्रोफेसर रतनलाल व पुरुषोत्तम बाजपेई 156 हरदोई में राकेश कुमार, रमेश सिंह व 157 गोपामऊ में अवधेश रस्तोगी,a पिहानी व 158 सांडी में मोहित त्रिवेदी व संदीप कुशवाहा को भारतीय जनता पार्टी शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश विशेष सम्पर्क अभियान टोली का गठन संयोजक डा. कमलाकांत बाजपेई ने बताया कि लोकसभा में शिक्षण संस्थानों का अत्यधिक महत्व है शिक्षण संस्थान में शिक्षक प्रधानाचार्य प्रबंध समिति से संपर्क की योजना है, वहीं नए मतदाता विद्यार्थियों से भी संपर्क शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ टोली करेगी। साथ ही अभिभावकों से भी संपर्क करेगी।


डा. कमलाकांत बाजपेई।

### लूटे गए ट्रैक्टर के साथ फर्रुखाबाद के चार चोर पकड़े

**हरदोई, अमृत विचार।** पाली पुलिस ने रूपापुर शुगर मिल के पिछले गेट से हमला कर लूटे गए ट्रैक्टर को सरसई बार्डर से बरामद कर फर्रुखाबाद के चार चोरों को गिरफ्तार किया है। फर्रुखाबाद ज़िले के गड़रिया किराचन थाना अमृतपुर निवासी अजय कुमार पुत्र रामस्वरुप 30 मार्च को भतीजे और भांजे के साथ अपने ट्रैक्टर पर गन्ना लाद कर रूपापुर शुगर मिल पहुंचा, वहां तौल होने के बाद वह भतीजे व भांजे के साथ ट्रैक्टर मिल के पिछले गेट पर खड़ा कर उसी में सो गया। उसी बीच तीसरे पहर वहां कुछ लोग पहुंचें और मारपीट करते हुए नगदी व मोबाइल छीन लिया, उसके बाद तीनों को नीचे फेंक कर ट्रैक्टर लूट ले गए। पुलिस ने अगले दिन 31 मार्च को केस दर्ज किया। एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीमें तैयार की गई। मुखबिरों के अलावा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए। उसी बीच शुक्रवार को पुलिस को पता चला कि कुछ लोग ट्रैक्टर से आ रहे है। पुलिस ने सरसई बार्डर पर घेराबंदी कर ट्रैक्टर और उस पर सवार चार लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए सत्येंद्र, मानसिंह, धर्मेन्द्र र व सर्वेंद्र निवासी लोहापानी थाना मऊ दरवाज़ा ज़िला फर्रुखाबाद बताए गए है। पुलिस से हुई पूछताछ में बताया कि वे ट्रैक्टर को बेंचने हरदोई आ रहे थे।

### फिलहाल देरी से ही चलेंगी ट्रेनें, होगी परेशानी

**हरदोई, अमृत विचार।** एक और जहां भारतीय रेल यात्री सुविधाओं के दावे कर रही है, वहीं हरदोई के रेल यात्रियों को लगातार भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हरदोई रेलवे स्टेशन से होकर जाने वाली कई ट्रेन अभी कुछ दिनों पूर्व घंटों की देरी से संचालित हो रही थी। यह देरी आगे भी जारी रहने वाली है। शाहजहांपुर हरदोई रेल खंड पर पड़ने वाले टोडरपुर रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किए जाने को लेकर रेलवे ने कई ट्रेनों को निरस्त, रिशेड्यूल किया था जबकि एक ट्रेन को शॉर्ट टर्मिनेट किया था। हरदोई से होते हुए जाने वाली राज्यरानी त्रिवेणी सियालदह समेत कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटे की देरी से हरदोई पहुंची थी, जिससे दैनिक यात्रियों को सबसे ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। एक बार फिर रेल प्रशासन ने यात्रियों को झटका दे दिया है। रेल प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के आलमनगर रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित मरम्मत कार्य को लेकर ट्रेनों को रीशेड्यूल, और डाइवर्ट करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। ऐसे में लखनऊ जाने वाले दैनिक रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।हरदोई से होकर जाने वाली कई ट्रेनें लखनऊ नहीं जायेंगी, जबकि कई ट्रेन लखनऊ से विलंब से संचालित होगी।



# मूर्ति स्थापना दिवस पर भजन संध्या का हुआ आयोजन

माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला अन्नपूर्णा नगर के राधाकृष्ण गोपाल मंदिर में शुक्रवार की शाम राधा कृष्ण मूर्ति के 20 वें स्थापना दिवस पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कीर्ति कलश की अध्यक्ष उवर्शी माहेश्वरी ने संस्थान की सदस्यों के साथ बांके बिहारी की देख छटा, मेरा मन हो गया लटा पटा..., बरसने में आ जइयो नन्द के लाला...., ओ कान्हा मुरली की मधुर सुना दो तान..., मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आएंगे, आएंगे राम आएंगे..., आंखों मे बसे हो तुम धड़कन में बसे हो तुम.... आदि भजन सुनाए भजन सुन स्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। इस मौके पर सुलेचना माहेश्वरी सविता गुप्ता, रेखा गुप्ता उवर्शी माहेश्वरी, नवल माहेश्वरी, प्रमोद जैन, उमेश माहेश्वरी पदुम गुप्ता, मुरारी, हर्षित माहेश्वरी आदि लोग मोजूद रहे।

# लोक कल्याण के लिए यज्ञ में डालीं आहुतियां

हरदोई

**अमृत विचार।** नगर की आवास विकास कॉलोनी में चल रही 51 कुंडीय यज्ञ में शनिवार को गायत्री परिजनों ने आहुतियां देकर लोक कल्याण की कामना की।

बताते चलें कि गायत्री परिवार द्वारा 51 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सुबह से ही हवन पूजन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। पूरा दिन माहौल भक्तिमय बना रहता है। हवन की सुगंध से पूरा क्षेत्र सुगंधित हो जाता है। इन दिनों पूरा माहौल भक्ति संगीत व अध्यात्म चर्चा से गुंजायमान हो रहा है। हरिद्वार से आई टोली लोगों को बुराइयों व व्यसन से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रही है। कार्यक्रम स्थल में तमाम मांगलिक आयोजन भी हो रहे हैं। गायत्री परिवार के लोग व्यक्ति के विचारों को पुरानी संस्कृति से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम में भावी पीढ़ी को संस्कारवान कैसे बनाया जाए इस पर चर्चा के साथ ही पुरानी संस्कृति को अक्षुण्य रखने की विधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में अतुल श्रीवास्तव, आस्था, अभिषेक, माही, श्रुति, अंश ,शिवान, प्रशान्त, कान्हा,संध्या, सपना, यश आदि ने देखी।


हवन पूजन करते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

**समस्या** हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं नदारद, जिम्मेदार अधिकारी शिकायत पर भी नहीं दे रहे ध्यान

# धूप से बचाव के लिए न शेड और न ही पीने को ठंडा पानी

हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय रेलवे की ओर से यात्री सुविधाओं को लेकर लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत नये रेलवे स्टेशन बन रहे हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन को भी अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया था। जिसके अंतर्गत रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण का कार्य चल रहा है।

लेकिन इन दिनों हरदोई स्टेशन पर रेल यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन ऐसा लगता है कि रेलवे के अधिकारियों को यहां की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। स्टेशन पर तेज धूप और बढ़ रही गर्मी के बावजूद बैठने से या ट्रेन का इंतजार करते समय खड़े होने के लिए टीम शेड तक नहीं उपलब्ध है। न ही पीने के लिए पानी की कोई व्यवस्था है। जिम्मेदार शिकायत करने पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्य का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते हैं।


हरदोई रेलवे स्टेशन पर धूप में खड़े रहकर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

### मंडल रेल प्रबंधक को भी नहीं दिखीं समस्याएं

**हरदोई, अमृत विचार।** प्लेटफार्म नंबर चार अमृत भारत स्टेशन योजना में हरदोई के आने से पहले ही नया बनाया गया था। प्लेटफॉर्म बनने के समय भी यात्री सुविधाओं को ध्यान में नहीं रखा गया था जिसका खामियां अब रेल यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। प्लेटफार्म नंबर 3 पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर हरदोई रुकने वाली ट्रेन प्लेटफार्म नंबर चार पर आ रही हैं। ऐसे में प्लेटफार्म चार व पांच पर टीन शेड का अभाव है। यात्रियों को भीषण गर्मी में तेज धूप में खड़े रहकर अपनी ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है वहीं यात्रियों को ठंडा पानी के लिए भी लंबी दौड़ लगानी पड़ रही है। हरदोई के प्लेटफार्म नंबर एक और तीन पर वाटर कूलर लगा है जबकि प्लेटफार्म नंबर 4 व 5 पर वाटर कूलर नहीं है और न ही टीन शेड की कोई पर्याप्त व्यवस्था है। ऐसे में यात्रियों को ठंडा पानी के लिए प्लेटफार्म नंबर एक की दौड़ लगानी पड़ रही है जबकि कुछ यात्री बोतल बंद पानी को खरीद कर पी रहे हैं। हाल ही में मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने हरदोई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था( मंडल रेल प्रबंधक को निरीक्षण के दौरान यात्रियों को हो रही यह असुविधा नजर नहीं आई। हरदोई पहुंचे मंडल एवं प्रबंधक अन्य बातों पर निर्देशित कर निरीक्षण की खानापूर्ति कर चले गए।

# पूर्व चेयरमैन बसपा छोड़ भाजपा में शामिल

**हरदोई,अमृत विचार।** हाथी पर सवार होकर नगर पालिका पहुंचे रामजी ने लोकसभा चुनाव आते-आते हाथी से उतर कर कमल को थाम लिया। गौरतलब हो कि नगर पालिका के चुनाव में बसपा से टिकट लाकर रामजी गुप्ता सांडी नगर पालिका के चेयरमैन बने थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों से हाथी की ऊंचाई से गिरने से वह घबड़ा रहे थे। लोकसभा चुनाव आते-आते वह हाथी से उतर गए और कमल को हाथ में ले लिया। बताते चलें कि रामजी गुप्ता इससे पहले भी सांडी नगर पालिका के अध्यक्ष रह चुके हैं। नगर पालिका चुनाव में उन्हें भाजपा से टिकट नहीं मिला था, लेकिन जनता की भावनाओं को वह ठुकरा नहीं सकता थे, इसलिए बसपा में जाना पड़ा था।

रविवार विशेष

# आधे से ज्यादा मतदाताओं का बन चुका मूड

मतदाता व्यवहार या मनोविज्ञान बताता है कि एक मतदाता कब और कैसे इस बात का फैसला करता है कि उसे वोट किसे देना है। वह कौन सी परिस्थितियां, वातावरण, प्रभाव या कारक होते हैं, जिनके आधार पर वह यह निर्णय लेता है कि अमुक दल या प्रत्याशी को वोट देना है। वोट देने के दौरान उसके दिलो-दिमाग में क्या चल रहा होता है। अगर राजनीतिक दल प्रत्याशी चयन में जातीय, धार्मिक या सामुदायिक आधार को तरजीह देते हैं, तो मतदाता को भी वोट का फैसला लेने में सबसे ज्यादा यही बातें प्रभावित करती हैं। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में एक बड़ा वर्ग देखता है कि उसका वोट किस जाति या समुदाय के प्रत्याशी को जा रहा है। एक दर्जन लोकसभा क्षेत्रों में करीब पांच हजार लोगों से संवाद में यह तथ्य उजागर होने के साथ पता चला कि आधे से अधिक लोग मतदान के लिए मन बना चुके हैं।

**मनोज त्रिपाठी, कानपुर**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में किसने किसको और कितने वोट दिए, इसका पता तो चार जून को परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन आधे से अधिक 58 फीसदी मतदाता अपना मूड बना चुके हैं कि उन्हें ईवीएम पर किस खाने का बटन दबाना है। यह महत्पूर्ण तथ्य अमृत विचार की ओर से मतदाता संवाद और मतदान जागरूकता को लेकर किए गए संपर्क अभियान में सामने आया है।



जिन 42 फीसदी लोगों ने अभी अपना वोट तय नहीं किया है, उनमें सबसे बड़ा हिस्सा 14 फीसदी उन लोगों का है, जिनका कहना है कि वह मतदान के दिन ही अपना फैसला लेंगे। इसी तरह 21 फीसदी मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने अभी किसी दल या प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का कोई निर्णय नहीं लिया है, इनमें से अधिकतर राजनीतिक दलों के वायदे, प्रचार अभियान, नेताओं के भाषण, मुद्दों और हवा का रुख परख रहे हैं और कहते हैं कि जल्दी ही किसी नतीजे पर पहुंच जाएंगे, जबकि सात फीसदी मतदाताओं का कहना है कि वह अपना वोट खराब नहीं करेंगे और उसके पक्ष में ही मतदान करेंगे जो जीतता हुआ नजर आएगा।

58 फीसदी लोगों के यह राय जताने से कि वह अपने मत को लेकर फैसला कर चुके हैं, साफ है कि अधिकतर मतदाता जब मतदान केंद्र पर वोट देने पहुंचते हैं तो ईवीएम का बटन दबाने से पहले ही फैसला करके आते हैं कि उन्हें किसे वोट देना है। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियों के लिए काम करने वाले भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अधिकतर मतदाता पहले ही तय कर चुके होते हैं कि उनका वोट किधर जाना है। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि वोट किसको जाएगा, इसका मूड बनाने वाले 58 फीसदी मतदाताओं में अधिकतर स्वीकार करते हैं कि वह किसी न किसी राजनीतिक दल के समर्थक हैं, या किसी खास विचारधारा से प्रभावित हैं। हालांकि इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि एक आम मतदाता जब वोट देने जाता है तो उस पर कई फैक्टर काम कर रहे होते हैं, इनमें जाति, धर्म, समुदाय, फायदे वाली घोषणाएं, योजनाएं, भाषा, प्रत्याशी, प्रचार, मीडिया रिपोर्ट्स सभी कुछ होते हैं। अपना राजनीतिक दृष्टिकोण बनाने में वह इन सभी बातों का सहारा लेता है। लेकिन ऐसे मतदाताओं की संख्या अगर उन मतदाताओं के मुकाबले आधी है, जो पहले से ही अपने मत का फैसला किए बैठे हैं, तो परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना का प्रतिशत कम हो जाता है।









### 42 फीसदी लोग वोट तय करने के लिए क्या सोंचते

**21** फीसदी मतदाता वायदे, प्रचार, नेताओं के भाषण और मुद्दों को परख रहे हैं।

**14** फीसदी लोगों का कहना है कि मतदान के दिन ही वह अपना फैसला लेंगे।

**07** फीसदी मतदाता बोले, वह जीतने वाले प्रत्याशी को ही मत देना पसंद करेंगे।

### जनता और राजनीतिक दल, चुनाव सभी के लिए धर्म और जाति का दलदल



- निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा है कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ नैतिक भर्त्सना के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन और व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों या मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा देता हो। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या किसी भी पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके जवाब में जहां राजनीतिक दल यह दलील देते हैं कि जाति और धर्म के आधार पर वोट मांगना गैर कानूनी हो सकता है, लेकिन उम्मीदवारों का चयन करना पार्टी का अधिकार है, वहीं सच्चाई यह भी है कि सभी जातियां या समुदाय, जनसंख्या में अपनी उपस्थिति के मुताबिक सभी दलों से अपने हितों की सुरक्षा की मांग करती रहती हैं और निर्वाचन क्षेत्र में बहुलता के आधार पर अपने वर्ग के प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की अपेक्षा रखती हैं। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद किसे मत देना है, इसका फैसला लेने में सबसे ज्यादा जाति, धर्म और समुदाय ही मतदाता को प्रभावित करता है। खासकर ग्रामीण इलाकों में मतदाता यह जरूर देखता है कि उसका वोट किस जाति के उम्मीदवार को जा रहा है। अगर वोटर उसकी जाति का होता है तो ज्यादा संभावना रहती है कि वह उसे ही वोट देने का फैसला करता है। इस स्थिति में मुद्दों और मूलभूत समस्याओं की कोई खास भूमिका नहीं रह जाती है। मतदाता प्रत्याशी की जाति, धर्म के साथ भाषा और पार्टी से भी प्रभावित होता है।






### मतदाता को प्रभावित करने के लिए धारणा की नींव पर बनाया जाता माहौल का महल

कहते हैं कि प्रेम, युद्ध और राजनीति में सब जायज़ है। शायद इसी के चलते आज चुनाव भी मनोवैज्ञानिक युद्ध की तरह लड़े जा रहे हैं। वोटर को प्रभावित करने में सारा खेल धारणा का हो गया है। धारणा की नींव पर ही माहौल का महल खड़ा किया जा रहा है। टीवी पर प्राइम टाइम में आने वाली बहसें इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। मतदाता मनोविज्ञान पर काम करने वाले विवेक द्विवेदी कहते हैं कि जिस तरह युद्ध जीतने के लिए छद्म प्रयास किए जाते हैं आज उसी तरह भ्रमपूर्ण वातावरण बनाकर मतदाता को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित किया जा रहा है। सोशल मीडिया इस काम में बड़ा हथियार बन गया है।

# भाजपा की हैट्रिक या खत्म होगा बसपा के लिए जीत का वनवास

**संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित शाहजहांपुर लोकसभा सीट की पहचान शहीदों की धरती से जुड़ी है। देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठा. रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान यहीं के निवासी थे। भाजपा ने इस सीट पर वर्ष 2019 में जीते अरुण सागर पर भरोसा जताया है तो सपा ने राजेश कश्यप और बसपा ने दोदराम वर्मा को चुनावी समर में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

भाजपा शाहजहांपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने से नहीं चूकना चाहती है, तो सपा 2014 में गंवा चुकी इस सीट को हर हाल में जीतना चाहती है। उधर, बसपा को गठबंधन के बाद भी 2019 में मिली हार साल रही है। वह इस बार मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश में जुटी है। जल्द ही यहां बसपा प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की सभा आयोजित की जाएगी। इस सीट पर किसी भी दल ने आज तक जीत की हैट्रिक नहीं लगाई है। फिलहाल सभी दलों के उम्मीदवारों ने यहां समर जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। उम्मीदवार बूथ प्रबंधन की रणनीति पर काम कर रहे हैं ताकि समर्थक एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए।


अरुण कुमार सागर।


राजेश कुमार कश्यप।


दोदराम वर्मा।

**2019 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | अरुण कुमार सागर | 6,88,990 |
| बसपा | अमर चंद्र जौहर | 4,20,572 |
| कांग्रेस | ब्रह्म स्वरूप सागर | 35,283 |

**2014 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | कृष्णा राज | 5,25,132 |
| बसपा | उम्मेद सिंह कश्यप | 2,89,603 |
| सपा | मिथिलेश कुमार | 2,42,913 |
| कांग्रेस | चेतराम | 27,011 |

**पिछले तीन चुनावों में दलों का वोट शेयर**

| वर्ष –चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 47 .5 | 40 .7 | 6 .9 | 2 .1 |
| 2019 लोस | 58 .6 | 00 | 35 .6 | 3 .0 |
| 2014 लोस | 46 .5 | 21.5 | 25 .6 | 2 .5 |

### बसपा के लिए बंजर यहां की धरती

बसपा इस सीट पर कभी नहीं जीती। पार्टी के लिए यहां की धरती बंजर ही साबित हुई। 2009, 2014 और 2019 में बसपा के उम्मीदवार दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 में पार्टी को उम्मीद थी कि सपा, रालोद से गठबंधन के दम पर इस सीट पर उसे जीत मिलेगी पर ऐसा नहीं हो सका। इस बार बसपा अकेले मैदान में है। ऐसे में किसी बड़े चमत्कार की उम्मीद तो नहीं है लेकिन पार्टी की कोशिश में कोई कमी नहीं है।

### जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही यह सीट

यह सीट कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व. जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही थी। 1971, 1980 , 1984 व 1999 के चुनाव में वे यहां से संसद में पहुंचे थे। 2004 में उनके बेटे वर्तमान में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद इस सीट से सांसद चुने गए थे। इसके बाद यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया और पहला चुनाव 2009 में जब हुआ तो सपा को यहां से जीत मिली। 2014 की मोदी लहर में यहां से भाजपा नेता कृष्णा राज जीत दर्ज करने में कामयाब हुईं और उन्हें केंद्र में मंत्री भी बनाया गया। हालांकि अगले चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर अरुण सागर को दे दिया गया और चुनाव जीतकर वह नेतृत्व की अपेक्षा पर खरे उतरे। इस बार अरुण को अपने काम के साथ मोदी की गारंटी का भरोसा है।




### भाजपा का ब्लाक, विस और लोस सभी में कब्जा जिले से तीन मंत्री

शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र इस लिहाज से भाजपा का मजबूत गढ़ माना जा सकता है कि यहां की सभी छह विधानसभा सीटों कटरा, जलालाबाद, तिलहर, पुवायां, शाहजहांपुर, ददरौल में उसका कब्जा है। 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने सभी छह विधानसभा सीटों पर बढ़त बनाई थी। सभी ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा के हैं। जिले से प्रदेश सरकार में तीन मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जितिन प्रसाद और जेपीएस राठौर हैं।

## चुनाव जो न कराए भाषण देने के साथ नाच रहे मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान तेजतर्रार भाषणों के साथ अपने नृत्य कौशल से भी जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इस पूर्वोत्तर राज्य में मुख्यमंत्री भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। असम में 14 लोकसभा सीटों पर पहले तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा। शर्मा ने शनिवार को जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करते हुए अपनी सभाओं के अंत में भाजपा के थीम गीत 'एक और बार, मोदी सरकार' पर ऐसा जमकर नृत्य किया कि दर्शक भी झूम उठे। शिवसागर और मरियानी में रैली के अंत में मुख्यमंत्री ने गीत गाया और नृत्य किया और जनता से भी साथ देने की अपील की। शर्मा ने अपने भाषणों में केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा नीत सरकारों के कल्याणकारी कदमों का उल्लेख किया और लोगों से लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट मांगे। नृत्य का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हम सभी 'मोदी का परिवार' हैं।

### मोदी फिर एक बार...



राजस्थान के अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में मतदाताओं के सिर पर मोदी फिर एक बार का जादू चढ़कर बोला। कई बच्चे भाजपा के चुनाव चिह्न कमल और मोदी के कट आउट लेकर पहुंचे।

## पत्नी कांग्रेस से विधायक, बसपा प्रत्याशी ने छोड़ा घर

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट से बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार कंकर मुंजारे ने शनिवार को अपने उस घर को छोड़ दिया है, जिसमें वह कांग्रेस विधायक पत्नी अनुभा मुंजारे के साथ रहते थे। मुंजारे के कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि चुनाव के दौरान अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्तियों को एक छत के नीचे नहीं रहना चाहिए। पूर्व विधायक और सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि अब वह 19 अप्रैल को मतदान के बाद ही घर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपना घर छोड़ दिया है। एक बांध के पास एक झोपड़ी में रह रहा हूं। अगर अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्ति एक छत के नीचे रहते हैं, तो लोग सोचेंगे कि यह मैच फिक्सिंग है। उधर, विधायक पत्नी ने कहा कि वह पति के रुख से आहत हैं। जब वह परसवाड़ा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार थे और मैं कांग्रेस के टिकट पर बालाघाट से चुनाव लड़ रही थी, तब हम लोग साथ-साथ रहे थे।

# सपा के शाक्य प्रत्याशी ने यहां बढ़ाई भाजपा की चुनौती

**संवाददाता, एटा**




- भाजपा से तीसरी बार चुनावी मैदान में सांसद राजवीर सिंह
- बसपा ने अभी नहीं खोले पत्ते, मुस्लिम चेहरे की तलाश
- लोध और यादव जाति के वोटरों के बाद एटा लोकसभा क्षेत्र में शाक्य मतदाता सर्वाधिक संख्या में हैं
- महादीपक सिंह शाक्य एटा सीट से पांच बार रह चुके सांसद

**अमृत विचारः** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बार एटा लोकसभा सीट से शाक्य जाति के प्रत्याशी पर दांव लगाया है, इसके चलते भाजपा खेमे में बैचेनी महसूस की जा रही है। भाजपा से मौजूदा सांसद राजवीर सिंह तीसरी बार ताल ठोंक रहे हैं। बसपा ने अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे को मैदान में उतार सकती है। एटा लोकसभा सीट पर सात मई को मतदान होना है।

एटा लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला लोधी और यादवों वोटों के बीच रहता है। इन्हीं जातियों के मतदाताओं की संख्या यहां सर्वाधिक हैं, जो अपनी एकजुटता से उम्मीदवार की जीत-हार का फैसला करते हैं। लेकिन शाक्य मतदाता भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। सपा से देवेश शाक्य के उतरने से इस बार समीकरण बदले हुए हैं। दोनों दलों का परंपरागत वोट तो अपनी-अपनी जगह है। लेकिन शाक्य मतदाताओं को हमेशा अपने पाले में समझने वाली भाजपा में सपा से शाक्य उम्मीदवार उतरने के कारण थोड़ी बेचैनी की स्थिति है। इसकी वजह यह है कि शाक्य मतदाता एकजुट होकर अगर सजातीय उम्मीदवार के साथ जाते हैं तो भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी हो सकती है। सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य इटावा के रहने वाले हैं। दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।

पूर्व के चुनावों में एटा सीट से तमाम शाक्य प्रत्याशी किस्मत आजमा चुके हैं। इसी वर्ग से महादीपक सिंह शाक्य एटा लोकसभा सीट पर पांच बार और कासगंज लोकसभा सीट पर एक बार सांसद रहे थे। यहां दो बार यादव और तीन बार लोध वर्ग से सांसद चुने गए हैं। सामान्य रूप से यहां भाजपा को शाक्य मतदाताओं का साथ मिलता रहा है। इसके चलते जातीय समीकरण के लिहाज से पार्टी का पलड़ा भारी हो जाता है। इसी समीकरण को कमजोर करके अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सपा ने शाक्य प्रत्याशी को उतारा है।

सपा के देवेश शाक्य लगातार सजातीयों में बैठकें कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। वहीं भाजपा पदाधिकारी इन मतदाताओं को पार्टी से जोड़े रखने के लिए ताकत लगा रहे हैं। शाक्य समाज के भाजपा नेताओं को चेहरा बनाकर बैठकें की जा रही हैं। यूं तो मोदी के व्यक्तित्व और अयोध्या मंदिर की हवा में लड़े जा रहे चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। लेकिन पीडीए का फार्मूला लेकर उतरी सपा के साथ यहां शाक्य फैक्टर भी जुड़ गया है। इसके साथ ही गठबंधन में कांग्रेस का साथ है। ऐसे में भाजपा जीत के लिए मेहनत कर रही है।




**2019 का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह |
| सपा | देवेंद्र यादव |
| निर्दलीय | हरिओम |

**2014 का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह |
| सपा | देवेंद्र यादव |
| बसपा | नूर मो. खान |

# काल-अश्व विश्वरथ का नियंता



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है।

मधुमय नवसम्वत्सर आ रहा है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9.53) के ऋषि भृगु ने गाया है, "काल-अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्त्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।" कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, "काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्व जन्मा। काल में तप हैं। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।" सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ-जड़ और समस्त ऊर्जा-चेतन एकत्रित रहता है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ। अव्यक्त व्यक्त होने लगा। परिवर्तन का मूल गति है। परिवर्तन से ही काल बोध होता है। वैदिक 'निरूक्त' में यास्क ने काल का सम्बन्ध गति से जोड़ा है। काल अखण्ड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकम्पा आयु है, काल का कोप मृत्यु है।

भारतीय कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद का 'काल' ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति जैसे हैं। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। इसीलिए भारतीय नववर्ष की शुरुवात किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने संवत्सर भी चलाए। लेकिन वैदिक संवत्सर की धारणा अनूठी है, सृष्टि जिस क्षण शुरू होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। संवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत् का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम संवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है।

भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं "सूर्य को हमने सात पुत्रों-किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।" यहां ऋत प्रकृति की व्यवस्था है और अरे 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, चिन्तन की किसी भी पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन और विश्लेषण नहीं मिलता। सृष्टि सृजन के पहले काल बोध नहीं है, सम्वत्सर भी नहीं है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त (10.129) में कहते हैं "तब न सत् था न असत्। न भूमि थी, न आकाश-नो व्योमा परो यत्। न मृत्यु थी, न अमरत्व। न रात्रि, न दिन। वायु भी नहीं थी लेकिन 'वह एक' स्वयं वायुहीन अवस्था में अपनी शक्ति से प्राण ले रहा था- आनीदवातं स्वधया तदेकं।" ऋग्वेद का 'वह एक-तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान-विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरूण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'-एक ही सत्य है-एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ0 1.164.46)

सृष्टि सृजन के साथ ही परिवर्तन का प्रारम्भ है। परिवर्तन का मूल कारण गति है। जहां गति है, वहीं समय है। समय का प्रथम दर्शन संवत्सर है। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। तो क्या एक दिन इस संचित ऊर्जा का क्षय भी होगा? एंगेल्स ने 'डायलेक्टिस आफ नेचर' में कहो है, "करोड़ों वर्ष बीतेंगे, सूर्य की ऊर्जा क्षीण होगी। सूर्य का ताप धुरवों के हिम को गला न पाएगा। हिम बढ़ेगा, मानव जाति को जीवन के लिए पर्याप्त ऊष्मा न मिलेगी।" धरती, चंद्रमा के समान, निर्जीव हिम पिंड की तरह निर्जीव होते सूर्य के चारों ओर निरंतर घटती हुई कक्षा में, चक्कर लगाएगी और अंत में उसी में जा गिरेगी। कुछ ग्रह उससे पहले वहां गिर चुके होंगे, अन्य उसके बाद गिरेंगे। सौरमंडल मृत्यु को प्राप्त होगा। प्रश्न है कि क्या प्रकृति की बहुविध शक्तियों का खात्मा सदा के लिए हो जाएगा?" भारतीय दर्शन इसे प्रलय कहता है लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर से सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। प्रलय के बाद भी ऊर्जा, गति और समय शेष बचते हैं। सृष्टि बार-बार आती है। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार-बार सृष्टि व प्रलय लाता है।

सृष्टि के पहले देवता भी नहीं है। ऋग्वेद के ऋषि का ईमानदार वक्तव्य है "देवानां युगे प्रथमऽसतः सद जायत-देवों के युग के पहले असत् से सत् की उत्पत्ति हुई। यहां असत का अर्थ सृष्टि का पूर्वकाल है। अव्यक्त है। अव्यक्त या अप्रकट का भी अस्तित्व है। यही व्यक्त होता है तो सत्।' ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में इसी व्यक्त का एक नाम है अदिति। अदित से आदित्य उगे। एक आदित्य प्रत्यक्ष दिखाई पड़ने वाले सूर्य हैं। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार "सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज-अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।" वह एक अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। सृष्टि सृजन हुआ। तब नई शक्तियां उगीं। वे देवता थीं। बृहस्पति कहते हैं "व्यापक जलों में देवता थे- यद् देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत्। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु-परमाणु प्रकट हुए।" (10.72.6) ऋग्वेद (10.190.1,2) में कहते हैं "तप से ऋत व सत्य (व्यक्त जगत्) प्रकट हुए। अंधकार-रात्रि और अगाध जल समुद्र आये। समुद्रों से संवत्सर प्रकट हुआ-समुद्रादर्ण वादधि संवत्सरों अजायत्।"

टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखण्ड है, टाइम इसके खण्ड का माप है। ऋग्वेद में अदिति, अज और पुरूष प्रतीकों की अनुभूति गहरी है। ऋषि कहते हैं "जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरूष है।" वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखण्ड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत-पास्ट एक टेन्स-तनाव है। इसी तरह फ्यूचर टेन्स भविष्य का आकर्षण है। तनाव मस्तिष्क गत कार्रवाई है। प्रजेन्ट फ्यूचर या पास्ट टेन्स कालगणना नहीं है। भारतीय कालबोध का क्षण सृष्टि की शुरूवात है। फिर युग है। भारत की अनुभूति वैज्ञानिक है। आइए, भारतीय नवसंवत्सर अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष का स्वागत करें, नाचें गायें और दें सबको शुभकामनाएं।

# प्रवेशोत्सव, स्कूल रेडिनेस से विद्यालय अनुकूलन



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

3-8 वर्ष की अवस्था सर्वाधिक मानसिक विकास की अवस्था है। इस अवस्था में 80 प्रतिशत मानसिक विकास होता है। सीखने की प्रक्रिया बहुत तेजी से संचालित होती है। 3 से 6 वर्ष की आयु उद्दीपन के द्वारा सीखने की आयु होती है। शिशु अवस्था में बच्चों का संज्ञानात्मक एवं व्यक्तिगत सामाजिक विकास तथा संवेगात्मक विकास सबसे अधिक होता है।

इस आयु में विकास की तीव्रता स्पष्ट दिखलाई पड़ती है। इसमें ध्यान, प्रसूति, कल्पना, संवेदना, प्रत्यक्षीकरण आदि का विकास बहुत तेजी से होता है। उनके सीखने में कल्पना शीलता तथा आत्म प्रेम की भावना स्पष्ट परिलक्षित होती है। इस आयु में अभिभावकों का भी दायित्व है कि वे बच्चों के खेल-खिलौनों में पूरा सहयोग एवं प्रतिभागिता उपलब्ध कराएं। उनके सवालों का जवाब दें। उन्हें किसी भी दशा में चुप कराने का प्रयास न करें। अन्यथा वे सवाल करना बंद कर देंगे जिससे उनका सीखना रुक जाएगा।

भारतीय प्राथमिक शिक्षा में सामान्यतः दो प्रकार के बच्चे पाए जाते हैं। एक वे जो अपने घर पर रहते हुए पांच वर्ष की आयु पूर्ण करते हुए सीधे कक्षा एक में प्रवेश लेते हैं और दूसरे वे जो किसी भी संस्था से पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर कक्षा एक में प्रवेश पाते हैं। दोनों की आधार शिक्षा में व्यापक अंतर देखने को मिलता है और आगे की कक्षाओं में भी यह लर्निंग गैप निरंतर बढ़ता जाता है। इसके मूल में करण के रूप में उनका पढ़ना, लिखना एवं गणित सीखने की क्षमताएं नहीं, बल्कि विद्यालयी शिक्षा से समायोजन तथा मानसिक एवं शारारिक रूप से विद्यालयी शिक्षा हेतु तैयारी है। प्री स्कूल एवं कक्षा एक के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने एवं सुचारू कक्षा अंतरण के उद्देश्य से एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजूकेशन) पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क को आंगनबाड़ी और प्री प्राइमरी स्कूल दोनों द्वारा समान रूप से अपनाया जाएगा, ताकि कक्षा एक में सुचारू कक्षा अंतरण के साथ-साथ भाषा कौशल एवं संख्या ज्ञान पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्यक्रम 12 सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। इसके द्वारा बच्चों के साथ स्कूल की तैयारी से जुड़े कौशलों के विकास पर भी कार्य किया जायेगा जिसमें प्रथम छह सप्ताह जो मुख्यतः पढ़ने लिखने एवं गणित सीखने की प्रक्रियाओं से पूर्व के कौशलों का विकास है।

सार्वभौमिक लक्ष्य-एनईपी 2020 इस बात पर चिंता व्यक्त करती है कि भारतीय बच्चों की बड़ी संख्या मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्राप्त नहीं कर सकी। इसी सार्वभौमिक समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दक्षता पहल की संकल्पना की गई है।

उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा एवं निपुण भारत मिशन को आपस में समायोजित करते हुए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के भाषा एवं गणित में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्राथमिक कौशल बच्चों को उनकी कक्षा में रखने में सक्षम बनाते हैं जिससे बीच में पढ़ाई छोड़ने बाले बच्चों को कम किया जा सकता है अर्थात ड्रापआउट दर में कमी संभव हो पाएगी।

शारीरिक एवं सामाजिक भावात्मक विकास, साक्षरता एवं संख्या कौशल विकास आदि जैसे परस्पर संबंधित एवं परस्पर निर्भर विकास के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करके बच्चे का समग्र विकास प्रगति कार्ड में परिलक्षित होगा और बच्चे तेजी से सीखने की गति हासिल करेंगे जिसका बाद के जीवन के परिणामों और रोजगार के अवसरों पर सकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

# भारतीय संस्कृति का संवाहक नव संवत्सर



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी।

विक्रम संवत का इतिहास अति प्राचीन होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें तिथियों और नक्षत्रों का सही और सटीक स्पष्टीकरण है। गणित की दृष्टि से देखा जाए तो यह सबसे स्पष्ट है। जहां इसका इतिहास हमारे लिए गौरव की बात है, वहीं दूसरी तरफ विक्रम संवत आज के ज्योतिषियों के लिए रामबाण है। इसी के आधार पर ज्योतिषी सभी निर्णय लेते हैं। हिंदू धर्म में सभी कार्यों की शुरुआत और उनका मुहूर्त विक्रम संवत पर आधारित होता है। भारतवर्ष में ऋतु परिवर्तन के साथ ही हिंदू नववर्ष प्रारंभ होता है।

चैत्र माह में शीतऋतु को विदा करते हुए और वसंत ऋतु के सुहावने परिवेश के साथ नववर्ष आता है। चैत्र मास ही नववर्ष मनाने के लिए सर्वोत्तम है, क्योंकि चैत्र मास में चारो ओर पुष्प खिलते हैं, वृक्षों पर नए पत्ते आ जाते हैं, चारो ओर हरियाली मानो प्रकृति ही नव वर्ष मना रही हो, चैत्र मास में सर्दी जा रही होती है तथा गर्मी का आगमन होने जा रहा होता है। चैत्र मास में ही फसल कटती है तथा नया अनाज भी घर में आता है तो किसानों का नया वर्ष भी इसे ही माना जाता है। चैत्र में नया पंचांग आता है जिससे प्रत्येक भारतीय पर्व, विवाह तथा अन्य मुहूर्त देखे जाते हैं। संवत्सर चक्र के अनुसार सूर्य इस मौसम में अपनी राशि चक्र की प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है। साल या संवत्सर उसे कहते हैं जिसमें सभी महीने पूर्णता निवास करते हो प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। इसके उत्पादक पिता सूर्य हैं, इसी वत्स से वत्सर या संवत्सर नाम पड़ा। सामान्यतः अपनी किन्हीं उपलब्धियों या घटनाओं को यादगार बनाने के लिए लोगों द्वारा समय-समय पर अपने-अपने नव संवत्सर प्रारंभ किया गया या चलाया गया। अधिकतर संवत्सर को इसके प्रवर्तकों द्वारा अपनी उपलब्धियों को प्रकाश की तरफ दिखाने के लिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को इसकी शुरुआत की जाती है।

विक्रमादित्य के जन्म से पहले उज्जैन पर अत्याचारी शकों का शासन था, लेकिन शूरवीर विक्रमादित्य ने 57 बीसी में शकों को हरा कर जीत के उपलक्ष्य में नए काल सत्र का निर्माण किया। इस ऐतिहासिक जीत पर महाराजा विक्रमादित्य ने "शकारी" की उपाधि धारण की थी। विक्रम संवत की शुरुआत के संबंध में प्रमाण की बात की जाए तो "ज्योतिर्विदाभरण" नामक ग्रंथ, जिसकी रचना 3068 कलि अर्थात् 34 ईसा पूर्व में हुई थी, से स्पष्ट होता है कि उज्जैन के महाराजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने 3044 कलि अर्थात् 57 ईसा पूर्व में विक्रम संबंध की शुरुआत की थी। यही बात बरनाला के स्तंभ पर अंकित लेख से भी स्पष्ट होती है। इस संवत का आरंभ गुजरात में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से और उत्तरी भारत में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के मुताबिक, परमपिता ब्रह्मा जी ने पृथ्वी का निर्माण चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी कि नवरात्रि के पहले दिन किया था। भगवान श्रीराम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, मां दुर्गा की साधना के लिए चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, आर्यसमाज का स्थापना दिवस, संत झूलेलाल की जंयती और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसे संगठन के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन है।

चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी। इन सभी विशेष कारणों से भी चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा का दिन विशेष बन जाता है। इसी के साथ ये भी मान्यता है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम ने वानरराज बाली का वध करके वहां की प्रजा को मुक्ति दिलाई जिसकी खुशी में प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज फहराए थे। देश के अलग-अलग हिस्सों में नया साल अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है। हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि से होता है। बंगाल में नए साल को पोइला वैशाख कहते हैं। महाराष्ट्र में हिंदू नववर्ष के प्रारंभ के साथ ही गुड़ी पड़वा मनाया जाता है। वहीं पंजाब में बैसाखी को नए साल के रूप में मनाते हैं। सिख नानकशाही कैलंडर के अनुसार होला मोहल्ला से नए साल की शुरुआत मानी जाती है। आंध्र प्रदेश में इसे उगादी के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। उगादी चैत्र महीने का पहला दिन होता है। तमिलनाडु और केरल में नए साल को विशु कहा जाता है। विक्रम संवत भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित हिंदू पंचांग है।

भारत में यह अनेकों राज्यों में प्रचलित पारंपरिक पंचाग है। नेपाल ही ऐसा एकमात्र देश में है, जो दो विक्रम संवत के हिसाब से देश को चलाता है। नेपाल की सरकार के साथ-साथ आम जनता ही हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा को ही साल का पहला दिन मानती है और इसी के हिसाब के पूरे कार्यक्रम निर्धारित करती है। देश जब आजाद हुआ तो शुरुआत में कुछ साल देश में विक्रम संवत ही चलन में था, लेकिन साल 1954 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने विक्रम संवत के स्थान पर ग्रेगोरियन को प्राथमिकता दी। देश में सभी सरकारी कामकाज विक्रम कैलेंडर के स्थान पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के हिसाब से होने लगे। इस वर्ष के संवत्सर नाम 'क्रोधी' जिस दिन नव संवत का आरंभ होता है, उस दिन के वार के अनुसार वर्ष के राजा का निर्धारण होता है। 2081 नव संवत्सर 'क्रोधी' नाम से जाना जाएगा। इस साल संवत के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे।

## भविष्य वर्तमान का प्रतिफल



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

विगत शतक में जिस व्यक्ति की जैसी परिस्थिति हुआ करती थी, उससे संतुष्ट रहकर वह जी लेता था, एक प्रकार से सुखी था। हम सब अपने सुखद भविष्य की कामना करते हैं, उसके सपने देखते हैं और यथाशक्ति प्रयत्न भी करते हैं, किंतु यह संभव नहीं कि सब कुछ मनचाहा हो जाए। वैसे भी, इंसान की फितरत है कि जो हासिल है उसकी वह कद्र नहीं करता और जो नहीं मिला उसका अफसोस उसे सदैव बना रहता है। वास्तव में समझने की बात यह है कि भविष्य हमारे वर्तमान का प्रतिफल होता है, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या करें, क्या न करें?

कार्य करने योग्य है या नहीं यह निर्णय भविष्य पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है। हम सबको छोटी सी जिंदगी मिली है, आधी खाने-पीने और सोने में गुजर जाती है। एक चौथाई फिजूल के कामों में, अब बाकी बची पच्चीस प्रतिशत इसी मूल्यवान समय का उपयोग आपके भविष्य का निर्माण करता है। एक पुरानी सूक्ति है 'विचार बोयें, कार्य की फसल काटें। कार्य बोयें, आदत की फसल काटें, आदत बोयें, चरित्र की फसल काटें और चरित्र बोयें, नियति की फसल काटें।' स्टीफन आर. कवी ने लिखा है 'हालांकि हम अपने कार्य चुनने के लिए स्वतंत्र हैं, परंतु उसके परिणामों को चुनने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। परिणाम प्राकृतिक नियमों से संचालित होते हैं। हम तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन के सामने खड़े होने का फैसला कर सकते हैं, परंतु यह फैसला नहीं कर सकते कि जब ट्रेन हमें टक्कर मारेगी तो हमारा क्या होगा?

## लिखने का रंग



हफीज किदवई
लेखक

एम एफ हुसैन मालवा को पेंट करते, लालटेन की रोशनी में, तो कभी रोशनी को भी ढक देते और अंधेरे में अंधेरे के रंगों को महसूस करके पेंट करते। वह अक्सर किसी को सामने से पेंट करते तो उसमें उसकी सूरत नहीं होती, हुसैन की आंखों का अक्स होता। वह जैसा दिख रहा है, यह पेंट नहीं होता, उसे कैसे देख रहे हैं हुसैन, यह कैनवास पर रंगों में ढल जाता।

मैं कविता नहीं लिखता या लिखता हूं तो दिखाता नहीं हूं। मेरे शेर मेरे अलावा किसी ने नहीं जाना मैं पेंटिंग नहीं करता हूं, मगर मेरा दिल करता है कि मैं भी हुसैन की तरह किसी को भी सामने बैठाकर उसकी आंखों, उसके कानों, उसकी हल्की मुस्कुराहट से हिलते होंठ और आंखे, आंखे तो पेंट करने में हुसैन की जान ही निकल जाती थी और आंखों के बारे में हम भी कुछ कहते कतराते हैं। जब भी किसी के बारे में लिखते हैं तो मेरे सामने उसकी आंखें चल रही होती हैं। आंखे मुझे जो बतलाती हैं, मैं अक्सर वह नहीं लिखता हूं, वरना कितने ही दिल मायूस हो जाएं। मेरा दिल करता है कि जिससे भी मिला हूं, उसके बारे में नस्र की एक पेंटिंग करूं। किसी को मैं अंधेरे में छूकर बिल्कुल वैसे लिखना चाहता हूं, जैसे हुसैन पेंट करना चाहते थे। मेरा दिल करता है कि जिसमे मेरी दिलचस्पी हो, उसे सामने बैठाकर मैं उसकी हर सांस से जिस्म में जो लरजत और आंखों में जो लज्जत पैदा होती है, उसे लिखूं। मेरा लिखना लोगों की नजर में नस्र है। जबकि मुझे लगता है कि मैं पेंट कर रहा हूं। मेरे अल्फ़ाज़ का अक्स भले काला हो, मगर उसमें हर लफ्ज़ के अपने अलहदा रंग हैं।

यह मेरे लिखने का रंग है। जिसे जमाने की कोई फिक्र नहीं और जिस पर जमाना भी अपना वक्त बर्बाद नहीं करता। यह मेरी कलम है जिसके पांव में हुसैन के पांव की तरह चप्पल नहीं है। मेरा लिखा किसी झुंड को पसंद आने के लिए नहीं है। किसी झुंड के तोहफे, ईनाम, वकार के लिए नहीं है। किसी झुंड के मुट्ठी भर पन्नों में छपने के लिए नहीं हैं। मेरा लिखा, मेरी जरूरत है। मेरा लिखा मेरी सांसों को आजाद छोड़ने के लिए है, नहीं लिखूंगा तो सांस घुट जाएगी, बस इतने भर के लिए है।

# मौसम मस्त चुनाव का, लोकतंत्र का पर्व



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है।

चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ज्यों-ज्यों समय नजदीक आ रहा है वातावरण में नर्मी-गर्मी भी बढ़ रही है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है।

इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले, चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। इस मौसम में रंग बदलते लोगों को देखना बड़ा विस्मयकारी होता है। प्रकृति के ऋतुचक्र में तो उसका अपना मूल चरित्र होता है तभी तो आम पर आम का मंजर, लीची पर लीची का मंजर आता है। मनुष्य का मौसम अजीब होता है! और वह भी चुनाव का मौसम! इस मौसम में कहना बड़ा कठिन और असंभव है कि किस डाली पर किस फल का मंजर आएगा! बबूल पर आम का मंजर तो नीम पर लीची का मंजर चढ़ आता है! ताज्जुब तो तब होता है जब गुलाब की डाली भी मंजरियों से भर जाती है! - मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग! भौंचक होकर देखती, जनता भी हुड़दंग!! चुनाव का मौसम दरवाजे पर दस्तक देने लगा है। गांव-शहर पोस्टरों, जुलूस और शोर-शराबों में डूबने ही वाला है। वैसे तो गांव और शहर जनप्रतिनिधियों तथा सरकार की कृपा से पहले से ही डूब-उतरा रहा है। लोग डूबने के अभ्यासी हो गए हैं। उनके लिए डूबना कोई नई बात नहीं है! डूब मरना कहावत भी बीते जमाने में छूट गई है। अब तो डूब कर पानी क्या घी पीने की आदत-सी लग गई है! ज्ञानी ऋषि चार्वाक आज होते तो 'यावत् जीवेत सुखम् जीवेत, ऋणं कृत्वा घृतम् पीवेत' से आगे कहते कि 'यावत् जीवेत रक्तम् पीवेत, ऋणं कृत्वा एसयूवी चढ़ेत'!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और न ही समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे प्रशासन तथा कानून को धता बताते हुए सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने भी सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है? बच्चों की फिक्र होती तो किसी नेता विशेष के लिए घंटों सड़क नहीं जाम हो जाता, स्कूल बस को भी सड़क के किनारे नहीं रोक दिया जाता! सुबह के निकले बच्चे रात ढले घर लौटते हैं। इस बीच मां-बाप और परिवार की बेचैनी किस चरम पर होती है इसका अनुमान ये सुरक्षित घेरे में बड़ी गाड़ियों पर सवार जयकारों के उन्माद में डूबे हुए तथाकथित नेता नहीं लगा सकते हैं। जनता जाए भाड़ में उन्हें तो राजधानी की बड़ी कुर्सी पर सवार होना है। इसलिए उन्हें एन केन प्रकारेण अपने झंडाबरदारों के बलबूते शोर मचाते हुए राजगद्दी पर आसीन होना है।

विश्व को लोकतंत्र का संदेश देने वाले और पाठ पढ़ाने वाले गौरवशाली भारत के कई मायनों में विशिष्ट प्रांत बिहार और बिहार का कभी वैभवशाली जनपद रहा वज्जि संघ लोकतंत्र का जनक है। लोकतंत्र की जननी यह धरती कभी हजारों सभासदों के साथ बैठकर गंभीर से गंभीर समस्या का समाधान करती थी। किसी भी नीति और प्रावधान को सुचारू रूप से चलाने तथा जनता के बीच लाने के लिए पहले विचार मंथन करते हुए सब एकमत होते थे तभी उसे कार्य रूप दिया जाता था। जीने का जन्मसिद्ध अधिकार सबको प्राप्त है मगर मानवीय नकारात्मक प्रवृत्तियों के कारण असमानता और विसंगतियां बढ़ती चली गईं। 'वसुधैव कुटुंबकमृ' का उद्घोष करने वाला यह देश राजनीतिक दुष्चक्र में फंस कर खंड-खंड टूटता और बंटता चला गया। जातियों के नाम समाज विखंडित हो गया। अमीरी-गरीबी की खाई निरंतर बड़ी होती गई। आर्थिक स्थितियां भी सबकी अलग-अलग हो गई। बाहुबली और धनबली के भीतर शासन करने की प्रवृत्ति पैदा हुई जिससे असंतोष और अराजकता को बढ़ावा मिला।

ऐसे ही वातावरण में जबकि राजतंत्र का बोलबाला था, वैशाली गणराज्य ने शासन-व्यवस्था में प्रजा की सहभागिता के लिए पूरा-पूरा जगह निकालते हुए व्यापक जन समाज को सम्मानित करने का काम किया। जनता को अधिकार प्राप्त हुआ कि वह अपने अनुसार नेतृत्व का चुनाव करे। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है। जनता को मत देने का ऐसा अधिकार है जिसके बल पर सुयोग्य नेतृत्व का चयन होता है। चुनाव और मताधिकार भारत का एक ऐसा मानवीय मूल्य है, जो समानता के सिद्धांत के साथ अपने समस्त नागरिकों को समरस करता है।

## वोट की कद्र बढ़ाने को होना चाहिए प्रयास



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

राजनीति की धरती उसी तरह हो गई है, जैसे आंधी, तूफान और चक्रवात के आने पर भारी उथल-पुथल प्रभावित इलाके के हिस्से में हो जाती है और वहां का भूगोल बदल जाता है। कहां पेड़ थे, कहां झोपड़ियां थीं, कहां मकान थे और कहां क्या बसा था? सब जमींदोज हो जाने की वजह से समझ में नहीं आता।

इसी तरह की स्थिति राजनीतिक क्षेत्र में चुनाव की आंधी और चक्रवात आने पर होती है। कौन से लोग किस दल में थे, वे कहां उखड़कर चले गए, इसको समझने में मतदाताओं को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। राजनीति के इस दल-बदल की आंधी और तूफान के बीच चमकती-कड़कती बिजली से एक ही स्वर गूंजता है, राष्ट्र की सेवा के लिए नया दल उपयुक्त महसूस हो रहा है लिहाजा पुराने दल को छोड़ा जा रहा है।

मतदाताओं में किसी तरह का भ्रम न रहे कि कौन राजनीतिज्ञ किस दल में है, इसके लिए कम से कम चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ दल-बदल की प्रवृत्ति को रोक दिया जाए। पूरे पांच साल में तकरीबन 260 सप्ताह सदन में प्रतिनिधि रहे राजनीतिज्ञों को कम से कम 26 सप्ताह पहले तक दल-बदल के लिए मौका दे दिया जाए। उसके बाद दल-बदल करने वाले को टिकट से वंचित किया जाना चाहिए। इसी तरह मान्यता प्राप्त दलों के जिला/नगर के पदाधिकारियों को भी चुनाव घोषित होने की संभावित तिथि के कम से कम 13 सप्ताह के पहले तक दल बदल के लिए मौका दिया जाए।

इसके बाद दल-बदल करने वालों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए। इससे राजनीति के प्रति आम जनता के मन में तमाम तरह की उठने वाली बातों पर विराम लगेगा। इसका लाभ यह होगा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा वरना मतदाता संशय में रहता है कि उसके वोट की कद्र हो पाएगी या नहीं? चुनाव आयोग को इसके लिए भी आचार-संहिता बनानी चाहिए।

# राजनीति का ककहरा सीख रहे शाह कितना कर पाएंगे कमाल

हरिओम चतुर्वेदी, अंबेडकरनगर



कमाल शाह।

**अमृत विचार :** जो जिला कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ हुआ करता था। जहां से बसपा का सिम्बल मिलना ही जीत की गारंटी मानी जाती थी। पार्टी में एक से बढक़र एक कद्दावर नेता हुआ करते थे, उसी बसपा ने इस बार के लोकसभा चुनाव में एक ऐसे प्रत्याशी को मैदान में उतारा है जिसे राजनीति का नवजात शिशु कहा जा सकता है। बसपा ने जिसे अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित किया है, उसका कोई राजनीतिक इतिहास ही नहीं है। जिस दिन बसपा ने कमाल शाह को अपना प्रत्याशी घोषित किया उस दिन तक उनका कुल राजनीतिक अनुभव 28 दिनों का था। कमाल शाह कभी भी राजनीति में नहीं थे और न ही किसी पार्टी से उनका कोई वास्ता रहा है।

जनपद के किछौछा निवासी कमाल शाह की पहचान उनके अपने लोगों मे एक बड़े प्रॉपर्टी डीलर के रूप में थी। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी उनका ज्यादातर जनपद से बाहर था। अचानक से वह 26 फरवरी को बसपा की सदस्यता लेते हैं।

**▸▸ घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे और रितेश पांडे जनपद से बसपा के सिम्बल पर ही चुनाव लडक़र बने हैं सांसद**

फिर 28 दिन बाद ही पार्टी ने उन्हें अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित कर दिया। अंबेडकरनगर ऐसा जिला है जहां से बसपा में कभी प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय महासचिव तक हुआ करते थे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे अपनी कर्मभूमि बनाया था। लोकसभा और विधान सभा का चुनाव यहां से वह लड़ी थी। यह जिला कभी बसपा का गढ़ हुआ करता था। जनपद को बसपा ने एक नहीं कई सांसद दिए। घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे, रितेश पांडे यहां से बसपा के सिंबल पर ही चुनाव लडक़र सांसद बने। सूबे में जब बसपा की सरकार हुआ करती थी तब जनपद से ही तीन-तीन मंत्री हुआ करते थे।

### दलित व सजातीय मुस्लिम मतों का है भरोसा

बसपा में आज हालत यह हो गई है कि कोई बड़ा नेता ही नहीं बचा है जो अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सके। जिसके कारण बसपा ने ऐसे नेता को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसने अभी राजनीति का ककहरा सीखना शुरू किया है। इसको लेकर राजनीति के गलियारे में चर्चा जोरों से है। भाजपा और सपा के दो दिग्गजों के बीच राजनीति का ककहरा सीख रहे कमाल शाह कितना कमाल कर पाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा। हालांकि उनको बसपा के बेस वोट दलित और सजातीय मुस्लिम मतों पर पूरा भरोसा है। उनकी सारी चुनावी गणित इन्ही वोट के सहारे है।

# बहराइच सीट पर छह बार बाहरी प्रत्याशियों ने जमाया कब्जा

### ▸ केरल, मुरादाबाद व बुलंदशहर के प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

### ▸ भाजपा ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को दिया मौका

राजू जायसवाल बहराइच



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से 6 बार दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें गैर प्रांत के केके नैयर ने भी चुनाव में जीत दर्ज कर जिले का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को अवसर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाहर के जिलों के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।

लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण का मतदान होने के लिए बस कुछ दिन ही बाकी है। जिले में मई माह में बहराइच और कैसरगंज सीट के लिए अलग अलग तिथियों में चुनाव होना है। अब बात करें जिले के सीट पर प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने की तो बहराइच सीट पर छह बार दूसरे जिले और प्रांत के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें आरिफ मोहम्मद खान (वर्तमान में केरल के राज्यपाल) ने सर्वाधिक तीन बार चुनाव जीता है। उन्होंने यह जीत दो बार कांग्रेस और एक बार जनता दल से हासिल की। आरिफ मोहम्मद खान बुलंदशहर के निवासी हैं। इसके बाद भी जिले की जनता ने आरिफ मोहम्मद खान को दिल खोलकर समर्थन दिया।

बहराइच सीट से केरल राज्य के निवासी केके नैयर ने जनसंघ पार्टी से वर्ष 1967 में चुनाव जीता। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से रफी अहमद किदवई ने जीत दर्ज की। वह बाराबंकी जिले के निवासी थे। जनता पार्टी से ओम





प्रकाश त्यागी ने 1977 के चुनाव में जीत दर्ज की। वह मुरादाबाद जिले के निवासी थे। इसी तरह अंबेडकर नगर जिले के किछौछा निवासी मुजफ्फर हुसैन ने वर्ष 1980 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी से जीत दर्ज की थी।

### परिसीमन में हुआ था वर्ष 2009 का चुनाव

- बहराइच सीट पर वर्ष 2009 का लोकसभा चुनाव परिसीमन के बाद हुआ था। यह सीट वर्ष 2009 में सुरक्षित हो गई थी। इसी वर्ष गांधी परिवार के नजदीकी कमांडों कमल किशोर ने भाजपा प्रत्याशी को हराकर चुनाव में जीत दर्ज की थी। उस समय मनरेगा योजना ने भी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### इस बार गठबंधन ने उतारा बाहरी प्रत्याशी

- बहराइच सीट से इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमेश गौतम को चुनाव मैदान में उतर गया है। वे गोंडा जनपद के निवासी हैं लेकिन जिले में सक्रिय रहे हैं, जिसके चलते सपा की ओर से होने प्रत्याशी बनाया गया है।

पुनः कांग्रेस ने वर्ष 2009 के चुनाव में गोरखपुर के निवासी कमांडों कमल किशोर को चुनाव मैदान में उतारकर जीत हासिल की थी। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि छह बार बहराइच सीट से दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वहीं आठ बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों ने जीत का परचम फहराया है। इनमें भाजपा की ओर से सर्वाधिक बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है।

# प्रियंका ने बनाया था जीत का रिकॉर्ड



पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत



स्व. राम सेवक यादव (फाइल फोटो)

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बाराबंकी सीट से अब तक की सबसे बड़ी जीतका रिकॉर्ड भाजपा की प्रियंका सिंह रावत के नाम है। 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में प्रियंका रावत ने 2.11 लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। प्रियंका रावत ने कांग्रेस के कद्दावर नेता पीएल पुनिया को शिकस्त दी थी। 73 सालों में 17 चुनावों में यह सबसे बड़ी जीत साबित हुई। उनका यह रिकार्ड अब तक नहीं टूट सका है। वहीं सबसे कम अंतर से जीत हासिल करने वाले सांसदों में में स्व. राम सेवक यादव का नाम दर्ज है।

बाराबंकी सीट से बाहरी प्रत्याशी के रूप में आईं प्रियंका सिंह रावत पहली बार सियासत में उतरीं और अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। मोदी लहर में पहली बार में ही वह सांसद बन गईं और संसद में जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका यहां के मतदाताओं ने उन्हें दिया। 1951 से लेकर 2019 तक चुनावी सफर पर गौर किया जाए तो बाराबंकी के 73 साल के चुनावी इतिहास में सबसे बड़ी जीत प्रियंका सिंह रावत के ही नाम है। इसके साथ ही वह संसद पहुंचने वाली जिले की दूसरी महिला सांसद भी बनीं। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के डॉ. पीएल पुनिया को 2 लाख 11 हजार 878 मतों से हराया था।

हालांकि इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में इनका टिकट पार्टी ने काट दिया और उपेंद्र सिंह रावत को मैदान में उतारा। इस बार भी जिले के मतदाताओं ने उपेंद्र को जिताकर लगातार दूसरी बार जिले में कमल खिलाया लेकिन प्रियंका सिंह के मुकाबले उपेंद्र सिंह रावत ने भले ही अधिक मत हासिल किए हों पर जीत का अंतर कम जरूर रहा। उपेंद्र सिंह रावत ने सपा के रामसागर रावत को 1 लाख 10 हजार 140 वोटों से हराया था। भाजपा के बैजनाथ रावत को सन् 1998 में पहली बार जिले में कमल खिलाने का तमगा हासिल है। अब तक दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की बात करें तो इसमें कांग्रेस के डॉ.पीएल पुनिया का नाम आता है। जिन्होंने 2009 में जीत हासिल की थी। उन्होंने बसपा के कमला प्रसाद रावत को 1 लाख 68 हजार 575 मतों से शिकस्त दी थी। लेकिन भाजपा की प्रियंका सिंह रावत की अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड आज तक कायम है।

### कब किसने कितने वोटों से हासिल की जीत

| चुनाव | विजेता | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| 1951 | गंगा देवी | 13064 |
| 1957 | आरएस यादव | 30880 |
| 1962 | आरएस यादव | 321 |
| 1967 | बी.कुरील | 13469 |
| 1967 | आरएस यादव | 13374 |
| 1971 | बैजनाथ कुरील | 34829 |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | 58345 |
| 1977 | राम किंकर | 147411 |
| 1980 | राम किंकर | 15641 |
| 1984 | कमला प्रसाद | 94671 |
| 1989 | रामसागर रावत | 64117 |
| 1991 | रामसागर रावत | 3798 |
| 1996 | रामसागर रावत | 14722 |
| 1998 | बैजनाथ रावत | 13785 |
| 1999 | रामसागर रावत | 55278 |
| 2004 | कमला प्रसाद | 20927 |
| 2009 | पीएल पुनिया | 168575 |
| 2014 | प्रियंका सिंह रावत | 211878 |
| 2019 | उपेंद्र सिंह रावत | 110140 |

# मोदी लहर से कम हुआ रायबरेली में जीत का अंतर

**04** बार लगातार सोनिया गांधी ही चुनी गईं सांसद **2019** में भाजपा के दिनेश सिंह ने दी थी कड़ी टक्कर

धर्मेन्द्र प्रधान रायबरेली

**अमृत विचार:** 1957 में अस्तित्व में आई रायबरेली लोकसभा सीट पर वैसे तो ज्यादातर कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। अब तक तीन बार ही गैर कांग्रेसी सांसद बने हैं।

2004 में सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट पर कदम रखा और चुनाव में जीत दर्ज की थी। सोनिया गांधी के आने बाद से कांग्रेस की जीत का अंतर जरूर कम ज्यादा होता रहा लेकिन कोई मात नहीं दे सका। अब तक रायबरेली सीट पर आधी आबादी का ही ज्यादा कब्जा रहा है। 2004 के बाद से अब तक हुए चुनावों में पुरुष सांसद ही नहीं चुने गए। चार बार से लगातार रायबरेली से चुनकर जा रहीं सोनिया गांधी को 2019 के मोदी लहर में भी कोई नुकसान नहीं हुआ और वह यूपी से कांग्रेस की इकलौती सांसद चुनी गई थीं। पड़ोस की लोकसभा से बेटे राहुल गांधी को मात खानी पड़ी थी। पिछले लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो इस बार भाजपा खेमा आत्मविश्वास से लबरेज है। इस बार उसे लगता है कि वह कांग्रेस को पटखनी दे देंगे।

कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी ने जीत का क्रम तो जरूर जारी रखा लेकिन मत प्रतिशत में लगातार गिरावट होती रही। भाजपा को जीत भले ही हासिल न हुई हो लेकिन उसका मत प्रतिशत जरूर बढ़ता गया। 2004 में जहां भाजपा का मत प्रतिशत 4.86 था। वही कांग्रेस का 58.75 प्रतिशत रहा। जबकि 2009 के चुनाव में कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ कर 80 प्रतिशत के ऊपर चला गया। लेकिन साल 2014 में जहां कांग्रेस का मत प्रतिशत 63.90 रहा, वही भाजपा भी छलांग लगाते हुए 17.33 प्रतिशत पर पहुंच गई।

सबसे ज्यादा नुकसान बीते लोकसभा चुनाव में हुआ जब कांग्रेस से बागी होकर भाजपा से लड़े दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस को कड़ी टक्कर दी। इस बार सोनिया गांधी ने जीत जरूर

**अतीत के झरोखे से**

दर्ज की लेकिन जहां जीत अंतर कम हुआ वही मतदान प्रतिशत का भी नुकसान हुआ। इस बार भाजपा ने 38.35 प्रतिशत मत पाए वही कांग्रेस को 55.78 प्रतिशत से ही संतोष करना पड़ा था।



### मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक हैं अयोध्या की बेटियां

# मतदाता सूची से मिले छोटे आंकड़ों में छिपा बड़ा संकेत



राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** चुनाव के दौर में सामने आए छोटे आंकडे से बड़ा संकेत है। अयोध्या की बेटियां लोकतंत्र में मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक है। मतदाता सूची में इनकी संख्या बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा है।

यह आंकड़ा 18 से 19 आयु वर्ग का है। 13-19 साल की आयु को किशोरावस्था (टीन एज) के तहत रखा जाता है। मतदाता बनने की न्यूनतम आयु 18 साल है। इस उम्र में किशोरियां अमूमन शमीर्ली होती है। वह मतदाता बनने के लिए उत्सुक नहीं होती। इसके बावजूद यदि किशोरियां मतदाता बनने में आगे हैं तो लोकतंत्र में मतदान के प्रति उनकी जागरुकता ही कही जाएगी।

निर्वाचन विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 60 साल तक के मतदाताओं की संख्या में पुरुषों की संख्या ज्यादा होती है, लेकिन 60 साल के बाद धीरे-धीरे पुरुष मतदाताओं की संख्या महिला मतदाताओं के आंकड़े से नीचे आने लगती है। रिपोर्ट कहती है कि अयोध्या जिले में भी 60 साल से ज्यादा उम्र के कुल मतदाताओं की संख्या 3,06,656 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,48,572 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,58,084 है। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की संख्या से लगभग 9,512 ज्यादा है। लेकिन 20 से 60 साल के बीच मतदाताओं के आंकड़े में पुरुष मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। जिले में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में लगभग 1,11,382 का अंतर है। इससे इतर 23 फरवरी को सामने आए जिले के मतदाताओं के आंकड़ों के मुताबिक 18-19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 23,449 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 11,332 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 12,117 है।



**▸▸ किशोर वर्ग में बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा बेटियां**

महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से लगभग 3.35 फीसदी है। जानकारों का कहना है कि ऐसा इस उम्र के मतदाताओं में जिले मे शायद पहली बार हुआ है। जब टीन एज के कुल मतदाताओं में किशोरियों की संख्या ज्यादा है। मानते हैं कि लोकतंत्र और मतदान के प्रति किशोरियों में रुझान बढ़ रहा है।

# हाथी को महावत न साइकिल को सवार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में न तो हाथी को महावत और न ही साइकिल सवार को सवार मिल पा रहा है। इंडिया गठबंधन की नजर जहां बसपा के दांव पर टिकी हुई है वहीं बसपा भी साइकिल की चाल देखकर ही प्रत्याशी तय करने के मूड में है। भाजपा प्रत्याशी घोषित हो चुका है। किंतु डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में अभी तक इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है। जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अकेले भाजपा प्रत्याशी ही अभी तक घोषित हुआ है। भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने नुक्कड़ ग्राम सभाओं के जरिए अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक बसपा यहां किसी अच्छे मुस्लिम प्रत्याशी की तलाश में लगी हुई है। अगर बसपा किसी मुसलमान प्रत्याशी को हाथी पर सवार करती है तो सपा के लिए यही चिंता का विषय हो जाएगा। इससे भाजपा की जीत आसान हो सकती है। क्योंकि लोकसभा डुमरियागंज में ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाता ही हार जीत का तय करने में अहम भूमिका अदा करते हैं।



रणनीति | कांग्रेस का भी मिलेगा समर्थन, पिता के निधन से रिक्त सीट पर सपा ने बेटे को चुनाव मैदान में उतारा

# हर चुनाव में दूसरे चेहरे को मौका देती है जनता

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार:** नेपाल सीमा पर स्थित गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्रसपा विधायक डा. एसपी यादव के निधन पर उपचुनाव होने जा रहा है। यहां की जनता हर विधानसभा चुनाव में दूसरे चेहरे को मौका देती रही है। पिछले 13 विधानसभा चुनावों में यहां के मतदाताओं ने हर बार अपना विधायक बदला। पहली बार क्षेत्र में यह उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ-साथ होगा।

छठवें चरण में यहां विधानसभा के लिए भी मतदान होगा । इस उपचुनाव में जहां एक ओर सपा सहानुभूति की साइकिल चलाना चाहती है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा वर्ष 2022 में मामूली मतों से मिली हार को जीत में बदलकर बदला लेने की रणनीति बना रही है । यहां के उपचुनाव को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सपा ने तो अपने पत्ता खोल दिया हैं। लेकिन भाजपा और बसपा ने भी अपना पत्ता नहीं खोला है। बसपा जिलाध्यक्ष यहां से प्रत्याशी के नाम पर काफी आश्वस्त दिख रहे हैं। क्षेत्र की जनता ने पराजित हुए उम्मीदवार को अगले चुनाव में मौका तो दिया लेकिन लगातार दो बार किसी भी चेहरे को मौका नहीं दिया है। यहां से कांग्रेस के अकबाल हुसेन दो बार, भाजपा के बिंदु लाल तीन बार तथा सपा के डा.एस पी यादव चार बार विधायक रह चुके हैं।

इस बार के उपचुनाव में सभी दलों की निगाहें मतदाताओं के मूड पर टिकी हुई है। मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए सभी दलों ने हर संभव प्रयास शुरू कर दिया है।

### गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव





डा. एस पी यादव

### सपा को सहानभूति की साइकिल चलने का भरोसा

गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में सपा ने जिले में पार्टी के संस्थापक रहे डा. एसपी यादव के बेटे राकेश यादव को मैदान में उतार दिया है। पार्टी को यहां से सहानुभूति की साइकिल चलने का पूरा भरोसा है। इंडिया गठबंधन के चलते कांग्रेस यहां राकेश का समर्थन करेगी। डा. एसपी यादव का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था । पार्टी को भरोसा है कि उनकी सेवा को देखते हुए क्षेत्र की जनता एक बार फिर उनके बेटे को विधायक बनाएगी। राकेश की पत्नी बलरामपुर सदर ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख रह चुकी हैं। राकेश अपने पिता के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहे और अब चुनाव मैदान में है। भाजपा ने अभी उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा तो नहीं की है लेकिन क्षेत्र में सक्रियता को देखते हुए पिछली बार करीब पांच हजार मतों से पराजित शैलेश कुमार सिंह शैलू का दावा मजबूत माना जा रहा है । बसपा जिला अध्यक्ष लालचंद कोरी ने बताया कि क्षेत्र से मोहम्मद हारिस फिदा बाबा का नाम लगभग तय हैं । हालांकि अभी इसकी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। अब देखना यह है कि यहां के उप चुनाव में जनता सहानुभूति साइकिल चलाएगी अथवा अपनी परंपरा निभाते हुए एक बार फिर किसी नए चेहरे को मौका देगी।

### गैंसड़ी मे कब कौन बना विधायक

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ष | 1974 | विजय पाल सिंह | जनसंघ |
| वर्ष | 1977 | बिन्दुलाल | जनता पार्टी |
| वर्ष | 1980 | अकबाल हुसैन | कांग्रेस |
| वर्ष | 1985 | अरुण प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| वर्ष | 1989 | अकबाल हुसैन | कांग्रेस |
| वर्ष | 1991 | बिन्दुलाल | भाजपा |
| वर्ष | 1993 | डा.एस पी यादव | सपा |
| वर्ष | 1996 | बिन्दुलाल | भाजपा |
| वर्ष | 2002 | डा.एस पी यादव | सपा |
| वर्ष | 2007 | अलाउद्दीन खां | बसपा |
| वर्ष | 2012 | डा.एस पी यादव | सपा |
| वर्ष | 2017 | शैलेश कुमार सिंह | भाजपा |
| वर्ष | 2022 | डा.एस पी यादव | सपा |

### विस क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता– | 361708 |
| पुरुष– | 192888 |
| महिला– | 168801 |
| अन्य– | 19 |

## एक नजर

### परेशानी बताने ट्रैक्टर से सपा कार्यालय पहुंचा किसान

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार ने हमेशा किसानों के हित में बड़े फैसले लिये हैं। सपा अपने घोषणा-पत्र में किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता देगी। यह बात उन्होंने शनिवार को गाजीपुर के किसान प्रदीप यादव से पार्टी कार्यालय में कही, प्रदीप यादव मंसूरपुर सैदपुर गाजीपुर से ट्रैक्टर से चल कर लखनऊ आये थे। उन्होंने सपा प्रमुख को बताया कि भाजपा सरकार में किसानों को फसलों की कीमत नहीं मिलती है। खेती-किसानी घाटे का सौदा हो गया है।

### प्रियंका गांधी सहारनपुर में जल्द करेंगी रोड शो

अमृत विचार, लखनऊ: प्रत्याशियों के पक्ष में भाजपा की ताबड़तोड़ जनसभाओं के बाद अब कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में उतरेंगी। प्रियंका के सहारनपुर में रोड शो की तैयारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही, प्रचार में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी व अन्य स्टार प्रचारक उतरेंगे।



इंडिया गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों में से कांग्रेस अब तक 14 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। रायबरेली, अमेठी व प्रयागराज सीट के प्रत्याशियों के जल्द घोषित होने की संभावना है। पहले व दूसरे चरण की सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों की ओर से रोड शो व जन सभाओं की मांग शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस ने प्रत्याशियों की मांग के अनुरूप चुनाव प्रचार कार्यक्रम पर मंथन शुरू कर दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पहले व दूसरे चरण की सभी सीटों पर स्टार प्रचारकों के जनसभाएं करने को लेकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रत्याशी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की जनसभाओं पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रियंका गांधी के सहारनपुर में जनसभा व रोड शो करने की संभावना है।

इसके साथ ही, प्रयागराज, अमेठी व रायबरेली सीटों के लिए प्रत्याशियों के जल्द घोषित होने की संभावना है।

# एक सप्ताह में पूरी होगी अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया

## प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का परिणाम घोषित करने के लिए निर्वाचन आयोग से मांगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में मिलेगा प्रवेश**



अमृत विचार : पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश प्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर पूरी हो जाएगी। विद्यालय का सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है, लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कक्षा 6 और कक्षा 9 के लिए हुई प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। विद्यालय समिति ने परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी है।

पिछले वर्ष मुख्यमंत्री योगी की इस महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालय की प्रधानमंत्री मोदी ने शुरुआत की थी। 16 मंडलों में यह विद्यालय शुरू हो चुके हैं, जबकि दो मंडलों मुरादाबाद और बरेली में बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बरेली मंडल के बच्चे लखनऊ में और मुरादाबाद मंडल के बच्चे बुलंदशहर के अटल आवासीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। भवन निर्माण का काम पूरा होने के बाद बच्चों को शिफ्ट कर दिया जाएगा। बोर्ड की सचिव गजल भारद्वाज ने बताया कि कक्षा 6 से उत्तीर्ण होकर कक्षा 7 में पहुंचे बच्चों की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। नए सत्र में कक्षा 6 और कक्षा 9 में छात्रों को प्रवेश देने के लिए परीक्षा परिणाम का इंतजार है।

### यूनिफॉर्म की बिड प्रक्रिया भी पूरी

बोर्ड की सचिव गजल भारद्वाज ने बताया कि बच्चों की यूनिफॉर्म, शूज और कॉपी-किताबों समेत सभी आवश्यक सामान के लिए बिड प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके लिए भी अनुमति ली गई है। अनुमति मिलते ही इसके भी टेंडर खुल जाएंगे और सामान छात्रों में वितरित किया जाएगा। जिन स्थानों पर शिक्षकों की कमी थी, उसके लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन्हें जल्द नियुक्त किया जाएगा।

### प्रत्येक विद्यालय में 280 छात्रों का चयन

अटल आवासीय विद्यालयों में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के साथ ही कोरोना काल में अपने माता-पिता को गंवाने वाले बच्चों को आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6 और 9 में 140-140 बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। कुल सीटों के स्थानों में 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 2 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का भी प्रावधान है।

# आठ वर्षों से फरार 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**एसटीएफ ने प्रयागराज के मऊआईमा के पास किया गिरफ्तार**

अमृत विचार : एसटीएफ ने शनिवार को 50 हजार के इनामी अपराधी संतोष सिंह को प्रयागराज के मऊआईमा से गिरफ्तार कर लिया है। संतोष सिंह उन 12 अभियुक्तों में से एक है, जो 2016 में न्यायालय में पेशी के दौरान फरार हुए थे। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक विमल सिंह के नेतृत्व में अभियुक्त संतोष सिंह की लंबे समय से तलाश की जा रही थी।

अभियुक्त संतोष सिंह की तलाशी के दौरान ही एसटीएफ को विगत दिनों सूचना मिली कि संतोष विभिन्न आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। इस दौरान एसटीएफ द्वारा सूचनाएं भी संकलित की जा रही थीं। संतोष पर 50 हजार का इनाम भी रखा गया था। शनिवार को एसटीएफ टीम को जानकारी मिली कि संतोष सिंह मऊआईमा पहुंच रहा है। इस जानकारी पर टीम ने उसे वहीं गिरफ्तार कर लिया। मौके पर संतोष के पास 315 बोर का एक तमंचा, दो कारतूस, एक फोन भी बरामद किया गया है।

# इटावा के पूर्व सांसद प्रेमदास समेत कई दलों के दिग्गज हुए भाजपाई

## कांग्रेस, सपा व बसपा को झटका, कई पूर्व सांसद व पूर्व विधायक भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**भाजपा में शामिल होने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव के पुत्र समेत कई एनजीओ संचालक भी**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस, सपा व बसपा को झटका देते हुए कई पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. रामनरेश यादव के पुत्र समेत कई एनजीओ संचालक भी भाजपाई हो गये।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सदस्यता ग्रहण कराई। इसमें प्रमुख रूप से बसपा के पूर्व सांसद वीर सिंह (मुरादाबाद), कांग्रेस से पूर्व सांसद व पूर्व विधायक संतोष कुमार कटाई (आजमगढ़), सपा से पूर्व सांसद व जिला पंचायत के अध्यक्ष प्रेमदास कठेरिया (इटावा), पूर्व मंत्री सपा नेता डॉ. केसी पाण्डेय (गोरखपुर), पूर्व मंत्री सपा नेत्री साधना मिश्रा (बरेली) अनूपशहर, बुलन्दशहर से पूर्व विधायक गजेन्द्र सिंह, बसपा से पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय (फतेहपुर), सपा से पूर्व विधायक रमेश कुमार कुशवाहा (ललितपुर), बसपा के पूर्व विधायक वासुदेव सिंह बाबा (बुलन्दशहर) और पूर्व मुख्यमंत्री स्व रामनरेश यादव के पुत्र अजय नरेश यादव (आजमगढ़) शामिल रहे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र और अपने-अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत करने के काम में जुट जाइए। प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर जाइए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए दिया है। प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है।



पार्टी मुख्यालय पर विभिन्न दलों के नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

भाजपा में शामिल होने वालों में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव व लोकसभा प्रत्याशी रहे देवेन्द्र प्रताप सिंह गौतम (फतेहपुर), सपा के एससी-एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शम्भु दयाल दोहरे (इटावा), सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव आदित्य शुक्ल (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी डॉ. सीएस धनगर (मथुरा), जनअधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आईपी कुशवाहा (बांदा), राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा फाउन्डेशन रजत सिंह (मऊ), राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव सेवा आश्रम राजकुमार सिंह(मऊ), राष्ट्रीय अध्यक्ष जनहित किसान पार्टी श्याम सुन्दर दास चौरसिया (महराजगंज), प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पासी महासभा राजू सरोज (कानपुर), नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार (फर्रूखाबाद), नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता (हरदोई), नगर पंचायत अध्यक्ष विद्यादेवी (हरदोई), नगर पंचायत अध्यक्ष अपूर्वा सिंह(आजमगढ़), सपा नगर पंचायत अध्यक्ष मूलचन्द्र सोनकर (बांदा), ब्लाक प्रमुख यशवंत शर्मा (आजमगढ), बसपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित (हमीरपुर), सपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधुचन्द्रा (बदायूं) सपा से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा मौर्या (बदायूं) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# स्थापना दिवस पर भाजपा ने लिया वैभवशाली राष्ट्र निर्माण का संकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**प्रदेश में 1.63 लाख बूथों समेत भाजपा के कार्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम**

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल समेत 1.63 लाख बूथों पर मनाते हुए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अन्त्योदय पथ, अन्त्योदय प्रण, अन्त्योदय लक्ष्य के साथ वैभवशाली राष्ट्रनिर्माण का संकल्प लिया।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सहारनपुर जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी का ध्वज फहराकर बधाई देते हुए नींव तैयार करने वाले महान विभूतियों को नमन किया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन करने के बाद अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। शनिवार को पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाते हुए कार्यालयों तथा अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वज फहराया। मिठाई बांटकर बधाई दी और अन्त्योदय पथ पर चलने का संकल्प लिया। मोदी सरकार की उपलब्धियों का पत्रक लेकर घर-घर कार्यकर्ता पहुंचे और प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर बूथ समिति, पन्ना प्रमुख तथा स्थानीय नागरिकों के बीच पार्टी के गौरवशाली इतिहास तथा ऐतिहासिक उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

### 3,910 शस्त्र लाइसेंस निरस्त, कराए गए जमा

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई में 3990 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर दिए गए हैं। इन्हें जमा करा लिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से पांच अप्रैल तक पुलिस विभाग के जरिये अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये और 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये हैं। निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 18,83,558 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस जारी की गई, 11,59,360 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग की ओर से 4206 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4467 कारतूस, 2066 .5 किग्रा विस्फोटक व 227 बम बरामद कर सीज किये गये। प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक कुल 113 .26 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार और नकदी जब्त की गई।

# प्रदेश में साझेदार तलाश रहा कोरिया का बड़ा मीडिया समूह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**इन्वेस्ट यूपी ने की कोरिया के हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप और देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी**

**नए बिजनेस वेंचर्स तलाशने को कोरियाई इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन बनाएगा कोरिया-इंडिया इकोनॉमिक फोरम**

अमृत विचार : द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने और प्रदेश में निवेश की राह तलाशने के लिए शनिवार को दक्षिण कोरिया के हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप और देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त और इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश में प्रौद्योगिकी, मीडिया, रियल एस्टेट, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा तथा संधारणीय विकास परियोजनाओं सहित अन्य संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की।

बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में अपने परिचालन का विस्तार करने और राज्य की आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए यहां की बाजार क्षमता और कुशल जनशक्ति का लाभ उठाने में रुचि जताई। कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने उप्र में बिजनेस वेंचर्स के नए अवसरों को तलाशने के उद्देश्य से भारत और कोरियन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन के मध्य भारत-कोरिया इकोनामिक फोरम की स्थापना करने की इच्छा व्यक्त की।




कोरिया के हेराल्ड मीडिया ग्रुप और देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल के साथ औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश।

बता दें कि कोरियन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन के पास 400 कोरियाई कंपनियों का नेटवर्क उपलब्ध है। हेराल्ड मीडिया ग्रुप, 1953 में स्थापित एक प्रसिद्ध दक्षिण कोरियाई समूह है जो मीडिया, शिक्षा और जीवन शैली जैसे क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। कोरियाई प्रतिनिधिमंडल में हेराल्ड मीडिया ग्रुप से रणनीति और व्यापार विभाग के निदेशक होंग किल-योंग, देवू ग्लोबल बिजनेस ग्रुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष यंग-मिन आरवाईयू और कोरिया हेराल्ड के पत्रकार डॉ. संजय कुमार शामिल थे।

**कोरियाई कंपनियों को किया आमंत्रित :** शासन के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने हेराल्ड मीडिया समूह के प्रतिनिधिमंडल की यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त की और विदेशी निवेश के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे, कुशल कार्यबल और निवेशक-अनुकूल नीतियों पर प्रकाश डाला और कोरियाई कंपनियों को विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी और निवेश के लिए आमंत्रित किया।

## वर्ग पहेली-32

**बाएं से दाएं**

1. बाज़ या गिद्ध की जाति का एक बड़ा पक्षी
3. नागरिक, नगर का निवासी।
4. 1. सघन, गहरा 2. बहुत घना 3. भयंकर, ज़बरदस्त।
5. अपनी मरज़ी से।
6. नौका संबंधी
7. 1. घंटे की-सी ध्वनि निकलना 2. घन-घन की आवाज़ निकलना।
8. एक प्रकार का प्रत्यय जो 'भरा हुआ' या 'पूर्ण' होने का अर्थ देता है
9. 1. त्रुटि, भूल, गलती 2. दोष, अपराध।
10. लोहा

**ऊपर से नीचे**

2. उनचना, पैताने (पैर की ओर) की रस्सी खींचकर खटिया की बुनावट के ढीलेपन को दूर करना।



### वर्ग पहेली -31 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 म | | 2 टे | |
| | 3 उ | दि | त | यौ | व | 4 ना |
| 5 रे | | | वि | | | ग |
| टि | | | भा | | | र |
| ना | | | 6 ज | 7 ब | कि | |
| | 8 वे | 9 खा | न | स | | 10 ताँ |
| | | म | | र | | 11 ता |

## सुडोकू -111

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | | | 2 | |
| 7 | | 4 | | 2 | | 1 | | 6 |
| | | 6 | | | 3 | | 9 | |
| | 2 | 1 | | 4 | | 5 | | |
| | | | | | | | | |
| | | 7 | | 8 | | 6 | 4 | |
| | 7 | | 5 | | | 8 | | |
| 5 | | 3 | | 1 | | | | 7 |
| | 6 | | | | 9 | | | 4 |

### सुडोकू -110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 06 .53 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 8 अप्रैल 03 .21 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष** – आज खर्चों की अधिकता रहेगी। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत न करें। वैवाहिक जीवन तनाव युक्त हो सकता है। गैस और कब्ज के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**वृष** – आज व्यापारियों को नए अनुबंध मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। संपत्ति को लेकर डील होने की संभावना है। प्रेमीजन का सहयोग मिलेगा। धन कमाने के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**मिथुन** – आज आप आलस्य वश काम टालने का प्रयास कर सकते हैं। बोलचाल के दौरान नम्रता का भाव अवश्य रखें। जॉब में बदलाव करना फिलहाल उचित नहीं है। व्यवसाय में महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

**कर्क** – आज धार्मिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। समस्याओं का निवारण होगा। नया निवेश करने से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज घर के बड़े बुजुर्गों के साथ वैचारिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। पड़ोसियों के साथ थोड़ी कहासुनी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ अनमने से रहेंगे।

**कन्या** – आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार आने के योग बन रहे हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने के कारण इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। जॉब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें।

**तुला** – आज नसों में खिंचाव और दर्द की समस्या हो सकती है। घर में रिश्तेदार आ सकते हैं। अपनी क्षमताओं और योग्यता का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। व्यापार के लिए लोन लेने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें।

**वृश्चिक** – आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। मन में नए और रचनात्मक विचार जन्म लेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में परेशानी होगी। धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा। अपना व्यवहार हमेशा मधुर बनाए रखें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**धनु** – आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। किसी मित्र के प्रति गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। कर्मचारियों के साथ मतभेद बढ़ सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। कारोबारी कार्यों से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**मकर** – आज आप किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कमर और पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। धैर्यवान होकर के काम करना लाभकारी होगी। व्यस्तता के बावजूद अपने काम को प्राथमिकता देंगे। गुरु तुल्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कुंभ** – आज मन में किसी के भी प्रति बैरभाव न रखें। छाती में जलन की शिकायत हो सकती है। अपने स्वभाव को संयमित रखें। किसी परिजन को लेकर चिंतित हो सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे।

**मीन** – आज जॉब में अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 12 .58 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कहानी किस्मत की – दोपहर : 12 .02
लोहा – रात : 07 .57

&pictures
एंटरटेनमेंट – सुबह : 09 .20
दिल चाहता है – शाम : 04 .30

SONY PIX
इन द हार्ट ऑफ द सी – सुबह : 10 .05
स्पाइडर मैन – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
डॉन – सुबह : 11 .30
रईस – रात : 07 .40

colors CINEPLEX
भगवंत केसरी – दोपहर : 12 .55
पिचैककरण – रात : 07 .03

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07 .40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति-पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

# लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे मोदी

## राजस्थान की चुनावी सभा में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पर बोला हमला

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए शनिवार को कहा कि वह खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा-आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है। संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा-यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। सोनिया गांधी यहां विद्याधर नगर में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा-देश से ऊपर हो जाने की बात सपने में भी नहीं सोची जा सकती। क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है? जो ऐसा सोचता है देश की जनता, मेरी प्यारी बहनें, नौजवान, किसान, मजदूर, आदिवासी उसे सबक सिखा देते हैं। दुर्भाग्य से आज हमारे देश में ऐसे नेता सत्ता में विराजमान हैं। मोदी जी खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं।


जयपुर में लोकसभा चुनाव से पहले बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेताओं सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के साथ नजर आए। ● एजेंसी

उन्होंने कहा-विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने, भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) में शामिल कराने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा-हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है जिसने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट, असमानता व अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस मोदी सरकार ने जो-जो किया है वो हमारे, आपके सामने है। इसलिए यह समय हताशा से भरा हुआ है। उन्होंने कहा, लेकिन जान लीजिए हताशा के साथ ही उम्मीद का भी जन्म होता है। मुझे पूरा यकीन है कि कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को अपने सीने की आग से जलाएंगे और हजार आंधियों से संभालकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-क्योंकि ये देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। इसकी हवाओं में हमारी मां बहनों के पसीने का नमक है।

### लोस चुनाव : कांग्रेस ने छह और उम्मीदवार घोषित किए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को छह और उम्मीदवार घोषित किए जिनमें सबसे प्रमुख नाम विरियाटो फर्नांडिस का है जिन्हें दक्षिण गोवा संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद फ्रांसिस्को सारदिन्हा का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सारदिन्हा गोवा के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने उत्तरी गोवा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री रमाकांत खलप को टिकट दिया है। मध्य प्रदेश के मुरैना से सत्यपाल सिंह सीकरवार, ग्वालियर से प्रवीण पाठक और खंडवा से नरेन्द्र पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं दादरा एवं नगर हवेली से अजीत रामजी भाई महला को टिकट दिया गया है। कांग्रेस अब तक कुल 241 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इससे पहले उसने 13 अलग-अलग सूचियों में 235 उम्मीदवार घोषित किए थे।

# भाजपा भारत की पसंदीदा पार्टी है : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर बोले प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि भाजपा भारत की पसंदीदा पार्टी बन गई है और उन्होंने भरोसा जताया कि लोग पार्टी को केंद्र में एक और कार्यकाल के लिए चुनेंगे ताकि बीते एक दशक में विकसित भारत के लिए तैयार की गई नींव को मजबूत किया जा सके।

मोदी ने भाजपा के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने में सक्षम होने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने की भी क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति से मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है जबकि दशकों तक शासन करने वाले दलों ने इसी राजनीतिक संस्कृति को देश की पहचान बना दिया था। मोदी ने कहा कि नए भारत में स्वच्छ और पारदर्शी शासन होने से विकास का लाभ आज अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा-केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नए सिरे से परिभाषित किया है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने देश के गरीब और वंचित भाई-बहनों को एक नई ताकत दी है। जो लोग दशकों तक हाशिए पर रहे थे, उन्हें अपने लिए भाजपा में उम्मीद की बड़ी किरण दिखी। भाजपा उनकी सशक्त आवाज बनकर सामने आई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा समग्र विकास के लिए काम किया है, जिससे हर देशवासी का जीवन आसान बना है। मोदी ने कहा-भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर देशभर के मेरे कर्मठ और परिश्रमी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। आज भाजपा की उन सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने वर्षों की अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। मैं आज पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है।

## एक नजर

### लुधियाना के एसीपी और गनमैन की सड़क दुर्घटना में मौत

**लुधियाना।** पंजाब में लुधियाना जिले में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) और उनके गनमैन की शुक्रवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना उस समय हुई जब चंडीगढ़ से लौट रहे एसीपी संदीप सिंह का वाहन समराला में दयालपुरा बाईपास पर एक अन्य वाहन से टकरा गया। सिंह और उनके गनमैन परमजोत सिंह को घायलावस्था में सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

### एचडीआईएल के प्रमोटर वधावन की नहीं हुई रिहाई

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के मामले में हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचडीआईएल) के प्रमोटर राकेश वधावन और सारंग वधावन को शुक्रवार को जमानत दे दी लेकिन दोनों पर कई अन्य मामले चलने के कारण उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है। उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज मामलों में दोनों को कल जमानत मंजूर कर ली थी।

# राजस्थान में पढाई नहीं करने पर एक युवक ने बेटी को पीटा, मौत

**जयपुर।** राजस्थान में सिरोही जिले के आबूरोड थाना क्षेत्र में एक युवक ने परीक्षा की तैयारीं नहीं करने पर अपनी बेटी को कथित रूप से पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रेम नगर में फतेह मोहम्मद (42) ने 11वीं कक्षा में पढ रही अपनी 17 वर्षीय बेटी को बृहस्पतिवार को पढ़ाई नहीं करने के कारण पीटा। उन्होंने बताया कि छात्रा के चाचा की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया तथा पिटाई के लिये उपयोग में लाया गया डंडा शनिवार को बरामद कर लिया गया।

# केरल के कन्नूर में विस्फोट के मामले में चार लोग गिरफ्तार

कन्नूर, एजेंसी

- पुलिस ने कहा-गिरफ्तार आरोपी माकपा के कार्यकर्ता थे

केरल के कन्नूर जिले के उत्तरी हिस्से पनूर के पास एक दिन पहले हुए विस्फोट के सिलसिले में शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी, तीन घायल व्यक्ति और मृतक, सभी व्यक्ति मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ता अथवा समर्थक थे। वामपंथी दल ने पुलिस के इस दावे को खारिज कर दिया है। पनूर पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने विस्फोट के सिलसिले में शेबिन लाल, के अतुल, के के अरुण और सयूज को गिरफ्तार कर लिया है, ये सभी कथित तौर पर उस समय मौजूद थे जब बम विस्फोट हुआ था। पुलिस ने बताया कि सयूज को कथित तौर पर पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के कोयंबटूर भागने की कोशिश करते समय पालक्कड से पकड़ा गया था। इसमें कहा गया है कि विस्फोट में घायल हुए तीन अन्य - विनीश, विनोद और अश्वनाथ का भी इलाज चल रहा है।

# कोर्ट ने अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी की अर्जी पर आदेश सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में समन से बचने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी की एक अर्जी पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा नौ अप्रैल को फैसला सुनाएंगी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर जवाब के लिए खान को तलब किया जाए या नहीं। ईडी ने आरोप लगाया है कि खान ने अग्रिम जमानत याचिका दायर करके और जांच से भागकर अपनी भूमिका संदिग्ध कर ली है।



ठाणे रंगवल्ली परिवार के रंगोली कलाकारों द्वारा ठाणे में आयोजित रंगोली प्रदर्शनी के दौरान गुड़ी पड़वा उत्सव के बीच एक महिला कलाकार ने मनमोहक रंगोली बनाई। ● एजेंसी

### डीआरआई ने तमिलनाडु से बरामद किया 4.9 किलो सोना

**रामनाथपुरम (तमिलनाडु)।** तटरक्षक बल और सीमा शुल्क विभाग के एक संयुक्त अभियान में, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने श्रीलंका से तस्करी करने के बाद समुद्र में फेंका गया तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना बरामद किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया-एजेंसियों ने पांच अप्रैल को समुद्र से कुल 4.9 किलोग्राम सोना बरामद किया। तटरक्षक बल और रामनाथपुरम की सीमा शुल्क इकाई के साथ एक संयुक्त अभियान में डीआरआई ने मंडपम के वेदलाई तट के निकट समुद्र से 4.9 किलोग्राम सोना बरामद किया। सोने की छड़ों का कुल वजन 4.9 किग्रा है और इसका मूल्य 3.43 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# मोदी को इतिहास नहीं पता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मुस्लिम लीग के साथ किया था गठबंधन: रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी का दिया जवाब



कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर शनिवार को पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं, क्योंकि वह कोई और नहीं बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर विभाजन की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में एक चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है। प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपना इतिहास ही नहीं पता है।

### इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल करेगा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं हैं और इसमें विपक्षी दलों को निशाना बनाया जा रहा है, फिर भी पांच न्याय, 25 गारंटी पर जनता की प्रतिक्रिया के कारण चुनाव में इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोग चुनाव की स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष खत्म करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी प्रयासों को खारिज कर देंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अंदरखाने से बहुत हुआ 10 साल अन्याय काल की लहर है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1110 बोल्ड 1160 डीएमओ 880।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# गेहूं की फसल पर जलवायु संकट का सामना करने में भारत की तैयारी पाकिस्तान से बेहतर

## कृषि वैज्ञानिक बोले-मौसम इस साल रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हासिल करने में कर रहा मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में मौसम की अनुकूल स्थिति उन्हें इस साल रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हासिल करने में मदद कर रही है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि हालांकि, भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने के लिए पड़ोसी देश की तुलना में बेहतर ढंग से तैयार है। उन्होंने बताया कि भारत ने बीज की कई स्वदेशी गर्मी प्रतिरोधी और कम अवधि वाली किस्में विकसित की हैं।

वैज्ञानिकों ने कहा भारत दुनिया का दूसरा और पाकिस्तान आठवां सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है। जहां भारत गेहूं उत्पादन में



आत्मनिर्भर है, वहीं पाकिस्तान 20-30 लाख टन गेहूं आयात करता है। घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाकिस्तान के अभी भी आयात पर निर्भर है। इसकी एक बड़ी वजह उसका जलवायु-अनुकूल स्वदेशी किस्मों को विकसित नहीं कर पाना है। फिलहाल दोनों देशों में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है। भारत का अनुमान है कि फसली वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में गेहूं उत्पादन 11.4 करोड़ टन के नए रिकॉर्ड तक पहुंचेगा। दूसरी ओर पाकिस्तान ने 3.22 करोड़ टन पैदावार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। जहां दोनों देश 2010 से गेहूं की फसल पर जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव का सामना कर रहे हैं, वहीं चालू वर्ष असाधारण रूप से अनुकूल रहा है। इस दौरान न तो गरम हवा देखने को मिली और न ही फसल को प्रभावित करने वाली बेमौसम बारिश हुई।

### हम भारी पैदावार की उम्मीद कर रहे : ज्ञानेंद्र सिंह



आईसीएआर-भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईआईडब्ल्यूबीआर) के निदेशक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया-इस साल मौसम अनुकूल है। मध्य जनवरी और फरवरी की महत्वपूर्ण अवधि के दौरान, गर्म हवा और बेमौसम बारिश की कोई घटना नहीं हुई। हम भारी पैदावार की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नए बीजों की उपलब्धता और किसानों के बीच अधिक जागरूकता के कारण इस साल गेहूं के कुल रकबे के 80 प्रतिशत से अधिक में जलवायु-अनुकूल गेहूं की किस्मों को बोया गया है।

### डॉ. मीनेष शाह चुने गए राष्ट्रीय सहकारी डेरी फेडरेशन के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** डेरी सहकारिता की शीर्ष संस्था नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीडीएफआई) ने सर्वसम्मति से डॉ. मीनेष शाह को अपना अध्यक्ष चुना है। चुनाव निर्वाचन अधिकारी आनंद के जिलाधिकारी प्रवीण चौधरी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इससे पहले 4 अप्रैल, 2024 को हुई फेडरेशन की आम सभा की बैठक में आठ निदेशकों को चुना गया, जिसमें झारखण्ड दुग्ध महासंघ से डॉ. मीनेश शाह, सिक्किम दुग्ध महासंघ से डॉ. मंगत जीत राय, गुजरात दुग्ध महासंघ से शामलभाई बी पटेल, हरियाणा दुग्ध महासंघ से रणधीर सिंह, केरल दुग्ध महासंघ से के एस मणि, कर्नाटक दुग्ध महासंघ से बालचंद्र एल जाराकिहोली, पंजाब दुग्ध महासंघ से नरिंदर सिंह शेरगिल और पश्चिमी असम दुग्ध महासंघ से समीर कुमार परीदा शामिल हैं।

# भारत और सिंगापुर के बीच व्यापार 18.2% बढ़कर 35.6 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी जानकारी



सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है। भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी।

उच्चायोग में प्रथम सचिव (वाणिज्य) टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (2022-23) है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह सिंगापुर में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच व्यापार में 2022-23 के दौरान 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। उन्होंने बताया कि 2022-23 में सिंगापुर से हमारा आयात 23.6 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो सालाना आधार पर 24.4 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह सिंगापुर को भारत का निर्यात सालाना आधार पर 7.6 अरब डॉलर से बढ़कर 12 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,200-54,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,100 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 78,500 |
| चांदी तैयार | 78,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,700 |
| चांदी पक्की | 783 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,700 |
| चांदी आभूषण | 79,100। |

# 98 प्रतिशत से ज्यादा पायलटों ने नए अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

- विस्तारा एयरलाइन के सीईओ विनोद कन्नन ने दी जानकारी

विमानन कंपनी विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने शनिवार को कहा कि 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और इस महीने का परिचालन सप्ताहांत तक स्थिर होने की उम्मीद है। चालक दल की कमी के कारण इस सप्ताह की शुरुआत में एयरलाइंस को परिचालन में भारी व्यवधान का सामना करना पड़ा और कई उड़ानें रद करनी पड़ीं।

कन्नन ने कहा कि हालात में सुधार हुआ है और इस सप्ताहांत तक अप्रैल, 2024 के बाकी दिनों के लिए परिचालन स्थिर हो जाएगा। पायलटों के लिए नए अनुबंध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पायलटों के मन में अनुबंध को लेकर कुछ चिंताएं और सवाल हैं। कहा कि एयरलाइन चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बातचीत कर रही है और 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। विस्तारा में लगभग 1,000 पायलट हैं। इससे पहले सूत्रों ने कहा था कि पायलटों के एक वर्ग ने नए अनुबंध के बारे में चिंता जताई है।

### विप्रो के सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो ने शनिवार को कहा कि उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थिएरी डेलापोर्टे ने इस्तीफा दे दिया है।

कंपनी ने बताया कि उनके स्थान पर श्रीनिवास पल्लिया को नया सीईओ बनाया गया है। उनकी नियुक्ति सात अप्रैल से पांच वर्षों के लिए प्रभावी है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि विप्रो के बोर्ड ने छह अप्रैल, 2024 को डेलापोर्टे के इस्तीफे पर विचार किया और उन्हें 31 मई, 2024 को कंपनी के कामकाज से पूरी तरह से मुक्त कर दिया जाएगा।

# पनबिजली क्षमता 2031-32 तक 50% तक बढ़ जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- विद्युत मंत्रालय ने दावा करते हुए की भविष्यवाणी



वर्तमान में निर्माणाधीन 15 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ, देश अपनी पनबिजली क्षमता में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। यह वर्तमान के 42 गीगावॉट से बढ़कर 2031-32 तक प्रभावशाली तरीके से 67 गीगावॉट हो जाएगा, यानी इसमें 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी।

भारत अपने ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के शिखर पर है, क्योंकि विद्युत मंत्रालय ने पनबिजली परियोजनाओं की प्रगति की घोषणा की है, जो देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को काफी हद तक बढ़ाने के लिए तैयार हैं। विद्युत मंत्रालय के अनुसार, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुकूल मानसून की भविष्यवाणी की है, जिससे जलाशय के स्तर में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है।

विशेष रूप से महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र में बर्फ पिघलने से भी मदद मिलेगी। यह जलविद्युत परियोजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करता है। नतीजतन, तापमान में किसी भी वृद्धि के कारण बर्फ पिघलने में वृद्धि इन परियोजनाओं की क्षमता को और मजबूत करेगी। पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पीएसपी), जिन्हें अक्सर वाटर बैटरी कहा जाता है, देश के ऊर्जा संचरण के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। ग्रिड को अधिक जड़ता और संतुलन शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से ये परियोजनाएं वर्तमान में 2.7 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ निर्माणाधीन हैं, जबकि अतिरिक्त 50 गीगावॉट विकास के विभिन्न चरणों में है।

